e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
वर्ष 11, अंक 285
हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

रविवार
20.10.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
किरण चाहे सूर्य की हो या फिर आशा की, जीवन के सभी अंधकार मिटा देती है!

## क्विक न्यूज

### जापान में सत्तारूढ़ एलडीपी के मुख्यालय पर पेट्रोल बम फेंके गए

**टोक्यो :** जापान की राजधानी टोक्यो में सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के मुख्यालय पर शनिवार सुबह पेट्रोल बम फेंकने के आरोप एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। जापान टुडे अखबार ने सार्वजनिक प्रसारक एनएचके के हवाले से यह जानकारी दी। खबर के अनुसार, इस व्यक्ति ने अपनी कार से दंगा निरोधी पुलिस वाहन को टक्कर मार दी। इससे आग लग गई। आग को जल्द ही बुझा लिया गया। इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। इस व्यक्ति ने अपनी कार को प्रधानमंत्री कार्यालय के मैदान में ले जाने की कोशिश की, लेकिन बाड़ के कारण सफल नहीं हो सका। इसके बाद उसने एक धुआं बम फेंकने की कोशिश की। वहां मौजूद पुलिस अधिकारियों ने उसे हिरासत में ले लिया।

### मुख्यमंत्री ममता ने सुंदरबन की महिलाओं की सफलता पर जताई खुशी

**कोलकाता :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सुंदरबन की महिलाओं द्वारा संचालित सुंदरिनी दुग्ध सहकारी समिति की सफलता पर खुशी व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने शनिवार को ट्वीट कर कहा है कि सुंदरिनी और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) ने पेरिस, फ्रांस में हुए तीसरे आईडीएफ डेयरी इनोवेशन अवॉर्ड्स में नवाचार और सतत कृषि पद्धतियों के लिए एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार जीता है। यह पुरस्कार कल यानी शुक्रवार को दिया गया, जिसमें दुनियाभर से 153 प्रविष्टियों में से सुंदरिनी को विजेता घोषित किया गया।सुंदरिनी, जो पशु संसाधन विकास विभाग के अंतर्गत आता है, दक्षिण 24 परगना जिले की 4,500 महिला किसानों का एक दुग्ध सहकारी संघ है।

### मुबारक गुल ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर के रूप में ली शपथ

**श्रीनगर :** नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता और विधान सभा सदस्य मुबारक गुल ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर के रूप में शपथ ली।मुबारक गुल को जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने श्रीनगर में शपथ दिलाई। नए अध्यक्ष के लिए चुनाव होने तक वह प्रोटेम स्पीकर के रूप में बने रहेंगे। शुक्रवार को उपराज्यपाल ने जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 24 के अनुसरण में गुल को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया था।

### प्रदूषण में देशभर में नंबर एक पर कैथल, सुप्रीम कोर्ट ने डीसी को किया तलब

**कैथल :** कैथल जिला प्रदूषण के मामले में देशभर में नंबर एक पर पहुंच गया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर स्वयं संज्ञान लेते हुए कैथल डीसी को नोटिस जारी कर आगमी 23 अक्टूबर को जबाव देने को कहा है। हरियाणा में पराली अवशेष जलाने के मामले में जहां कैथल जिला प्रदेश में नंबर एक पर है, तो वहीं यहां की हवा भी देश में सबसे खराब बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार जिले में अब तक पराली जलाने के 117 मामले सामने आ चुके हैं। जिसकी वजह से शहर की हवा भी बहुत खराब हो चुकी है।

### महाराष्ट्र भाजपा उम्मीदवारों की सूची जल्द जारी की जाएगी - देवेंद्र फडणवीस

**मुंबई :** उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को बताया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवारों की सूची बहुत जल्द जारी की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि महाराष्ट्र में एनडीए के समर्थक दलों में उम्मीदवारों को तय करने का काम चल रहा है। सभी सहयोगी दल अपने उम्मीदवारों की सुची अलग-अलग जारी करेंगे।देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि भाजपा में उम्मीदवारों की चयन प्रक्रिया को केंद्रीय बोर्ड अंतिम निर्णय देकर तय करता है। इसके बाद इसी पद्धति के अनुसार हमारी सूची की घोषणा की जाएगी। देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि एनडीए गठबंधन में सीट बंटवारे पर चर्चा अंतिम चरण में है। कल भी हमारी सकारात्मक चर्चा हुई थी। आधी से ज्यादा सीटों की समस्या का समाधान हो चुका है।

**रांची का तापमान**
अधिकतम 27°
न्युनतम 20°

**इंडिया गठबंधन में शामिल मुख्य घटक जेएमएम व कांग्रेस ने आपस में बांट ली सीट**

# 70 सीटों पर लड़ेंगे झामुमो व कांग्रेस

**मुख्यमंत्री और झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने विधानसभा की 70 सीटों पर झामुमो-कांग्रेस के उम्मीदवार खड़ा करने की घोषणा की. इस दौरान उन्होंने कहा कि बाकी की सीट के लिए अन्य सहयोगी दलों के साथ बात होगी, लेकिन यह तय हो गया है कि 70 सीटों पर कांग्रेस और झामुमो के उम्मीदवार होंगे.**

प्रभात मंत्र संवाददाता
**रांची:** झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस के नेताओं ने 81 सीट में से 70 विधानसभा सीट आपस में बांट ली. कांके स्थित मुख्यमंत्री आवास पर संवाददाता सम्मेलन बुलाकर मुख्यमंत्री और झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने विधानसभा की 70 सीटों पर झामुमो-कांग्रेस के उम्मीदवार खड़ा करने की घोषणा की. इस दौरान उन्होंने कहा कि बाकी की सीट के लिए अन्य सहयोगी दलों के साथ बात होगी, लेकिन यह तय हो गया है कि 70 सीटों पर कांग्रेस और झामुमो के उम्मीदवार होंगे. मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने कहा कि इन 70 विधानसभा सीटों में से झारखंड मुक्ति मोर्चा कितने सीटों पर चुनाव लड़ेगा और कांग्रेस के कोटे में कितनी सीटें आएगी, इसकी घोषणा जल्द ही की जाएगी. इस मौके पर कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, कांग्रेस विधायक दल के नेता रामेश्वर उरांव, झामुमो विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर उपस्थित थे. राजद और माले का कोई भी नेता उपस्थित नहीं था. बता दें कि 2019 झारखंड विधानसभा चुनाव में महागठबंधन में कांग्रेस, झामुमो और राजद शामिल थे. इसमें झारखंड मुक्ति मोर्चा को 43, कांग्रेस को 31 और राष्ट्रीय जनता दल को 07 सीटें मिली थीं.

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संवाददाता सम्मेलन कर किया सीटों की संख्या का ऐलान

**सीट शेयरिंग में हर पहलू पर रखा गया है ध्यान : हेमंत**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को कहा कि इंडिया ब्लॉक आगामी विधानसभा चुनाव एक साथ लड़ेगा और कांग्रेस और जेएमएम 81 में से 70 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेंगे। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी सीट बंटवारे को लेकर चर्चा के लिए रांची पहुंच चुके हैं।मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को रांची स्थित अपने सरकारी आवास पर गठबंधन का एलान किया। सोरेन ने इंडिया गठबंधन की बैठक के बाद कहा, इंडिया ब्लॉक झारखंड विधानसभा चुनाव एक साथ लड़ेगा। सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत के दौरान यह निर्णय लिया गया है कि कांग्रेस और जेएमएम 81 में से 70 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेंगे। जेएमएम और कांग्रेस कितने सीटों पर चुनाव लड़ेगी, इसका खुलासा अभी मुख्यमंत्री ने नहीं किया।उन्होंने आगे कहा कि शेष 11 सीटों के लिए गठबंधन सहयोगियों आरजेडी और वाम दलों के साथ सीट बंटवारे को लेकर बातचीत चल रही है।सीएम सोरेन ने बताया कि राजद और सीपीआई(एल) से बातचीत के बाद स्थिति साफ हो जाएगी कि, कांग्रेस और जेएमएम किन-किन सीटों पर चुनाव लड़ेगी। बता दें राज्य में विधानसभा चुनाव 13 और 20 नवंबर को दो चरणों में होंगे और मतगणना 23 नवंबर को होगी।



**जल्द ही उम्मीदवारों के नामों का होगा ऐलानः मीर**
प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि सीट शेयरिंग लगभग फाइनल है. पार्टी उम्मीदवारों का नाम फाइनल करने में जुटी है. जल्द ही इसका ऐलान कर दिया जाएगा.

## सीट शेयरिंग के मौके पर नहीं बुलाए जाने पर नाराज हुआ राजद

राष्ट्रीय जनता दल

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा अपने आवास पर इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग की घोषणा होते ही राजद गुस्से में लाल हो गया.राजद के राज्यसभा सांसद मनोज झा ने खुलकर कह दिया कि पार्टी को यह फॉर्मूला स्वीकार नहीं है. यह एकतरफा फैसला है. यह घोषणा राजद की ऐतिहासिक ताकत के अनुरूप नहीं है.
उन्होंने आग्रह किया कि झारखंड में राजद के प्रेजेंस के अनुरूप फैसला होना चाहिए.मनोज झा ने इस बात पर गहरी आपत्ति जतायी कि राजद के नेता तेजस्वी यादव समेत कई बड़े नेता रांची में मौजूद हैं. इसके बावजूद गठबंधन के बनावट की प्रक्रिया में राजद से बातचीत नहीं की गई. खास बात है कि राजद की नाराजगी सामने आते ही खुद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राजद नेता तेजस्वी यादव से मिलने होटल रेडिशन ब्लू पहुंच गये. जानकारी मिली है कि राजद सुप्रीमो लालू यादव से फोन पर बातचीत के बाद ही मनोज झा ने मीडिया के सामने खुलकर अपनी नाराजगी जाहिर की है.राजद नेता मनोज झा ने स्पष्ट कह दिया कि झारखंड में 15 से 18 सीटें ऐसी हैं,जहां भाजपा को अकेले परास्त करने में राजद सक्षम है. इन बातों से झारखंड के नेताओं ने तेजस्वी यादव को अवगत करा दिया है. इतने बड़े फैसले को मैगी टू मिनट नूडल्स की तरह नहीं लिया जा सकता. उनसे पूछा गया कि ऐसी स्थिति में क्या राजद अकेला चुनाव लड़ना चाहेगा. जवाब में उन्होंने कहा कि तमाम विकल्प खुले हुए हैं. पार्टी अपने कार्यकर्ताओं की मनोभावना को दरकिनार कर नहीं चल सकती. फिलहाल, नाराजगी जाहिर की गई है.

## भाजपा ने जारी की 66 प्रत्याशियों की सूची

प्रभात मंत्र संवाददाता
**रांची :** झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने पहली लिस्ट जारी कर दी है. भाजपा की पहली लिस्ट में 66 उम्मीदवारों के नाम जारी है.
वहीं पहली लिस्ट जो जारी हुई है, उसमें कई दिग्गजों के नाम हैं. भाजपा ने सीता सोरेन,चंपाई सोरेन और उनके बेटे बाबूलाल सोरेन पर पार्टी ने विश्वास जताते हुए टिकट दिया है. बता दें कि विगत चार दिनों से टिकट को लेकर सोशल मीडिया में कई तरह के बयान आ रहे थे।

**इन प्रत्याशियों को मिला टिकट**

राजमहल- अनंत ओझा
बोरियो- लोबिन हेंब्रम
लिट्टीपाड़ा-बाबूधान मुंर्मू
महेशपुर- नवनीत हेंब्रम
शिकारीपाड़ा- परितोष सोरेन
नाला- माधवचंद्र महतो
जामताड़ा- सीता सोरेन
दुमका- सुनील सोरेन
जामा- सुरेश मुर्मू
जरमुंडी-देवेंद्र कुंवर
मधुपुर- गंगानारायण सिंह
सारठ- रंधीर सिंह
देवघर-नारायण दास
पौड़ैयाहाट- दवेंद्रनाथ सिंह
गोड्डा- अमित मंडल
महगामा-अशोक भगत
कोडरमा-नीरा यादव
बरकट्ठा-अमित यादव
बरही-मनोज यादव
बड़कागांव- रोशन लाल चौधरी
सिमरिया- उज्जवल दास
हजारीबाग- प्रदीप प्रसाद
बगोदर-नागेंद्र महतो
जमुआ- मंजू देवी
गांडेय- मुनिया देवी
गिरिडीह- निर्भय शाहाबादी
बेरमो- रवींद्र पांडेय
बोकारो- विरंची नारायण
चंदनक्यारी-अमर बाउरी
सिंदरी-तारा देवी
निरसा-अर्पणा सेन गुप्ता
धनबाद- राज सिन्हा
झरिया-रागिनी सिंह
बाघमारा- शत्रुध्न महतो
बहरागोड़ा- दिनेशानंद गोस्वामी
घाटशिला- बाबूलाल सोरेन
पोटका- मीरा मुंडा




जमशेदपुर पूर्वी- पूर्णिमा दास
सरायकेला- चंपाई सोरेन
चाईबासा- गीता बलमुचू
मझगांव- बड़कुंवर गगरई
जगन्नाथपुर-गीता कोड़ा
चक्रधरपुर-शशिभूषण समड
खरसांवा- सोनाराम बोदरा
तोरपा- कोचे मुंडा
खूंटी-नीलकंठ सिंह मुंडा
खिजरी-रामकुमार पाहन
धनवार- बाबूलाल मरांडी
रांची- सीपी सिंह
हटिया-नवीन जायसवाल
कांके-जीतू चरण राम
मांडर- सन्नी टोप्पो
सिसई-अरूण उरांव
गुमला- सुदर्शन भगत
विशुनपुर- समीर उरांव
सिमडेगा- श्रद्धानंद बेसरा
कोलेबिरा- सुजान जोजो
मनिका- हरेकृष्ण सिंह
लातेहार-प्रकाश राम
पांकी- शशिभूषण मेहता
डाल्टनगंज- आलोक चौरसिया
विश्रामपुर- रामचंद्र चंद्रवंशी
छत्तरपुर- पुष्पा भुईया
हुसैनाबाद- कमलेश सिंह
गढ़वा- सत्येंद्र तिवारी

## जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने के प्रस्ताव को एलजी ने किया मंजूर



एजेंसी
**नई दिल्ली :** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के मंत्रिमंडल के उस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी, जिसमें केंद्र सरकार से राज्य का दर्ज बहाल करने का अनुरोध किया गया है.आधिकारिक सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि गुरुवार को उमर अब्दुल्ला की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में राज्य का मूल दर्जा बहाल कराने के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई.अधिकारी ने कहा कि राज्य का दर्जा बहाल करना सुधार प्रक्रिया की एक शुरुआत होगी, जिससे संवैधानिक अधिकार पुनः बहाल होंगे तथा जम्मू-कश्मीर के लोगों की पहचान की रक्षा होगी. उन्होंने कहा कि कैबिनेट ने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को राज्य का दर्जा बहाल कराने के लिए पीएम नरेन्द्र मोदी और भारत सरकार के समक्ष मामला उठाने के लिए अधिकृत किया है.सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि जम्मू-कश्मीर की विशिष्ट पहचान और लोगों के संवैधानिक अधिकारों की सुरक्षा नवनिर्वाचित सरकार की नीति का आधार है. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री इस संबंध में प्रधानमंत्री और केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात करने के लिए आने वाले दिनों में नई दिल्ली जाएंगे.

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने पोस्टल बैलेट सेल के पदाधिकारियों के साथ की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता
**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि पोस्टल बैलेट से मतदान करने हेतु फॉर्म 12 एवं 12डी मतदाताओं द्वारा भरा जाना है। इसकी सूची तैयार करते समय इस बात पर अवश्य ध्यान दें कि आवश्यक सेवाओं से जुड़े कर्मियों, अबसेंटी वोटर, फिजिकली डिसेबल्ड एवं सीनियर सिटीजन के द्वारा फॉर्म 12डी भरा जाना है।
वहीं जिन मतदाताओं का निर्वाचन कार्य में ड्यूटी लगी है, वैसे मतदाताओं को फॉर्म 12 भरना है। वह आज सभी जिले के जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं पोस्टल बैलेट सेल के पदाधिकारियों के साथ निर्वाचन सदन में ऑनलाइन माध्यम से समीक्षा बैठक कर रहे थे।श्री कुमार ने कहा कि 20 अक्टूबर को मुख्यालय स्तर पर सभी जिले के पोस्टल बैलेट सेल की पहली बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में अपने जिले में प्राप्त वैसे सभी फॉर्म, जो अन्य जिलों से संबंधित हैं, उसे बैठक में संबंधित जिलों को उपलब्ध करा दें। उन्होंने कहा कि पोस्टल बैलेट से मतदान कराने हेतु सभी कार्यों के लिए कैलेंडर तैयार है। उसके अनुपालन के साथ पोस्टल बैलेट से मतदान का कार्य कराना सुनिश्चित करें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि पोस्टल बैलेट से मतदान करने की अर्हता रखने वाले एक भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहें, इसे लेकर ससमय आवंटित कार्यों का निष्पादन करें।
उन्होंने बताया कि आवश्यक सेवा से सम्बन्धित कुल 16 सेवाएं चिह्नित हैं। उसमें रेलवे परिवहन सेवा, वैसे मीडियाकर्मी जिन्हें मतदान दिवस की गतिविधियों को कवर करने के लिए आयोग की मंजूरी से प्राधिकार पत्र जारी किए गए हैं, बिजली विभाग, बीएसएनएल, डाक और टेलीग्राम, दूरदर्शन के लोग शामिल हैं। इन्हें ससमय फॉर्म 12 डी उपलब्ध करा दें, ताकि वे ससमय अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकें।

## छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के आईईडी विस्फोट से 2 जवान शहीद



एजेंसी
**नारायणपुर :** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में शनिवार को आईईडी विस्फोट की चपेट में आने से आईटीबीपी 53 बटालियन के दो जवानों का बलिदान हो गया। जबकि नारायणपुर जिला पुलिस के दो जवान घायल हो गए हैं। बताया गया कि अबूझमाड़ इलाके के ओरछा, मोहंदी एवं ईरकभट्टी से आईटीबीपी, बीएसएफ एवं डीआरजी की संयुक्त पार्टी अपने अभियान के लिए धुरबेड़ा की ओर रवाना हुई थी। आज दोपहर संयुक्त टीम के अभियान से वापसी के दौरान करीब 12 बजे के मध्य ग्राम कोडलियर के समीप जंगल में आईईडी विस्फोट की चपेट में आने से आईटीबीपी 53 बटालियन के दो जवान 36 वर्षीय अमर पनवार निवासी महाराष्ट्र और 36 वर्षीय के. राजेश निवासी कडप्पा, आंध्र प्रदेश बलिदानी हो गये जबकि नारायणपुर जिला पुलिस के दो जवान घायल हुए हैं। नारायणपुर जिला पुलिस के घायल दोनों जवानों की हालत सामान्य है। इन जवानों को तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान की गई है। उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस हमले के बाद सुरक्षा बलों ने इलाके में सर्च ऑपरेशन बढ़ा दिया है और नक्सलियों की खोजबीन शुरू कर दी है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने आईईडी विस्फोट की पुष्टि करते हुए बताया कि आईटीबीपी 53 बटालियन के 2 जवानों का बलिदान हो गया है जबकि नारायणपुर पुलिस के 2 जवान घायल हो गये हैं, घायल जवानों की हालत सामान्य है। इन घायल जवानों के संबध में बाद में जानकारी देने की बात कही है।

## लड़ाई संविधान व मनुस्मृति के बीच : राहुल गांधी

प्रभात मंत्र संवाददाता
**रांची :** भारतीय संविधान पर सिर्फ नेंद्र मोदी नहीं बल्कि अलग-अलग शक्तियां हमला कर रही है। उद्देश्य इन सब का एक ही है कि हमारा संविधान खत्म हो जाए या फिर संविधान को खोखला कर दिया जाए। उक्त बातें भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य और सांसद राहुल गांधी ने रांची में समाज समस्या समाधान और संविधान के विषय पर आयोजित संविधान सम्मान सम्मेलन समानता का अधिकार के दौरान डोरंडा जैप वन के शौर्य सभागार में विभिन्न सामाजिक संगठनों से आए बुद्धिजीवी, शिक्षाविद,कानूनविद, कला प्रेमी, साहित्यकार, चिंतक व शोधकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। राहुल गांधी ने स्पष्ट कहा कि संविधान को बचाना है तो इसके लिए हम सभी को मिलकर आगे आना होगा। सांसद राहुल गांधी ने सभा की ओर मुखातिब होते हुए पूछा कि संविधान किन की सोच है ? राहुल ने बताया कि संविधान भगवान बिरसा मुंडा, डॉ भीमराव अंबेडकर, महावीर, गुरुनानक देव, गौतम बुद्ध, महात्मा गांधी, नारायण गुरु व बासवा की सोच का संविधान है। इसके विरोध में कौन सी किताब है? राहुल गांधी ने बताया कि हमारे संविधान के विरोध में मनुस्मृति की किताब है। संविधान और मनुस्मृति के बीच लड़ाई चल रही है। हमें संविधान के साथ चलना और रहना है। संविधान के विचार के साथ आगे बढ़ना है। तभी देश मजबूत होगा। राहुल गांधी ने दावा किया है कि हम अगर सरकार में आते हैं तो जाति जनगणना करायेंगे और जाति जनगणना होने से कोई रोक नहीं सकता है। 50 प्रतिशत की जो दीवारें हैं वह दीवारें हम गिरा कर रहेंगे। कार्यक्रम में राहुल गांधी ने परिचर्चा में शामिल एवं आंदोलनकारी अमानत अली को गम्छा ओढ़ाकर सम्मानित किया।



## अजय कुमार सिंह बने झारखंड के नए डीजीपी



प्रभात मंत्र संवाददाता
**रांची:** 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी अजय सिंह ने झारखंड के 15वें डीजीपी का पदभार ग्रहण कर लिया है. अजय कुमार सिंह दूसरी बार झारखंड के डीजीपी बनाए गए हैं. चुनाव आयोग ने तत्कालीन डीजीपी अनुराग गुप्ता को उनके पद से हटाने के निर्देश दिया था. राज्य सरकार ने चुनाव आयोग के निर्देश पर तत्कालीन डीजीपी अनुराग गुप्ता को उनके पद से हटाते हुए अजय कुमार सिंह को दोबारा राज्य का डीजीपी बना दिया है. डीजीपी के पद पर योगदान देने से पूर्व वे पुलिस हाउसिंग के एमडी सह डीजी एसीबी भी थे. अजय कुमार सिंह राज्य में एडीजी रैंक में सीआईडी, स्पेशल ब्रांच, रेल में सेवाएं दे चुके हैं. वहीं वह हजारीबाग, धनबाद समेत कई जिलों में बतौर एसपी भी सेवाएं दे चुके हैं.

असर्फी हॉस्पिटल,धनबाद
General Medicine
• Fever and Sepsis
• Blood Pressure
• Diabetes Management
• Thyroid Management
Dr. Pankaj
General Medicine / Physician
MBBS, DNB (Medicine)
Dr. Sumeet kumar
General Medicine / Physician
MD MEDICINE (MGMMC, INDORE)
O.P.D
Monday to Saturday
10 AM to 2 PM
7808368888 www.asarfihospital.com
Baramuri, P.O.: Bishunpur Polytechnic, Dhanbad 828130

## संक्षिप्त खबरें

### 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप ट्रायल हुआ संपन्न

**रांची।** 04 से 15 नवम्बर 2024 तक चेन्नई, तमिलनाडु में आयोजित 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2024, में झारखण्ड हॉकी टीम के भागीदारी हेतु झारखंड के हॉकी खिलाड़ियों का चयन ट्रायल मरांग गोमके जयपाल सिंह अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम मोराबादी, राँची में आयोजित हुई। इस चयन ट्रायल में झारखंड के विभिन्न जिला से 70 खिलाड़ी भाग लिए। इस चयन ट्रायल में 25 खिलाड़ी चयनित किए गए है, जिनका विशेष प्रशिक्षण के उपरांत बेहतर 18 खिलाड़ियों को झारखंड टीम से खेलने का अवसर प्राप्त होगा। चयन ट्रायल में मुख्य रूप हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह, असरिता लकड़ा, दसरथ महतो,जी सुधीर इत्यादि उपस्थित थे।

### रंगदारी मांगने के आरोपित की जमानत याचिका खारिज

**रांची :** पीएलएफआई संगठन के नाम पर व्हाट्सएप पर व्यवसायी वीरेंद्र प्रसाद साहू से 50 लाख रुपए की रंगदारी मांगने के मामले में जेल में बंद आरोपित सुभान खान की जमानत याचिका अदालत ने खारिज कर दी है। शनिवार को अपर न्यायायुक्त योगेश कुमार सिंह की अदालत ने जमानत याचिका पर सुनवाई के बाद उसे खारिज कर दिया। आरोपित को अरगोड़ा पुलिस ने मामले में 10 सितंबर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। तब से वह जेल में ही है। आरोपित पर अरगोड़ा बस्ती निवासी वीरेंद्र साहू के मोबाइल पर व्हाट्सएप कर 50 लाख रुपए की रंगदारी मांगने का आरोप है। मामले को लेकर उसने अरगोड़ा थाना में 28 अगस्त 2024 को प्राथमिकी दर्ज कराई है।

# जारी रहेगा संविधान बचाने का युद्ध : राहुल गांधी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रांची में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि कहा कि बाबा अंबेडकर ने कहा एजुकेट बनो, इसका मतलब यह नहीं है कि आप सिर्फ पढ़े लिखे हो बल्कि आपको अपने हक अधिकार अपने समाज अपने पिछड़ों के अधिकारों के जानकारी होनी चाहिए,उनके अधिकार के लिए लड़ना होगा, तभी आप एजुकेटेड हैं। राहुल ने आदिवासी, वनवासी के बीच के अंतर को बताया, उन्होंने बताया कि जो पहले आया वह आदिवासी हैं और जो वनों की रक्षा करता है जंगलों की रक्षा करते हैं वे इसके मालिक हैं वह वनवासी कहलाते हैं। वहीं उन्होंने कहा कि आज देश में जिसकी सबसे अधिक आबादी है, जिसे हम अदर बैकवर्ड क्लास कहते हैं ओबीसी के नाम से जानते हैं , लेकिन जरा सोचिए इनकी संख्या देश के विभिन्न संस्थाओं में कितनी है ? चाहे वह ब्यूरोक्रेसी हो, मीडिया हाउस, शैक्षणिक संस्थाएं,सचिव की संख्या हो इन सब में दलित, पिछड़े , आदिवासी की संख्या कम है। यहां तक की मीडिया हाउस में भी इनकी संख्या नहीं मिलती है। अगर कहीं मीडिया हाउस में आदिवासी,दलित,ओबीसी इसके मालिक हैं तो हमें बताएं। उन्होंने आगे कहा कि मोदी सरकार आदिवासी, दलित की बात करते हैं, लेकिन जब पार्लियामेंट का उद्घाटन की बात आती है तो हमारे आदिवासी राष्ट्रपति को उद्घाटन में नहीं बुलाया जाता है। राम मंदिर का निर्माण होता है इसका उद्घाटन में आदिवासी राष्ट्रपति नहीं आ सकती हैं।अंबानी-अंदानी को बुलाया जा सकता है। ये है हमारे संविधान पर हमला कि हमारे आदिवासी राष्ट्रपति को नहीं बुलाते हैं तो इस सोच को बदलना होगा। वे लोग पिछड़ों ,आदिवासियों के सम्मान की बात करते हैं। लेकिन उसके पावर को छीन लेना चाहते हैं। सम्मान देते हैं, लेकिन संविधान को खोखला करने की बात करते हैं। हमने संविधान की बात की, हमने संविधान को अपने साथ लेकर लड़ाई लड़ी और इसी सच्चाई के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। आगे भी लड़ाई जारी रहेगी। अब नरेंद्र मोदी के चेहरे पर मुस्कान नहीं हैं। राहुल ने आगे कहा कि युद्ध शुरू हो गया है और यह युद्ध संविधान बचाने की युद्ध है और जारी रहेगा। वहीं उन्होंने जीएसटी पर भी हमला किया और कहा कि सबसे अधिक जीएसटी पिछड़े ,दलित, ओबीसी देते हैं।

परिचर्चा में इबरार ने शिक्षा और संस्कृति



बचाने की बात रखी

वहीं राहुल गांधी के आने से पहले विभिन्न सामाजिक संगठनों, बुद्धिजीवियों, दानिश्वर,शिक्षाविद और उनके समाज कि आर्थिक ,शैक्षणिक, स्थिति क्या है? इस पर परिचर्चा आयोजित की गई थी। एसटी, एससी, ओबीसी, दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यकों पर चर्चा की गई।

अल्पसंख्यकों पर अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू, सुन्नी वक्फ बोर्ड के सदस्य इबरार अहमद, शहरोज कमर, फादर नाबोर्ड लकड़ा , फ्रेंक कुजूर मुख्तार ने विचार रखें । वहीं इबरार अहमद ने अपने काम संबोधन में झारखंड के अल्पसंख्यक मुसलमानों के आर्थिक,शैक्षणिक और उनकी ,समस्याओं के साथ-साथ देश में मुसलमानों का वर्तमान हालत क्या है और देश दुनिया में मुसलमान के साथ किस तरह से जुल्म हो रहे हैं इस पर गहराई के साथ विचार रखें।

आदिवासी समाज और जल जंगल जमीन और पत्थलगढ़ी पर दयामनी बारला, डॉक्टर अभय मिंज, माधुरी खलखो, वॉल्टर कांडुलना, थियोड किड़ो ने संबोधित किया। तो वही दूसरे सेशन में अली अनवर , छोटेलाल महतो, सरिता प्रजापति, राजेश गुप्ता, विनय भारत ,केदार पासवान ने ओबीसी पर अपने विचार रखें। तीसरे सेशन पर मनोज पासवान, पंकज कुमार आदर्श , केदार पासवान , डॉक्टर प्रसाद, जयप्रकाश ,सुभाष वाल्मीकि , सुरेंद्र राम , एम एन दास, शांति प्रिया ,अरुण राम ने एससी समाज के जानकारी दिये। इस कार्यक्रम में आंदोलन कारी आमानत अली, पद्मश्री मुकुंद नायक ने अपने गायन से कलाकारों के दर्द को बयां किया । इसके अलावा सुभाषनी ने कविता पढ़ी । आरपी रंजन, बुधराम मुंडा, अनिल जैन , आलोक दुबे, राजेश छोटू , किशोर नाथ शाहदेव उपस्थित थे । वहीं कांग्रेस के कई सांसद विधायक मुख्य रूप से सुखदेव भगत, पूर्व सांसद सुबोध कांत सहाय, मंत्री डॉ इरफान अंसारी, दीपिका पांडे, शिल्पी नेहा तिर्की, बादल पत्र लेख, पूर्णिमा नीरज सिंह,अंबा प्रसाद, यशविशनी सहाय, दीपू सिन्हा , फिरोज मुन्ना, कुमार राजा, प्रिंस बट्,उज्जवल तिवारी के अलावा विभिन्न संगठनों से झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैशी से गुलाम जावेद, गुलाम गौस पप्पू, परवेज कुरैशी, बबलू ,बारीक, मासूक कुरैशी, मंसूर कुरैशी, जाकीर सहित सैंकड़ों लोग शामिल थे।

## हेमंत सरकार में रोटी, माटी और बेटी असुरक्षित : वनाथी

**रांची :** भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वनाथी श्रीनिवासन ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार के कार्यकाल में महिलाएं असुरक्षित, बेबस और खतरे में हैं। इस सरकार में महिलाओं के साथ दुष्कर्म, दुराचार, अपराध आम बात हो गई है। ठगबंधन की निठल्ली सरकार ने आधी आबादी को इन पांच सालों में सिर्फ ठगने का कार्य किया है। हेमंत सरकार में रोटी, माटी और बेटी असुरक्षित हैं। वनाथी ने महिला मोर्चा की कार्यसमिति की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि झारखंड में महिला मोर्चा बहुत ही सशक्त है। झारखंड की झूठ और ठगबन्धन की सरकार के झारखंड को बर्बाद करने के भ्रष्ट इरादों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगी। उन्होंने कहा कि महिलाएं राजनीति में रुचि ले रही हैं, ये अच्छा संकेत है। ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को आगे आना है और जनहित में भाजपा की सरकार लाने की काम करना है।

## आईजी ने चेकपोस्ट का किया निरीक्षण, दिये कई निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर पुलिस अलर्ट मोड में है।

इसी क्रम में शनिवार को रांची जोनल आईजी अखिलेश झा ने अंतरराज्जीय चेकनाका का निरीक्षण किया। इस दौरान चेकनाका में तैनात मजिस्ट्रेट, पदाधिकारी और जवानों को सख्ती से वाहनों की जांच करने का आदेश दिया है। वहीं, किसी भी संदिग्ध वाहन को अविलम्ब हिरासत में लेते हुए पुलिस कंट्रोल रुम को सूचना देने का आदेश दिया है।

## दीपावली और छठ से पहले बिहार और झारखंड को मिली नई ट्रेन की सौगात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** दीपावली और छठ महापर्व से पहले भारतीय रेलवे ने झारखंड और उत्तर प्रदेश को बड़ी सौगात दी है। इसका फायदा बिहार के यात्रियों को भी मिलेगा। पर्व-त्योहारों के सीजन में बिहार और झारखंड की ट्रेनों में होने वाली भीड़ में भी कमी आएगी। रेलवे ने इस ट्रेन के टाइम-टेबल और उसके स्टॉपेज की डिटेल शेयर कर दी है। भारतीय रेलवे ने कहा है कि राजधानी रांची से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के चुनाव क्षेत्र गोरखपुर के बीच चलने वाली ट्रेन का नाम रांची-गोरखपुर-रांची एक्सप्रेस होगा। नई साप्ताहिक ट्रेन (18629-18630 रांची-गोरखपुर-रांची



एक्सप्रेस) एक नवंबर से नियमित रूप से चलेगी। ट्रेन संख्या 18629 रांची-गोरखपुर ट्रेन 1 नवंबर से प्रत्येक शुक्रवार को शाम 4-50 बजे रांची से रवाना होगी और अगले दिन सुबह 11-30 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 18630 गोरखपुर-रांची एक्सप्रेस दो नवंबर से प्रत्येक शनिवार को दोपहर 3-30 बजे गोरखपुर से रवाना होगी और अगले दिन यानी रविवार को सुबह 9-25 बजे रांची पहुंचेगी।

**इन स्टेशनों पर रुकेगी ट्रेन**

यह ट्रेन मुरी, बोकारो, चंद्रपुरा, धनबाद, चितरंजन, जामताड़ा, मधुपुर, जसीडीह पर ठहरेगी।

## प्रेस कॉन्फ्रेंस से तेजस्वी यादव ने बनाया दूरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर शनिवार को झामुमो-कांग्रेस , राजद और वामदल के बीच सीटों का बंटवारा हुआ। झामुमो- कांग्रेस , 70, राजद एक,वाम दल एक पर बात हुई । लेकिन कुछ घंटे बाद ही राजद खेमे से सुगबुगाहट आने लगी कि झामुमो- कांग्रेस ,70 सीटों पर सीट शेयरिंग हुई है। लेकिन राष्ट्रीय जनता दल ने शीट शेयरिंग की घोषणा के वक्त राजद के प्रमुख नेता व बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को प्रेस कॉन्फ्रेंस में नहीं बुलाने पर आपत्ति जतायी है। राजद नेता व राज्यसभा सांसद मनोज झा ने पत्रकारों से कहा कि मैंने तो



इंडिया गठबंधन के सीट शेयरिंग को लेकर कांग्रेस और झामुमो के रवैये पर अफसोस जाहिर किया है। उन्होंने खुलकर कहा है कि सीट शेयरिंग को लेकर प्रदेश राजद के किसी भी अधिकारी से बात नहीं की गयी, जिसका मुझे दुख है। उन्होंने यह भी कहा कि हमलोग अब भी 15 से 17 सीटों पर अकेले भाजपा को पसीना छुड़ा देते।

## श्री गणेश पूजा की ओर से सम्मान एवं पुरस्कार वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** श्री चैती दुर्गा पूजा मंदिर के प्रांगण में श्री गणेश पूजा रांची महानगर जिला महासमिति की ओर से सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह किया गया। श्री गणेश पूजा रांची महानगर जिला महासमिति के अध्यक्ष नन्द किशोर सिंह चंदेल ने कहा कि हर साल की भांति इस साल भी सभी गणेश पूजा समितियों का सोशल मीडिया में प्रतियोगिता कराया गया। जिसमें कि - ओवरऑल प्रथम पुरस्कार भारतीय युवा संघ गणपति पूजा समिति लकड़ी टाल गणेश पूजा पंडाल एवं सजावट में- प्रथम पुरस्कार श्री सिद्धि विनायक पूजा समिति लोधमा द्वितीय पुरस्कार एस एस स्पोर्टिंग क्लब पिस्का नगड़ी रांची तृतीय पुरस्कार रांची गणेश पूजा समिति मेन रोड प्रथम पुरस्कार सुंदर विसर्जन शोभा यात्रा मंगल मूर्ति क्लब कोकर रांची द्वितीय पुरस्कार श्री श्री गणेश पूजा समिति कृष्णा नगर कॉलोनी युवक संघ तृतीय पुरस्कार श्री गणेश पूजा महोत्सव न्यू आनंद नगर हरमू रोड सहित प्रतियोगिता में भाग लिए श्री सिद्धि विनायक पूजा समिति नगड़ी को भी दिया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थिति डॉ0 महुआ माजी ने सभी को अंग वस्त्र एवं पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया । साथ ही उन्होंने ने कहा कि आने वाले समय में आपसी भाईचारगी के साथ और भी बड़ा एवं अच्छा पूजा करें मैं हमेशा आप लोगों के साथ खड़ी हूं।इस मौके पर मुख्य रूप से डॉ0 महुआ माजी,अध्यक्ष नन्द किशोर सिंह चंदेल,मुख्य संरक्षक उज्जवल कुमार सिन्हा, संजय सिंह लल्लू,विनय सिंह,राहुल कुमार सिंह,लखन कुमार ,संदीप मुखर्जी,बिट्टू सिंह,मोनू शर्मा, रौनक ग्रोवर, कौशिक घोष, अभिषेक केसरी, विक्की केसरी, उज्जवल केसरी, साहिल साहू,विशाल कुमार, शोकुल कुमार, भोलू पांडे, आदर्श सिंह, मनीष अग्रवाल, संतोष वर्मा, प्रसिद्ध ओझा, बिट्टू कुमार, सुधांशु रंजन, अक्की महिंद्रू, आशीष मोहरी, शशिकांत ओझा, उमेश कुमार सिंह, सम्मि तिर्की,अनिकेत राज, मोहित कुमार रजक, अजित सिंह, अर्जुन कुमार सिंह सहित अनेक लोगों उपस्थित रहे।

## चेक पोस्ट में तैनात पुलिस पदाधिकारी को दिया गया कई आवश्यक दिशा- निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची,वरुण रंजन एवं वरीय पुलिस अधीक्षक रांची, चंदन कुमार सिन्हा,एसडीएम उत्कर्ष द्वारा देर रात मुरी झारखण्ड बंगाल बॉर्डर चेकपोस्ट एवं दुलमी चेकपोस्ट का औचक निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची, वरुण रंजन एवं वरीय पुलिस अधीक्षक रांची, चन्दन कुमार सिन्हा द्वारा चेक पोस्ट में तैनात पुलिस पदाधिकारी को अवैध



हथियारों की आवाजाही, गोला बारूद, शराब, नगदी की धर-पकड़ करने के लिए कई आवश्यक निर्देश दिया गया।जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची, वरुण रंजन द्वारा निरीक्षण के दौरान मौजूद थाना प्रभारी सिल्ली को निर्देश देते हुए कहा की अवैध हथियारों की आवाजाही, गोला बारूद, शराब, असमाजिक तत्वों इत्यादि पर विशेष नजर रखें ताकि निर्वाचन की शुद्धता बनी रहें। जानकारी हो की विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर आदर्श आचार संहिता के अनुपालन करते हुए निर्वाचन की शुद्धता बनाए रखने तथा चुनाव प्रचार के अत्यधिक व्यय, नगद एवं सामग्री के माध्यम से वोट के लिए प्रलोभन, अवैध हथियारों की आवाजाही, गोला बारूद, शराब, असमाजिक तत्वों इत्यादि पर निर्वाचन के दौरान रोकथाम एवं व्यय अनुश्रवण पर निगरानी रखने हेतु चेक पोस्ट स्थापित किया गया है।

## सर सैयद अहमद ख़ान का 207वां जन्मदिवस मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** आज अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी एलुमनाई एसोसिएशन झारखंड चैप्टर के तत्वावधान में सर सैयद अहमद ख़ान का 207वां जन्मदिवस मनाया गया। इस आयोजन में अलीगढ़ के पूर्ववर्ती छात्रों ने सर सैयद अहमद ख़ान द्वारा समाज के सामाजिक उत्थान के लिए किए गए कार्यों को याद किया। उनके पदचिन्हों पर चलते हुए ए एम यू अलुमुनाई एसोसिएशन झारखंड ने सर सैयद अहमद ख़ान स्कॉलरशिप की शुरुआत की गई, जो झारखंड के ग़रीब छात्रों को प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. नसीम अख्तर ने सर सैयद के मिशन को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। पूर्व छात्र इर0 शहनवाज़ ख़ान के करकमलों से स्कॉलरशिप को लॉन्च किया। वहीं पूर्व छात्र शरीक़ अहमद ने समाज के प्रबुद्ध लोगों को साथ लेकर सर सैयद के सपनों को साकार करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में , संयोजक तबरेज़ अज़ीज़, मुनमुन होदा, एडवोकेट इसरार ख़ान, एर0 आमिर अनस, इर0 अरिश इक़बाल,श्वेताभ पांडे, एडवोकेट अर्शी, Final व बड़ी संख्या पूर्व छात्र व छात्राएं में आदि उपस्थित थे।

## विस चुनाव में 85 वर्ष से अधिक आयु वाले बुजुर्गों को मिलेगी पोस्टल बैलेट की सुविधा

**रांची:** केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने झारखंड विधानसभा आम चुनाव में 85 वर्ष से अधिक आयु के निर्वाचक और शारीरिक निःशक्ता बेंचमार्क वाले निर्वाचक, जिन्हें राज्य की निर्वाचक नामावलियों के डाटा बेस में पहले से ही चिह्नित या इंगित किया गया है, को डाकपत्र से मतदान की सुविधा मिलेगी। इसके लिए उन्हें आवेदन करना होगा। संबंधित रिटर्निंग पदाधिकारी के द्वारा पूरी तरह से आवेदन की सत्यापन के बाद ऐसे निर्वाचकों को पोस्टल बैलेट करने की सुविधा दी जायेगी।

## जमशेदपुर पश्चिमी सीट जेडीयू के खाते में जाने से भाजपा कार्यकर्ताओं में छायी मायूसी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक पार्टियां तैयारियों में जुट गई है। इस बीच सबसे ज्यादा झटका वैसे नेताओं को लगी है जो यह सपने संजोये बैठे थे, की पार्टी में लंबे समय से काम कर रहे हैं तो उन्हें भी चुनाव लड़ने का मौका मिलेगा, लेकिन जैसे ही 18 अक्टूबर को भाजपा 68 , आजसू 10, जदयू 2 और लोजपा एक सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा हुई तो कई ऐसे नेता, विधायक थे जो अपने विधानसभा क्षेत्र की सीटों से चुनाव लड़ने का मन बना रहे थे, उनके सपने चूर चूर हो गए। इन्हीं कर्मठ नेताओं में से एक हैं रिटायर आईपीएस राजीव रंजन सिंह हैं,



जिन्होंने बीजेपी की सदस्यता ली, इस उम्मीद से की उन्हें जमशेदपुर पश्चिम सीट से भाजपा चुनाव लड़ायेगी । वे पार्टी के लिए तन, मन ,धन लगाकर काम करते रहे, जनता की सेवा कर रहे थे, उनकी जरूरत तो और उनकी समस्याओं के निदान के लिए अपना पूरा समय दे रहे थे, लेकिन जैसे ही सीट शेयरिंग में भाजपा और जेडीयू आजसू, लोजपा का गठबंधन होने से भाजपा ने जमशेदपुर पश्चिम सीट जेडीयू के खाते में डाल दी, तो फिर राजीव रंजन सिंह कहीं के नहीं रहे। वे मायूस हो गए हैं। उन्होंने कहा कि काफी समय से भाजपा में रहकर सेवा कर रहे थे ,इसी उम्मीद के साथ कि हमें भी मौका मिलेगा । क्योंकि जमशेदपुर पश्चिम सीट भाजपा की ही सीट थी। लेकिन सीट शेयरिंग में जेडीयू को दे दिया गया । जो एक कार्यकर्ता के लिए नुकसानदेह है। भाजपा को ऐसा नहीं करना चाहिए था। 2019 में भी इस तरह की गलती तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास ने भी किया था। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं, नेताओं को दरकिनार कर दूसरे पार्टी या फिर दूसरे नेताओं को चुनाव का टिकट दे दिया था। जिसमें मनोज यादव ,कुणाल षारंगी, सुखदेव भगत जैसे कई नाम गिनाए जा सकते हैं । यही गलती वर्तमान में भी दोहराई जा रही है , जो स्वस्थ राजनीति के लिए अच्छी नहीं है। बता दें कि यही वजह है कि सीट शेयरिंग की घोषणा एक तरफ हुई तो दूसरी तरफ भाजपा से जमुआ विधायक केदार हाजरा और आजसू से चंदनक्यारी के पूर्व विधायक झामुमो का दामन थाम लिया।

## आखिर जनगणना से कांग्रेस ने आदिवासी धर्म कोड क्यों हटाया : चंपाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता चंपाई सोरेन ने कहा कि झारखंड समेत पूरे देश का आदिवासी समाज यह जानना चाहता है कि जब अंग्रेजों के जमाने (1871) से हर जनगणना में आदिवासी धर्म कोड का विकल्प उपलब्ध था और आजादी के बाद पहली जनगणना (1951) में भी आदिवासी धर्म कोड की व्यवस्था थी तो फिर 1961 में कांग्रेस की सरकार ने उसे क्यों हटाया? चंपाई सोरेन शनिवार को दिल्ली से रांची वापस लौटने के बाद सोशल मीडिया पर कांग्रेस को विशेष तौर पर निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सहयोगियों को पहले कांग्रेस से पूछना चाहिए कि आदिवासी समाज के खिलाफ इस गद्दारी की वजह क्या है? क्या ऐसी धृष्टता को आदिवासी समाज कभी माफ कर पाएगा? कोई इनसे पूछे कि झारखंड आंदोलन को कुचलने की बारंबार कोशिश करने वाले, दर्जनों बार आंदोलनकारी आदिवासियों पर गोली चलवाने वाले और संथाली भाषा की संवैधानिक मान्यता की



मांग को दरकिनार करने वाले ये लोग भला आदिवासियों के शुभचिंतक कैसे हो गये? चंपाई ने आदिवासी समाज को लेकर भाजपा की तारीफ की है और कहा है कि भाजपा ने आदिवासी समाज के आंदोलन को सम्मान देते हुए हमारे समाज के लिए दो राज्यों (झारखंड और छत्तीसगढ़) का निर्माण किया। अटल की सरकार के कार्यकाल में संथाली भाषा को भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया। भाजपा आदिवासी समाज के अधिकारों के प्रति सजग है और उनको अधिकार भाजपा की सरकारों ने ही दिया है, तो चाहे हो भाषा (वरांग क्षिति लिपि) को मान्यता हो, या अन्य मुद्दे, आदिवासी समाज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर विश्वास कर सकता है।

## झारखंड से विश्वासघात के चलते चुनाव में जनता करेगी सत्ता से बाहर : बाबूलाल मरांडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि जिस संविधान की रक्षा के लिए पूरे देश में यात्राएं कर रहे हैं, उसी संविधान का उल्लंघन करते हुए झारखंड में पिछले पांच साल से आदिवासियों पर दमन और अत्याचार होता रहा, तब आप कहां थे? बाबूलाल मरांडी शनिवार को सोशल मीडिया पोस्ट में राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए लिखा है कि झारखंड से विश्वासघात के चलते चुनाव में जनता सत्ता से बाहर करेगी। आप पूरे देश में दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के अधिकारों की बात कर रहे हैं लेकिन झारखंड में आपकी सरकार होने के बावजूद पिछड़ों को त्रिस्तरीय चुनाव में उनका आरक्षण नहीं मिला है। दलितों और आदिवासियों की जमीन लूटकर बांग्लादेशी घुसपैठियों को बसाया जा रहा है। आपने और आपके सहयोगी दल झामुमो ने बांग्लादेश से आए घुसपैठियों को वोटर बनाकर संवैधानिक नियमों का उल्लंघन करते



हुए, अपनी पार्टी और जेएमएम को गैर-संवैधानिक लाभ पहुंचाने की कोशिश की है। यह सब आपकी आंखों के सामने हो रहा है, लेकिन आप चुप हैं।

## टोयोटा ग्लैंजा फेस्टिवल लिमिटेड एडिशन के साथ टोयोटा जेनुइन एक्सेसरी पैकेज पेश




**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने त्यौहारी उत्साह को ध्यान में रखते हुए, टोयोटा ग्लैंजा के फेस्टिवल लिमिटेड एडिशन की शुरुआत की घोषणा की। ग्राहक अब डीलर द्वारा फिट किए गए टोयोटा जेनुइन एक्सेसरी (टीजीए) पैकेज का आनंद ले सकते हैं। अपनी उन्नत तकनीक, आकर्षक डिजाइन और उच्च ईंधन दक्षता के लिए 2019 से जानी-पहचानी सीमित संस्करण वाली टोयोटा ग्लैंजा 13 विशेष टीजीए पैकेज से युक्त है जो 20,567 रुपये मूल्य के हैं। वाहन की प्रीमियम खासियतें - क्रोम और ब्लैक बॉडी साइड मोल्डिंग, बैक डोर गार्निश क्रोम और ओआरवीएम गार्निश क्रोम अलग से जानी-पहचानी हैं। अन्य खास बातों में अतिरिक्त आराम के लिए 3डी फ्लोरमैट, डोर वाइज़र प्रीमियम और नेक (गर्दन के लिए) कुशन (ब्लैक और सिल्वर रंगों में) शामिल हैं। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के सेल्स-सर्विस-यूज्ड कार बिजनेस के वाइस प्रेसिडेंट सबरी मनोहर ने कहा, हमारा लक्ष्य टोयोटा ग्लैंजा के फेस्टिवल लिमिटेड एडिशन की शुरुआत के साथ इस त्योहारी सीजन के दौरान अपने ग्राहकों के लिए अतिरिक्त उत्साह लाना है। हम उत्पाद से कहीं बढ़कर गुणवत्ता और मूल्य प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिससे बिक्री के बाद की असाधारण सेवाएँ प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता और मजबूत होगी जिसके लिए टोयोटा जानी जाती है। टोयोटा ग्लैंजा फेस्टिवल लिमिटेड एडिशन लेने वाले ग्राहकों के लिए कॉम्प्लीमेंट्री टीजीए पैकेज 31 अक्तूबर 2024 तक उपलब्ध रहेंगे।

## जमशेदपुर में नहीं हैं ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल की दूसरी शाखा

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल, (बीएनएच) जो नारायणा हेल्थ बेंगलुरु की एक प्रतिष्ठित इकाई है, ने जमशेदपुर में अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि उनकी कोई अन्य शाखा या समान नाम से संबंधित कोई अस्पताल नहीं है। उनका एकमात्र स्थान तमोलिया, पारडीह चौक के पास है, जहाँ वे पिछले 15 वर्षो से समुदाय की सेवा कर रहे हैं। शनिवार को ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल प्रबंधन द्वारा तारी प्रेस विज्ञाप्ति में बताया गया हैं कि नारायणा हेल्थ नेटवर्क, जिसमें भारत में 21 और एक अंतर्राष्ट्रीय अस्पताल शामिल हैं, अपने उच्चतम स्वास्थ्य सेवा मानकों के लिए जाना जाता है। अस्पताल को नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स एंड हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स (एनएबीएच) द्वारा मान्यता प्राप्त है और नर्सिंग उत्कृष्टता के लिए भी सराहा गया है।

## सरायकेला खरसावां लिटरेचर फेस्टिवल छाप का हुआ समापन

**सरायकेला (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ऑटो क्लस्टर आदित्यपुर स्थित सभागार में आयोजित चल रहे सरायकेला खरसावां लिटरेचर फेस्टिवल छाप कार्यक्रम का आज समापन हुआ । कार्यक्रम में उपस्थित अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉक्टर नेहा अरोड़ा ने स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत संचालित मतदाता हस्ताक्षर अभियान में भाग लिया। इस क्रम में उन्होंने चलो वोट करें हम सेल्फी पॉइंट पर फोटो लेकर सभी मतदाताओं से आगामी 13 नवंबर को अपने मताधिकार का प्रयोग करने का अपील किया। स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों में जिला स्तरीय पदाधिकारी तथा उपस्थित आम जनमानस ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम में महिला एवं फर्स्ट टाइम वोटर एवं युवा मतदाताओं में काफी उत्साह देखा गया।

## जिले के 6 सीटों से 24 अभ्यर्थियों ने खरीदा नामांकन प्रपत्र, नामांकन दाखिल रहा शून्य

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आसन्न विधानसभा चुनाव 2024 के लिए कल से नामांकन प्रपत्र खरीदने और नामांकन दाखिल का शिलशिला शुरू हो गया है। आज दूसरे दिन पूर्वी सिंहभूम जिले के छह विधानसभा सीट से किसी भी उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल नहीं किया। वहीं दूसरे दिन कुल 24 नामांकन प्रपत्र खरीदे गए जिसमें बहरागोड़ा और घाटशिला से 1-1, पोटका से 7, जुगसलाई से दो, जमशेदपुर पूर्व से 7 एवं जमशेदपुर पश्चिम से 6 अभ्यर्थियों ने नामांकन प्रपत्र का क्रय किया।

## बोड़ाम में विक्षिप्त युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को बोड़ाम गांव निवासी बीरबल कर्मकार के पुत्र रवि कर्मकार (25 वर्ष) ने अपने घर के बगल में स्थित एक कुसुम के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। इस संबंध में बोड़ाम थाना प्रभारी मनोरंजन कुमार ने बताया कि परिजनों द्वारा घटना की सूचना सुबह 9 बजे दिए जाने पर पुलिस द्वारा शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमॉर्टम हेतु एमजीएम मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि मृत युवक मानसिक रूप से बीमार था। इस संबंध में मृतक के पिता बीरबल कर्मकार के लिखित आवेदन पर यूडी केस दर्ज किया गया है। वह दो भाइयों में छोटा और अविवाहित था। देर शाम तक परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

## दो महीने से पटमदा बस्ती में 3 सोलर लाइट खराब, लोग परेशान



**पटमदा :** पटमदा प्रखंड मुख्यालय से करीब 1 किमी दूर स्थित पटमदा बस्ती में करीब दो महीने से सोलर लाइट खराब होने से ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। शाम होते ही सड़क पर अंधेरा छा जाता है और आवागमन करने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में गांव के सुकचांद महतो ने बताया कि गांव में लगी तीन सोलर लाइट दो महीना पहले ही खराब हो चुका है। रात के अंधेरे में सांप, बिच्छु व अन्य जहरीले पदार्थों के निकलने का डर बना रहता है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों से लाइट मरम्मत करवाने की मांग करने के बावजूद आज तक मरम्मत नहीं किया गया है। उन्होंने प्रखंड प्रशासन से जल्द से जल्द लाइट मरम्मत करवाने की मांग की है।

## ओल्ड ऐज होम में ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट ने मतदातों को दिलाई शपथ



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल के मतदाता जागरूकता अभियान के तहत डिमना स्थित फुरीदा द्वारा संचालित ओल्ड ऐज होम में रह रहे महिलाओं के बीच ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को लोकतंत्र की मजबूती के लिए वोट डालने के लिए जागरूक किया। इस कार्यक्रम में मानगो नगर निगम के ब्रांड एंबेसडर मुख्तार आलम खान फुर्रिडा के डायरेक्टर भास्कर कुमार साहा ने शपत दिलाई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के ट्रस्टी सैयद आसिफ अख्तर, कबीर मेमोरियल उर्दू हाई स्कूल के रिटायर्ड हेडमास्टर रिजवान अहमद, अध्यक्ष मतीन उल हक अंसारी, हाजी अयूब अली, मोहम्मद फिरोज आलम, समाजसेवी सैयद मंजर अमी, मोहम्मद मोइनुद्दीन अंसारी, आफताब आलम, मोहम्मद वाहिद आलम, मोहम्मद तबरेज ने भी शपथ ली।

### झारखंड में आजाद समाज पार्टी 15 सीटों पर लड़ेगी चुनाव, पहले चरण के लिए 6 सीटों का ऐलान

# काशिफ़ रज़ा जमशेदपुर पश्चिम से बने प्रत्याशी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखण्ड विधानसभा चुनाव में आजाद समाज पार्टी कांशीराम द्वारा 15 सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया गया है, जिसके पहले चरण मे 6 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम भी घोषित कर दिया गया है। इसकी जानकारी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष काशिफ रज़ा सिद्दीकी ने प्रेस वार्ता के दौरान मीडिया को दी। उन्होंने बताया हजारीबाग से संजय रविराज, जमशेदपुर पश्चिम से काशिफ रज़ा सिद्दीकी, कांके से मधुसूदन कुमार, डालटनगंज से अजय सिंह चेरो, विश्रामपुर से सिराज खान और हुसैनाबाद से प्रभा देवी को उम्मीदवार घोषित किया है। प्रदेश अध्यक्ष सह जमशेदपुर पश्चिम के प्रत्याशी काशिफ रज़ा सिद्दीकी ने कहा की झारखंड में आदिवासी, पिछड़े, दलित और मुस्लमान समाज का विकास विगत 24 वर्षो मे नहीं हुआ है, चुनाव में जीतकर जनप्रतिनिधि जनता से किये गए वादे भूल जाते हैं। जमशेदपुर की बात करें तो यहाँ शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं पर भी कार्य नहीं हुआ है, जिस कारण पार्टी इस बार चुनावी मैदान में है, वैसे इनके द्वारा पहले चरण मे घोषित 6 सीटों में पांच सीट सामान्य वर्ग के हैं जिनमें इनके द्वारा आरक्षित वर्ग के उम्मीदवार उतारे गए है।

## डॉ. अजय कुमार 24 अक्टूबर को करेंगे नामांकन, खरीदा गया नामांकन फार्म



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी विधानसभा से कांग्रेस के संभावित प्रत्याशी डा.अजय कुमार के लिए उनके प्रतिनिधि एडवोकेट प्रदीप कुमार सिंह ने शनिवार को नामांकन फार्म खरीदा. जमशेदपुर पूर्वी से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी डा. अजय कुमार 24 अक्टूबर को नामांकन करेंगे. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जनता ने मन बना लिया है कि 25 वर्षों के धोखाधड़ी का जबाव वो वोट के चोट से करेगी. 25 वर्षो से जमशेदपुर पूर्वी में एक ही पार्टी का वर्चस्व रहा और इस दौरान विकास तो नहीं हुआ लेकिन भय, भ्रष्टाचार आतंक की नई इबारत लिखी गई. आतंक तो ऐसा की रेहड़ी ठेले वाले तक को नहीं बक्शा गया. लोग त्राहिमाम करने लगे और पूर्वी की जनता ने भाजपा परिवार के बागी उम्मीदवार को इस उम्मीद से विजय दिलाया की कुछ राहत मिलेगा. लेकिन यहां भी लोगों को धोखा ही मिला. जमशेदपुर पूर्वी की जनता त्रस्त है. अखबार में छपी खबरें इस बात का प्रमाण है कि 25 वर्षो में इस क्षेत्र में कितना और क्या विकास हुआ. यहां तक की यहां की कंपनी बंगाल चली गई. बंद केबुल कंपनी को लेकर भी कुछ नहीं हो पाया. सबसे महत्वपूर्ण बात है कि मालिकाना के नाम पर 25 वर्षो तक जनता को मुर्ख बनाया. चुनाव में वह 25 वर्षो का हिसाब करेगी.

## विद्यार्थियों ने जाना यक्ष्मा व एचआईवी से बचाव का उपाय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** चक्रधरपुर की सूर्या नर्सिंग कॉलेज में शनिवार को कार्यक्रम का आयोजन कर जीएनएम व एएनएम की छात्राओं को यक्ष्मा व एचआईवी से बचाव को लेकर जानकारी दी गई। इस दौरान मुख्य रुप से मौजूद चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल में कार्यरत सीटीसी काउंसलर ममता टोप्पो ने एचआईवी से जुड़ी बातों को बताया। उन्होंने कहा कि एचआईवी से होने वाली बीमारी की आशंका होने पर अपने नजदीकी सरकारी अस्पताल में जांच कराए एवं संक्रमित पाए जाने पर एआरटी सेंटर पर निःशुल्क दवा कि सुविधा भी उपलब्ध है साथ ही साथ एसटीआई,आरटीआई की भी जानकारी दी गई।उन्होंने कहा कि चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल में निःशुल्क एचआईवी की जांच करायी जाती है।वहीं एसटीएलएस विभाग की उर्सुला भेंगरा ने यक्ष्मा बीमारी से बचाव, लक्षण एवं रोकथाम से संबंधित जानकारी दी.उन्होंने कहा कि अगर किसी भी व्यक्ति में यक्ष्मा संबंधित लक्षण पाये जाते हैं तो तुरंत अनुमंडल अस्पताल में आकर इसकी जांच कराये।अस्पताल में मरीजों का निःशुल्क ईलाज के किये जाने के साथ-साथ निःशुल्क दवा भी जाती है साथ ही पीड़ित मरीज को डीवीटी के माध्यम से सरकार की ओर से पांच सौ रुपये महीने भी दिये जाते हैं, ताकि मरीज दवा के साथ-साथ अच्छा पोषण ले सकें।इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक नरसिंह महतो,प्रचार्या मीनु मिनाक्षी तिर्की, उप प्रचार्या सुशांति, शिक्षिका किरण मुंडा, प्रियंजा महतो, लॉरेन माइकल, शीतल बखला, सेलिना मुखी समेत कॉलेज की छात्राएं मौजूद थी।

## एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर ने किया एक्सपेंडिचर सेल एवं राजनगर चेक नाका का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर शनिवार को एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर दिग्विजय कुमार चौधरी (आईआरए) द्वारा एक्सपेंडिचर सेल एवं राजनगर नाका का निरीक्षण किया गया। सेल में उन्होंने संचालित 24 घंटे कॉल सेंटर एवं पंजीकरण पुस्तिका की जांच की। सभी सदस्यों के साथ बैठक कर कार्य प्रणाली की जानकारी प्राप्त करने के उन्होंने कई दिशा निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिया कि आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में किसी प्रकार की लापरवाही ना करें। शिकायत प्राप्त होने पर तुरंत फ्लाइंग स्क्वायड टीम को सूचना देते हुए उस पर कार्रवाई करवाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया अधिक से अधिक जांच एवं निगरानी रखनी है, जिससे भारी रकम की आदान-प्रदान नहीं किया जा सके। मतदाताओं को प्रलोभन हेतु मदिरा या अन्य प्रकार की प्रतिबंध सामग्री की जानकारी पर तुरंत कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। सभी सदस्यों को एक टीम की तरह कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया तथा कहीं किसी प्रकार की समस्या आने पर अपने वरीय पदाधिकारी को सूचना करने का निर्देश दिया गया। एक्सपेंडिचर आब्जर्वर के द्वारा राजनगर चेक नाका का निरीक्षण करते हुए बाहर आने वाले तथा बाहर जाने वाले छोटे बड़े सभी वाहनों का सही जांच करने का तरीका बताया गया। वहां उपस्थित पंजीकरण का निरीक्षण भी किया जिसमें आने जाने वाले सभी वाहनों की जांच करने के उपरांत पंजीकरण पुस्तिका में भिवानी भरने हेतु निर्देश दिया गया।

## बन्ना गुप्ता ने खरीदा नामांकन फॉर्म, 24 को करेंगे नामांकन दाखिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री सह जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा के विधायक बन्ना गुप्ता के लिए नामांकन फॉर्म खरीदा गया जिसे उनके बदले उनके समर्थक कैलाश रजक, बंटी शर्मा, पप्पू सिंह उज्जैन, अखिलेश सिंह, अख्तर भाई, संजय शर्मा, अजय मिश्रा नें जाकर नामांकन फॉर्म खरीदा।बन्ना गुप्ता 24 अक्टूबर को सुबह 11 बजे नॉमिनेशन फाइल करेंगे, इस दौरान एक जन सभा का भी आयोजन किया जायेगा।

## व्यवसायी से रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस ने दो बदमाशों को किया गिरफ्तार

● शहर में ये अपराधी एक नई गैंग बनाने की कोशिश कर रहे थे




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मानगो के व्यवसायी से रंगदारी मांगने के मामले में मानगो थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उन मोबाइल फोनों को भी जब्त किया है, जिनसे रंगदारी की मांग की गई थी। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में गढ़वा डुमरिया के 21 वर्षीय हिमांशु तिवारी और बर्मामाइंस स्टेशन रोड के 19 वर्षीय युवराज कुमार सिंह शामिल हैं। दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जमशेदपुर सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने बताया कि एसएसपी के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया था। मोबाइल फोन की लोकेशन को ट्रैक करते हुए, पुलिस ने टेल्को राम मंदिर के पास से इन दोनों अपराधियों को पकड़ा। तलाशी के दौरान उन दोनों के पास से रंगदारी मांगने वाले दो मोबाइल फोन जब्त किए गए। एसपी ने यह भी जानकारी दी कि जमशेदपुर में ये अपराधी एक नई गैंग बनाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन पुलिस की त्वरित कार्रवाई ने उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया। गौरतलब है कि 17 अक्टूबर को व्यवसायी बनवालरी लाल गुप्ता को दो अलग-अलग मोबाइल नंबरों से फोन कर दो लाख रुपये की रंगदारी की मांग की गई थी। अपराधियों ने व्यवसायी के बेटे के अपहरण की धमकी भी दी थी। डर के कारण व्यवसायी ने पहले 5 हजार रुपये भेज दिए थे, लेकिन बाद में अपराधी दो लाख रुपये की मांग पर अड़े रहे। व्यवसायी ने इस मामले की लिखित शिकायत 17 अक्टूबर को मानगो थाने में दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## सिविल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में नवीनतम विकास पर इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स ने किया कार्यशाला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सिविल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में नवीनतम विकास पर इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), जमशेदपुर लोकल सेंटर द्वारा एसएनटीआई ऑडिटोरियम में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जल संसाधन विभाग के पूर्व मुख्य अभियंता अशोक कुमार दास और सत्र अध्यक्ष के रूप में परवेश कुमार धवन, सीएसआईआर-एनएमएल के साथ थिरुमुरुगन का सचिव, आईई(आई), जमशेदपुर ने स्वागत किया। कार्यशाला में एनआईटी जमशेदपुर, आरवीएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, मैरीलैंड इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, श्रीनाथ यूनिवर्सिटी, अल कबीर पॉलिटेक्निक के स्नातक, स्नातकोत्तर और अनुसंधान विद्वानों सहित शिक्षा जगत के साथ-साथ निर्माण उद्योग के सत्तर से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। साथ ही टाटा स्टील, टाटा स्टील ग्रोथ शॉप, सीएसआईआर-एनएमएल, आरएसबी ट्रांसमिशन लिमिटेड, टीएसयूआईएसएल (पूर्व में जुस्को) आदि के पेशेवर कार्यक्रम में शामिल हुए। समारोह के मुख्य अतिथि ने प्रख्यात वक्ताओं द्वारा दिए जाने वाले विभिन्न तकनीकी सत्रों के बारे में बात की और साथ ही अपने सेवा जीवन से अपने स्वयं के पेशेवर अनुभव को साझा किया। एनआईटी जमशेदपुर में सिविल इंजीनियरिंग के प्रोफेसर प्रोफेसर अनिल कुमार चौधरी द्वारा एडमिक्स्चर और ग्राउटिंग तकनीकों के उपयोग के माध्यम से ग्राउंड इम्प्रूवमेंट शीर्षक पर मुख्य व्याख्यान दिया गया। अन्य प्रतिष्ठित वक्ता में विभागाध्यक्ष डॉ. प्रह्लाद प्रसाद एनआईटी जमशेदपुर सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख, ने भूकंप लोडिंग के तहत ऊंची इमारतों में युग्मित कतरनी दीवारें पर चर्चा की। तीसरा तकनीकी सत्र डॉ. जे जयपाल, सहायक प्रोफेसर सिविल इंजीनियरिंग विभाग, एनआईटी जमशेदपुर ने सिविल इंजीनियरिंग में स्थिरता और कुछ अनुप्रयोग पर अपने विचार साझा किए। चौथा तकनीकी सत्र ओंकार सिंह, पूर्व टाटा स्टील के वरिष्ठ प्रबंधक ने सड़क निर्माण पद्धति में नवीनतम विकास पर चर्चा की।

## जमशेदपुर पूर्वी से रघुवर दास की बहू घाटशिला से चंपई के बेटे को मिला टिकट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** आज भाजपा ने झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है. जहां प्रदेश में 66 विधानसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा की गई है. वहीं कोल्हान के 10 सीटों में जमशेदपुर पूर्वी से पूर्व सीएम रघुवर दास की बहू पूर्णिमा ललित दास को प्रत्याशी बनाया गया है. इसके अलावा घाटशिला से पूर्व सीएम चंपई सोरेन के बेटे बाबूलाल सोरेन को प्रत्याशी बनाया गया है. इसके अलावा बहरागोड़ा से डॉक्टर दिनेशांनद गोस्वामी, पोटका से मीरा मुंडा, सरायकेला से चंपई सोरेन, चाईबासा से गीता बालमुचू, मझगांव से बड़कुंवर गगराई, जगन्नाथपुर से गीता कोड़ा, चक्रधरपुर से शशि भूषण सामद, खरसावां से सोनाराम बोदरा को प्रत्याशी बनाया गया है।

## 400 छात्रों ने सैमसंग इनोवेशन कैंपस के तहत तकनीकी स्किल्स में हासिल की महारत



**जमशेदपुर / पटना (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सैमसंग इंडिया के प्रमुख सीएसआर प्रोग्राम, सैमसंग इनोवेशन कैंपस ने गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा के 400 छात्रों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पाठ्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया। यह कार्यक्रम सैमसंग के डिजिटलइंडिया अभियान को सशक्त बनाने के उद्देश्य से युवाओं के कौशल विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आर.के. सिन्हा और सैमसंग के अधिकारी मौजूद रहे। प्रोग्राम के टॉपर्स को 1 लाख रुपये नकद और सैमसंग के उत्पादों से सम्मानित किया जाएगा। सैमसंग इनोवेशन कैंपस के तहत चार राज्यों के आठ शैक्षणिक संस्थानों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), बिग डेटा और कोडिंग जैसी आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। दिल्ली एनसीआर, लखनऊ, गोरखपुर के अलावा दक्षिण में बेंगलुरु, चेन्नई और श्रीपेरूम्बुदूर में ट्रेनिंग सेंटर स्थापित किए गए हैं। इस प्रोग्राम में प्रतिभागियों को क्लासरूम और ऑनलाइन प्रशिक्षण के साथ सॉफ्ट स्किल्स भी सिखाई जाएंगी। इसके तहत कैपस्टोन प्रोजेक्ट्स और हैकथॉन जैसे व्यावहारिक अनुभव दिए जाएंगे, साथ ही सैमसंग कर्मचारियों से मेंटरशिप भी मिलेगी। 2023 में इस कार्यक्रम के तहत 3000 छात्रों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया गया, जो सैमसंग की कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) के तहत भारत के भविष्य निर्माण की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## चक्रधरपुर के कामेगाड़ा-लांजी सड़क पर मिला शव, हत्या की आशंका



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** चक्रधरपुर प्रखंड के टोकलो थाना क्षेत्र स्थित होयोहातु पंचायत के कामेगाड़ा से लांजी गांव जाने वाले सड़क पर शुक्रवार को पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया है। बताया जाता है कि चक्रधरपुर के सुदूरवर्ती क्षेत्र होयोहातु पंचायत के कामेगाड़ा से ऊंची पहाड़ी पर बसे लांजी गांव जाने वाले रास्ते में शुक्रवार सुबह कुछ ग्रामीणों ने एक व्यक्ति का अर्धनग्न अवस्था में शव देखा।ग्रामीणों ने इसकी सूचना पंचायत प्रतिनिधियों को दी जिसने सूचना टोकलो थाना प्रभारी परमेश्वर उरांव को दी। टोकलो थाना प्रभारी परमेश्वर उरांव दल-बल के साथ कामेगाड़ा पहुंचे और शव को जब्त कर लिया। उन्होंने ग्रामीणों से शव की पहचान के लिए पूछताछ भी की, लेकिन किसी ने भी शव की पहचान नहीं की। इधर पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल में कराये जाने के बाद चक्रधरपुर के रेलवे अस्पताल के शीत गृह में रख दिया गया है। वहीं मामले को लेकर टोकलो थाना प्रभारी परमेश्वर उरांव से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि कामेगाड़ा व आसपास क्षेत्र के कई ग्रामीणों से शव की पहचान को लेकर पूछताछ की गई, लेकिन शव की पहचान नहीं हो सकी है। इधर ग्रामीणों के अनुसार मृतक के शरीर पर जगह-जगह चोट के निशान हैं। संभवतः हत्या कर शव को सड़क पर फेंका गया है ।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

विचार प्रवाह

संपादकीय

## नफरती हिंसा की वजह

**जब** भी हिंदू देवी-देवता की प्रतिमा की विसर्जन या शोभा-यात्रा निकलती है, तो वह नफरत, अराजकता, वैमनस्य और हिंसा में तबदील क्यों हो जाती है? कई बार हत्याएं भी कर दी जाती हैं। यह सिलसिला लगातार जारी है। मुसलमानों का कोई मजहबी जुलूस या मौका हो, तो हिंदू उस पर प्रहार नहीं करते। उसमें रोड़ा नहीं अटकाते। यहां तक कि हिंदुओं ने मस्जिद से की जाने वाली अजान पर भी सांप्रदायिक आपत्ति नहीं जताई है। शोभा-यात्रा निकालने की अपनी शोभा है। मुसलमानों को उस पर क्या आपत्ति होनी चाहिए? भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है और धार्मिक आजादी का मौलिक अधिकार भी हमें दिया गया है। फिर हिंसा और हत्याओं की क्या वजूहात हो सकती हैं? हम कई बार यह सवाल उठा चुके हैं कि अचानक एक भीड़ कहां से उमड़ आती है? घरों और मस्जिद की छतों से पथराव कैसे होने लगता है? ये छोटे-बड़े पत्थर कहां से, किस तरह इक_ा किए जाते हैं? कुछ शहरों, कस्बों में अचानक तलवारें भी चमकने लगती हैं। तलवारें, डंडे और हथियार कहां से आते हैं? कौन उनकी सप्लाई करता है? क्या पत्थरबाजी, दंगे, खून-खराबे की कोई पूर्व नियोजित साजिश तैयार की जाती है? तो साजिशकार कौन हैं? सिर्फ उप्र के बहराइच में ही सांप्रदायिक हिंसा, आगजनी, तोड़-फोड़ नहीं हुई है। बहराइच को छावनी में तबदील करना पड़ा। करीब 30 संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया गया और 10 के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज किए गए। उप्र के कई इलाकों में सांप्रदायिक माहौल बिगड़ता रहा है। फिलहाल बहराइच जैसे हालात तेलंगाना, कर्नाटक, झारखंड और पश्चिम बंगाल आदि राज्यों के शहरों और कस्बों में भी पैदा किए गए हैं। सांप्रदायिक हिंसा, दंगे अपने आप ही नहीं भडक़ते, उन्हें सुलगाया और फैलाया जाता है। भारत में दंगों के काले इतिहास मौजूद हैं। दंगे औसतन सभी राज्यों में होते रहे हैं। उनके असंख्य उदाहरण भी मौजूद हैं। बेशक सरकार किसी भी दल की रही हो! संविधान के किस अनुच्छेद में यह उल्लेख है कि अमुक मुसलमानों का इलाका है, तो ये हिंदू, सिख, ईसाई आदि के इलाके हैं? ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। जिन मोहल्लों में मुस्लिम आबादी रहती है, प्रशासन उन्हें 'संवेदनशील' घोषित करता है, जबकि गैर-मुस्लिम क्षेत्रों के संदर्भ में ऐसा नहीं है। मुसलमान संवेदनशीलता के आधार पर नाजुक इलाके क्यों हैं? दरअसल देश को इलाकों और मोहल्लों में बांटा नहीं जा सकता। इस बार भी मुसलमानों ने आपत्ति की कि शोभा-यात्रा उनकी मस्जिद के सामने से क्यों गुजरी? क्या यह कानूनन अपराध है या कोई प्रतिबंध लगा रखा है? किसी मुस्लिम की छत से 'हरा झंडा' उतारा गया और उसकी जगह 'भगवा झंडा' लहराया गया, यह अनैतिक हरकत है। इसका कोई औचित्य भी नहीं है। यह घोर सांप्रदायिक है। अवैध कब्जे की एक हरकत है। यदि ऐसी हरकत कर भी दी गई, तो गोली मार कर एक इनसानी हत्या करने की नौबत क्यों आई? जिस हिंदू नौजवान को मार दिया गया, उसकी शादी मात्र दो माह पहले ही हुई थी। किसी औरत को इस कदर विधवा कर देना क्या 'मजहबी प्रावधान' है? जाहिर है कि अलग-अलग समुदायों के लोगों के भीतर नफरत और उन्माद भरे हैं। दूसरी तरफ, यदि शोभा-यात्रा के दौरान उग्रता, हुड़दंग, अभद्र शोर, भडक़ाऊ नारेबाजी की जाती है, तो वह धार्मिक यात्रा भी बेमानी है। बहराइच या अन्य राज्यों के शहरों में जो नफरती टकराव हुए, वे वाकई अपराध हैं, लेकिन क्या दंगों की भीड़ को कभी सजा दी गई है? कहा जा रहा है कि बीते चार महीने के दौरान ही देश का माहौल बदल गया और आदमी दूसरे को मरने-काटने पर आमादा है। इसका बुनियादी कारण क्या है? चार महीने में देश के सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक ढांचे में ऐसा कौनसा बदलाव आया है कि इनसान हत्या पर उतारू है। भारत तो अपनी सहिष्णुता, सौहार्द, समभाव के लिए विश्व विख्यात रहा है। यदि ऐसे ही सांप्रदायिक टकराव जारी रहेंगे, तो देश की छवि, प्रतिष्ठा कलंकित होगी। हिंदू और मुसलमान दोनों ही समुदाय इस देश के नागरिक हैं।

मुसलमानों का कोई मजहबी जुलूस या मौका हो, तो हिंदू उस पर प्रहार नहीं करते। उसमें रोड़ा नहीं अटकाते। यहां तक कि हिंदुओं ने मस्जिद से की जाने वाली अजान पर भी सांप्रदायिक आपत्ति नहीं जताई है। शोभा-यात्रा निकालने की अपनी शोभा है। मुसलमानों को उस पर क्या आपत्ति होनी चाहिए? भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है और धार्मिक आजादी का मौलिक अधिकार भी हमें दिया गया है। फिर हिंसा और हत्याओं की क्या वजूहात हो सकती हैं? हम कई बार यह सवाल उठा चुके हैं कि अचानक एक भीड़ कहां से उमड़ आती है? घरों और मस्जिद की छतों से पथराव कैसे होने लगता है? ये छोटे-बड़े पत्थर कहां से, किस तरह इक_ा किए जाते हैं? कुछ शहरों, कस्बों में अचानक तलवारें भी चमकने लगती हैं। तलवारें, डंडे और हथियार कहां से आते हैं? कौन उनकी सप्लाई करता है? क्या पत्थरबाजी, दंगे, खून-खराबे की कोई पूर्व नियोजित साजिश तैयार की जाती है? तो साजिशकार कौन हैं? सिर्फ उप्र के बहराइच में ही सांप्रदायिक हिंसा, आगजनी, तोड़-फोड़ नहीं हुई है।

### हिन्दुओं एवं हिंदू पहचान के प्रतीकों को निशाना बनाया जाना बदस्तूर रहना किसी अन्तर्राष्ट्रीय साजिश का हिस्सा हो सकता है

## बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार, सख्त कार्रवाई की दरकार

ललित गर्ग

**बांग्लादेश** में हिंदू मंदिरों एवं हिन्दुओं पर हो रहे हमलें, मशहूर जेशोश्वरी मंदिर में मुकुट का चोरी होना, हिन्दू अल्पसंख्यकों से जबरन इस्तीफा के लिये दबाव बनाने की घटनाएं, दुर्गा पूजा के पंडाल पर हमले चिन्ता के बड़े कारण हैं, यह हिन्दू अस्तित्व एवं अस्मिता को कुचलने की साजिश एवं षडयंत्र है, जिस पर भारत सरकार को गंभीर होने के साथ इन पर नियंत्रण की ठोस कार्रवाई की अपेक्षा है। बीते अगस्त में शुरू हुई राजनीतिक उथल-पुथल के बीच शेख हसीना का प्रधानमंत्री पद से हटना और भारत आने के बाद बांग्लादेश में भारत विरोधी गतिविधियों को असामाजिक तत्वों व कट्टरपंथियों द्वारा हवा दिया जाना शर्मनाक एवं विडम्बनापूर्ण है। नई दिल्ली में बांग्लादेश के हिन्दू-अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के प्रश्न को लेकर बार-बार चिंता तो व्यक्त की जा रही है, लेकिन करारा एवं सख्त संदेश देने की कोई कोशिश होती हुई नहीं दिख रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा सरकार के शासन में यदि ऐसी घटनाओं पर सख्ती नहीं बरती गयी तो फिर कब बरती जायेगी? यह विडंबना ही है कि नोबेल शांति पुरस्कार विजेता व कार्यवाहक रूप में सरकार के मुखिया का दायित्व निभा रहे मोहम्मद यूनुस के कार्यकाल में हिन्दुओं एवं हिंदू पहचान के प्रतीकों को निशाना बनाया जाना बदस्तूर रहना किसी अन्तर्राष्ट्रीय साजिश का हिस्सा हो सकता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने नागपुर में विजयदशमी पर्व पर आयोजित रैली को सम्बोधित करते हुए हिन्दुओं पर हो रहे इन हमलों को लेकर बड़ा संदेश दिया है, अपेक्षा है सरकार भी जैसे को तैसे वाली स्थिति में आकर हिन्दुओं की रक्षा की सार्थक एवं प्रभावी पहल करें।

बांग्लादेश की आबादी में 7.95 फीसदी-सवा करोड़ से ज्यादा हिंदू शामिल हैं। पाकिस्तान और अफगानिस्तान में हिंदुओं के खिलाफ जो कुचक्र रचे गये, उसी तरह की साजिश बांग्लादेश में सिर उठा रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले दो महीने में बांग्लादेश के 52 जिलों में हिंदू समुदाय पर हमले की 200 से ज्यादा घटनाएं हुई। आज बांग्लादेश सांप्रदायिकता एवं कट्टरता की आग में झुलस रहा है। सांप्रदायिकता और धार्मिक कट्टरता लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा है। दोराहे पर खड़े बांग्लादेश में यह खतरा बढ़ता जा रहा है। खतरे की गंभीरता को देखते हुए वहां अंतरिम सरकार ने हिंदू मंदिरों, गिरजाघरों या अल्पसंख्यकों



के किसी भी धार्मिक संस्थान पर हमलों की जानकारी देने के लिए हॉटलाइन शुरू की थी, लेकिन कितनी ही शिकायतें मिलने के बावजूद उन पर कार्रवाई का न होना, इनको लेकर मोहम्मद यूनुस सरकार का चुप्पी साधे रखना इस समस्या को गंभीर बना रहा है। बांग्लादेश के कट्टरपंथी वहां के हिंदुओं के लिए ही नहीं, भारत की सुरक्षा के लिए भी खतरा बन रहे हैं। इन हमलों एवं कट्टरतावादी शक्तियों का सक्रिय होना भारत एवं बांग्लादेश दोनों ही देशों के लिये खतरनाक है। कट्टरपंथियों के निरंकुश बने रहने से वहां की सरकार के इरादे और इच्छाशक्ति सवालों के घेरे में है।

भारत ने उचित तरीकों से ही इन घटनाओं को बेहद गंभीर बताते हुए इन पर न केवल चिंता जताई बल्कि अपनी आपत्ति भी दर्ज कराई। गौर करने की बात है कि अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का यह मसला धीरे-धीरे दोनों देशों के रिश्तों में खटास घोलते हुए एक अहम फैक्टर बनता जा रहा है। दुर्गापूजा के पंडाल में बम फेंके जाने की खबर स्वाभाविक ही बांग्लादेशी हिंदू बिरादरी को सहमा एवं डरा देने वाली है। जेशोश्वरी मंदिर में मां काली के ताज की चोरी इस मायने में भी अहम है कि यह ताज 2021 में अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तोहफे के तौर पर दिया था। यही नहीं, गुरुवार को चटगांव में दुर्गापूजा के दौरान कुछ लोगों द्वारा जबरन इस्लामी क्रांति के गीत गाए जाने की भी खबर आई। ऐसे में भारत अगर इन घटनाओं के पीछे सुनियोजित साजिश की आशंका जता रहा है तो उसे निराधार नहीं कहा जा सकता। ऐसे में लगातार बिगड़ती स्थितियों में यूनुस और उनके सहयोगियों को शासन और कूटनीति से जुड़े गंभीर मसलों पर परिपक्वता दिखानी होगी। आंदोलन से जुड़े गैर जिम्मेदार तत्व अनाप-शनाप आरोप लगाएं तो कुछ हद तक समझा जा सकता है लेकिन अगर शासन में बैठे लोग भी इन तत्वों का समर्थन करते हुए दिखें तो उसे सही नहीं कहा जा सकता। यह एक अराजकता की स्थिति है।

बांग्लादेश में बद से बदतर हो रहे हालात एवं हिंदुओं पर लगातार हो रहे अत्याचार, उत्पीड़न, हमलों को लेकर संघ प्रमुख मोहन भागवत ने सावधान कर कोई गलत नहीं किया। सक्रिय, व्यवस्थित और संगठित होकर ही ऐसी नापाक एवं संकीर्ण मानसिकताओं का माकुल जबाव दिया जा सकता है। भागवत ने कहा, ''दुर्बल रहना अपराध है, हिंदू समाज को ये समझना चाहिए। अगर आप संगठित नहीं रहते हैं, तो आपको मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।'' देश के दुश्मनों की ओर इशारा करते हुए मोहन भागवत ने कहा, ''भारत लगातार आगे बढ़ रहा है, लेकिन जब कोई भी देश जो आगे बढ़ रहा होता है तो उसकी राह में अडंगा लगाने वाले लोग भी बहुत सारे होते हैं। इसलिए दूसरे देशों की सरकारों को कमजोर करना दुनिया में चलता रहता है।' लेकिन किसी राष्ट्र को कमजोर करने के लिये हिंदुओं यानी अल्पसंख्यकों पर हमलों का सहारा लेना, उन्हें प्रोत्साहित करना विकृत एवं अराष्ट्रीय मानसिकता का द्योतक है।

वैसे भी बांग्लादेश का विकास भारत के सहयोग पर निर्भर है, जिस भू-भाग को रवींद्रनाथ टैगोर 'आमार सोनार बांग्ला' (मेरा स्वर्णिम बंगाल) कहते थे, जहां की अर्थ-व्यवस्था एवं अन्य विकास योजनाएं भारत के सहयोग से ही आगे बढ़ती रही है, कभी भारत की कोशिशों से ही बांग्लादेश अस्तित्व में आया था। बांग्लादेश को आधी से ज्यादा बिजली भारत से मिलती है। अनाज की बड़ी सप्लाई भी भारत से होती है। अगर भारत ने व्यापारिक संबंध तोड़ लिए तो बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था चौपट हो सकती है। बावजूद इन सब स्थितियों के वहां भारत-विरोधी घटनाओं का उग्र से उग्रतर होना खुद के पांव पर कुल्हाड़ी चलाने जैसा है। बांग्लादेशी आकाओं को भगवान सद्बुद्धि दे। फिर भी अगर बांग्लादेश नहीं सुधरता है तो समय आ गया है कि हिंदुओं को निशाना बनाने की घटनाओं पर भारत कड़ा रुख अख्तियार करे। बांग्लादेश पर दबाव बनाने के साथ अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इस मुद्दे को पुरजोर ढंग से उठाना चाहिए। इसके लिए कूटनीतिक प्रयास तेज करने की जरूरत है।

हिन्दू अल्पसंख्यकों से जबरन इस्तीफा के लिये दबाव बनाने की घटनाएं, दुर्गा पूजा के पंडाल पर हमले चिन्ता के बड़े कारण हैं, यह हिन्दू अस्तित्व एवं अस्मिता को कुचलने की साजिश एवं षडयंत्र है, जिस पर भारत सरकार को गंभीर होने के साथ इन पर नियंत्रण की ठोस कार्रवाई की अपेक्षा है। बीते अगस्त में शुरू हुई राजनीतिक उथल-पुथल के बीच शेख हसीना का प्रधानमंत्री पद से हटना और भारत आने के बाद बांग्लादेश में भारत विरोधी गतिविधियों को असामाजिक तत्वों व कट्टरपंथियों द्वारा हवा दिया जाना शर्मनाक एवं विडम्बनापूर्ण है।

दृष्टि कोण

## लद्दाख आंदोलन की अनदेखी न हो

**एक** महीने से ज्यादा समय से लद्दाख से अपनी मांगों को लेकर पदयात्रा करते हुए सोनम वांगचुक के नेतृत्व में दिल्ली पहुंच कर सौ से ज्यादा लोग बैठे हैं। कठिन जलवायु में इतनी लंबी यात्रा करके 80 वर्ष के बूढ़े साथियों समेत यह दल दिल्ली पहुंचा है। दिल्ली पुलिस का इनके साथ व्यवहार कुछ अच्छा नहीं रहा। बिना कारण आप क्यों शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात कहने के लिए इतने कष्टों के बाद दिल्ली पहुंचने पर उनके साथ शकिया लोगों जैसा व्यवहार कर रहे हैं। पुलिस की यह अति सक्रियता स्वयंभू थी या प्रेरित, यह कहना तो कठिन है, किन्तु अवांछित थी, यह तो निश्चय ही कहा जा सकता है। उसके बाद भी अभी तक सरकार की ओर से आंदोलनकारियों से बातचीत का कोई संदेश मिला नहीं लगता। हरियाणा और जम्मू एवं कश्मीर के चुनाव के चलते सरकार की अति व्यस्तता तो समझ में आती है, किन्तु अब कोई बाधा नहीं दिखती, इसलिए यह आशा की जानी चाहिए कि सरकार अति शीघ्र वार्ता करके सोनम वांगचुक का आमरण अनशन समाप्त करवाएगी और समस्या का सर्व समावेशी हल तलाश करने की दिशा में मार्ग प्रशस्त करेगी, ताकि शांति बनी रहे। सोनम वांगचुक पिछली सर्दियों में भी लद्दाख की कुछ मांगों को लेकर लंबा अनशन कर चुके हैं। उनकी कुछ मांगें केवल लद्दाख केन्द्रित हैं और कुछ पूरे हिमालय के संवेदनशील पर्यावरण को बचाने से संबंधित हैं। लद्दाख को सी श्रेणी राज्य का दर्जा देकर विधानसभा और उप राज्यपाल की व्यवस्था की जा सकती है। जाहिर है कि स्थानीय समस्याओं को जितना चुने हुए प्रतिनिधि समझ सकते हैं उतना प्रशासनिक तंत्र नहीं समझ सकता, जिससे लोगों में असंतोष बना रह सकता है। इस सीमान्त क्षेत्र में देश किसी असंतोष को सहन करने की स्थिति में नहीं है। दूसरी मांग छठी अनुसूची में डालने की है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 244 के अनुसार छठी अनुसूची लागू की गई। छठी अनुसूची को स्वायत्त जिला परिषदों की स्थापना और संचालन करके स्वदेशी आदिवासी समूहों की रक्षा के लिए बनाया गया था। असम, मिजोरम और मेघालय में तीन-तीन स्वायत्त जिला परिषदें हैं, त्रिपुरा में केवल एक है। स्वायत्त जिला परिषदों को अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले क्षेत्रों के लिए कानून बनाने का अधिकार है, जिसमें भूमि, खेती, विरासत, वन, और रीति-रिवाजों सहित आदिवासी और स्वदेशी समूहों से संबंधित हर पहलू को शामिल किया गया है। उन्हें भूमि और अन्य कर एकत्रित करने का भी अधिकार है। इससे छठे अनुसूची क्षेत्रों को बाहरी दबावों से बचाव की प्रभावी शक्तियां मिल जाती हैं, जिनका उपयोग स्थानीय संवेदनशील पर्यावरण और परंपराओं को संरक्षित करने में किया जा सकता है। पर्वतीय लोग आर्थिक रूप से उतने सशक्त नहीं होते क्योंकि वहां संसाधनों की कमी रहती है। यदि कुछ संरक्षण न दिया जाए तो पैसे वाले लोग वहां के संसाधनों को खरीद कर स्थानीय लोगों को हाशिए पर ला सकते हैं। यह डर सभी पर्वतीय राज्यों में कमोबेश रहा है। आदिवासी लोगों में यह और भी ज्यादा है। इस मुद्दे पर चर्चा करके रास्ता निकाला जा सकता है। लेकिन उनकी चिंता निराधार नहीं ठहराई जा सकती। सुना गया है कि लद्दाख के लोगों से छठी अनुसूची में लाने का वादा वर्तमान सरकार द्वारा किया गया था, तो इस समस्या को हल करने में कठिनाई नहीं होनी चाहिए। फिर भी सरकार हिचकिचा क्यों रही है, समझ से परे है। पर्यावरण संरक्षण से जुड़े मुद्दों के बारे में उनकी मांगें हिमालय व्यापी महत्व रखती हैं। इसी कारण अन्य हिमालयी राज्यों में भी सोनम वांगचुक के संघर्ष के प्रति समर्थन का भाव है। पर्यावरण मित्र विकास और बृहदाकार निर्माण आधारित विकास में टकराव पूरे हिमालय में ही देखने को मिल रहा है। बृहदाकार निर्माण आधारित विकास संवेदनशील हिमालयी परिस्थिति तंत्र को तोडफ़ोड़ कर आगे बढ़ता है जिससे एक ओर पर्वतीय क्षेत्रों में मानव निर्मित आपदाओं में बढ़ोतरी हो रही है, तो दूसरी ओर लोगों को पर्याप्त रोजगार भी नहीं मिल रहे। आपदाग्रस्त और विस्थापितों का पुनर्वास भी बड़ी समस्या बना हुआ है। भाखड़ा और पौंग बांधों के विस्थापित अभी तक भी पूरी तरह से बस नहीं पाए हैं। इसलिए हिमालय में विकास के लिए वैकल्पिक मॉडल की खोज नवाचार के माध्यम से करनी होगी। कम से कम इतना तो मान कर ही चलना होगा कि हिमालय के लिए 'स्माल इज ब्यूटीफल' पर्वतीय राज्यों पर जलविद्युत उत्पादन का बड़ा दबाव है। इसमें कुछ नदियां तो लुप्त प्रायः ही हो गई हैं। ये झील में हैं या सुरंग में हैं। नदी तंत्र की रक्षा के लिए नदी दोहन की कोई सीमा निर्धारित करनी होगी। मान लो 60 फीसदी से ज्यादा नदी का दोहन नहीं करेंगे, तो नदी भी जिंदा रहेगी और बिजली भी बन जाएगी।

कुछ अलग

## आह पेंशन भोगी! वाह पेंशन भोगी!..

**समस्त** जीव जगत नस्ल नस्ल के भोगियों, रोगियों से अटा पटा पड़ा है। यहां कोई कर्मभोगी है तो कोई धर्मभोगी। कोई गरमभोगी है तो कोई नरमभोगी। कोई शर्मभोगी है तो कोई बेशर्मभोगी। कोई सत्ताभोगी है तो कोई म_ाभोगी। कोई पेंशनभोगी है तो कोई वेतनभोगी। पर मैं इन सबसे अलग हटकर भुक्तभोगी हूं। अपनी अपनी फील्ड में चरम भोग करने के बाद भी हर भोगी की अपनी अपनी पीड़ाएं हैं, अपनी अपनी कथाएं, अंतरकथाएं हैं, अपनी अपनी व्यथाएं हैं। वे वेतनभोगी वेतनभोगी नहीं जिनकी पांचों उंगलियां घी में और सिर हरदम कड़ाही में न हो। मेरे लिए ऐसे वेतनभोगी प्रातः स्मरणीय हैं, पल पल वरणीय हैं। कभी वे भी ऐसे ही वेतनभोगी थे। जब वे वेतनभोगी थे तो मत पूछो कितने भोगी थे? पर सब उनको कहते योगी थे। योगी वही जो जमकर अपने पद का भोग करे, उपभोग करे, दुरुपयोग करे। और अब वे वेतनभोगी से पेंशनभोगी क्या हुए कि जब देखो रोना ही रोना। सरकार ये नहीं दे रही, सरकार वो नहीं दे रही। महीनों के मेडिकल क्लेम लटके पड़े हैं। पहले तो अपना राज था। बिन बीमार हुए भी जितना मन किया कागजों में जमकर बीमार हो लेते थे। अब सच्ची को बीमार हो रहे हैं तो महीनों के मेडिकल क्लेम पेंडिंग। डर लगता है अब तो सच्ची को बीमार होते भी। कल इन्हीं पेंशनभोगी जी महाराज का फोन आया। मुझे पता था कि इधर मैं उनका फोन उठाऊंगा, उधर वे अपना पेंशनरी रोना शुरू कर देंगे। जबकि उनको लाख बार कहा कि बंधु! बड़े से बड़े वेतनभोगी को भी एक न एक दिन पेंशनभोगी होना ही पड़ता है, चाहे वह नाक रगड़ रगड़ कितनी ही एक्सटेंशनें लेता रहे। इसलिए हे नर! पेंशनर होने के दिन रोने के नहीं, लंबी तान प्रसन्नचित्त सोने के दिन हैं। जनता की गालियों से बचे तो करोड़ों कमाए। मैंने फोन उठाते ही उन पेंशन पीड़ित को हंसाते पूछा, 'और प्रभु, कैसे हो?' 'बुरे हाल हैं। पेंशन मर्जी की मिल रही है', वे पेंशनभोगी होने से पहले जो अपने ऑफिस में काम करवाने आने वालों को रुलाया करते थे, उनकी तरह रोने लगे। 'तो क्या हो गया? इसी बहाने सब्र से इंतजार करने का आनंद लो। यहां इंतजार करने के सिवाय और कर भी क्या सकते हैं?' 'खाक आनंद लो! अब कहां रहा पेंशन में वह सब्र! काश! तुम भी मेरी तरह पेंशनधारी होते तो तुम्हें पता चलता कि पेंशन का इंतजार पेंशनर पल पल कैसे करता है? एक तो पेंशनर होने के बाद और पहले ही टेंशनें कम न थीं, अब पेंशन की भी टेंशन। अब देखो न! वेतनभोगियों को वेतन पहले और पेंशनभोगियों को पेंशन बाद में! क्या पेंशनभोगी भोगी नहीं? क्या हमारे पेट नहीं? क्या हमारे बच्चे नहीं? क्या हमारे बीवियां नहीं? ऊपर से हर दूसरे दिन कोई न कोई त्योहार! क्या हमारी जरूरतें नहीं? बंधु! जीव मर जाता है, पर उसकी जरूरतें कभी नहीं मरतीं। क्या हम बीमार नहीं होते? वैसे पेंशनभोगी और पितर को प्रसन्न करना बहुत आसान होता है बंधु! पेंशनभोगी को समय पर पेंशन, मेडिकल क्लेम और एरियर मिल जाएं तो वह प्रसन्न और पितर का उसकी तिथ पर श्राद्ध हो जाए तो वह प्रसन्न।' 'देखो दोस्त! भले ही पेंशनभोगी नरकभोगी हो जाए तो हो जाए, पर सरकारी एरियर की एक खासियत तो जरूर है कि वह नहीं मरता। एरियर के असली हकदार के मरने के बाद भी उसे नहीं तो उसके परिवार वालों को मिलकर ही रहता है।' 'ऐसे एरियर का क्या करना जो जायज हकदार के मरने के बाद मिले, जिसका वह भोग न कर सके', मित्र ने वाजिब सवाल उठाया तो मैंने उन्हें मरने के बाद मिलने वाले एरियर का सबसे बड़ा लाभ बताया, 'देखो दोस्त! वैसे जाने के बाद तो छोड़ो, जिंदा रहते भी बिन जरूरत के यहां कोई किसी को याद नहीं करता। पर जब तुम्हारे मरने के बाद तुम्हारे नाती-पोतों को तुम्हारा एरियर मिलेगा तो कुछ देर के लिए ही सही, मत पूछो, उन्हें कितनी प्रसन्नता होगी।

देश दुनीया से

## युवा डॉक्टरों को भी आत्मनिरीक्षण की जरूरत

हां, उनका दृढ़ निश्चय या सत्ताधारी राजनीतिक प्रतिष्ठान से लड़ने का उनका साहस वाकई में प्रशंसनीय है। फिर भी, मैं उनसे और उनके वरिष्ठ सहयोगियों से अपील करना चाहता हूं कि वे अपने क्षितिज को व्यापक बनाएं, पर्याप्त रूप से आत्म-चिंतनशील बनें और साथ ही आधिपत्यवादी बायोमेडिसिन की खामियों का आलोचनात्मक विवेचन करें – इसके प्रभुत्व का विमर्श, इसके वस्तुकरण और इससे जुड़े अनेकानेक आचरणों का। हालांकि, डॉक्टरों का मैं भी प्रशंसक हूं, और मैं आधुनिक चिकित्सा की उल्लेखनीय उपलब्धियों से अवगत हूं। जैसे कि, व्यक्ति इंसुलिन लेकर अपने मधुमेह को नियंत्रित कर लेता है और यथासंभव सामान्य जीवन सुचारु रूप से जीता है, या फिर घुटने की सर्जरी करवाकर पुन: आत्मविश्वास से चलने लगता है – आधुनिक चिकित्सा की श्लाघापूर्ण गाथाएं हर घर में सुनी जा सकती हैं।

अब जब मैं कोलकाता से यह लेख लिख रहा हूं, तो युवा डॉक्टरों को सड़क पर उतरकर, अपनी आवाज़ उठाते, पश्चिम बंगाल के सरकारी अस्पतालों में भ्रष्टाचार के विशाल नेटवर्क का पर्दाफाश करते या उनमें व्याप्त 'धमकाने वाली संस्कृति' के अत्याचार को उजागर करते और अपने कार्यस्थल पर सुरक्षा और संरक्षण की मांग करते हुए देख रहा हूं। हां, उनका दृढ़ निश्चय या सत्ताधारी राजनीतिक प्रतिष्ठान से लड़ने का उनका साहस वाकई में प्रशंसनीय है। फिर भी, मैं उनसे और उनके वरिष्ठ सहयोगियों से अपील करना चाहता हूं कि वे अपने क्षितिज को व्यापक बनाएं, पर्याप्त रूप से आत्म-चिंतनशील बनें और साथ ही आधिपत्यवादी बायोमेडिसिन की खामियों का आलोचनात्मक विवेचन करें – इसके प्रभुत्व का विमर्श, इसके वस्तुकरण और इससे जुड़े अनेकानेक आचरणों का। हालांकि, डॉक्टरों का मैं भी प्रशंसक हूं, और मैं आधुनिक चिकित्सा की उल्लेखनीय उपलब्धियों से अवगत हूं। जैसे कि, व्यक्ति इंसुलिन लेकर अपने मधुमेह को नियंत्रित कर लेता है और यथासंभव सामान्य जीवन सुचारु रूप से जीता है, या फिर घुटने की सर्जरी करवाकर पुनः आत्मविश्वास से चलने लगता है – आधुनिक चिकित्सा की श्लाघापूर्ण गाथाएं हर घर में सुनी जा सकती हैं। लेकिन फिर भी, इन उपलब्धियों के बावजूद, मैं अपनी दुविधा से इनकार नहीं कर सकता, यहां तक कि आधुनिक बायोमेडिकल व्यवस्था की कुछ गंभीर आलोचना भी करता हूं। मैं चाहता हूं कि युवा डॉक्टर – विशेषकर – क्योंकि उन्होंने अभी तक अपनी आलोचनात्मक सोच खोई नहीं होती, व्याप्त प्रणाली की आलोचना पर विचार करें और अपने संघर्ष को एक नया अर्थ दें। युवा डॉक्टरों को ज्ञान की प्रचलित राजनीति पर विचार करने की जरूरत है। क्या यह तथ्य नहीं है कि आयुर्वेद, यूनानी या होम्योपैथी जैसी 'पारंपरिक' चिकित्सा प्रणालियों को खारिज करना काफी आसान है? यदि बतौर एक मरीज आप आधुनिक बायोमेडिकल प्रणाली से असंतोष के बारे में बोलने की हिम्मत करते हैं, तो आपको याद दिलाया जाएगा कि आप केवल एक अनाड़ी हैं, इसलिए, आपके लिए डॉक्टर द्वारा सुझाए गए या निर्धारित की गई हर चीज या लिखे नुस्खे को स्वीकार करना श्रेयस्कर है। वास्तव में, जैसा कि इवान इलिच ने अपनी उत्कृष्ट रचना 'लिमिट्स टू मेडिसिन' में बड़ी बारीकी से व्यक्त किया है कि आधिपत्यवादी बायोमेडिसिन में निहित प्रभुत्व का विमर्श रोगी की प्रभावशीलता को सीमित कर देता है। लेकिन फिर, बतौर रोगी, आप केवल मापने योग्य मापदंडों (मसलन, आपका ब्लड कल्चर, या आपकी बायोप्सी रिपोर्ट के निष्कर्ष) के एक समुच्चय के साथ कोई 'पहचानहीन' शरीर न होकर, चेतना सहित एक जीवित आत्मा और जीता-जागता व्यक्तित्व भी हैं, और आप जिस ढंग से जीना या मरना चाहते हैं, उसको लेकर आपकी अपनी पसंद होनी चाहिए। क्या आपके लिए जरूरी है कि किसी सुपर-स्पेशिएलिटी अस्पताल के आईसीयू में कीमोथैरेपी की दर्दनाक प्रक्रिया से गुजरें, इस उम्मीद के साथ कि इससे आपको 'एक्यूट माइलॉयड ल्यूकेमिया' के दर्द से अस्थायी राहत मिल सकेगी, और अगले दो महीने तक और जीवन चल सकता है? या, क्या आपको खुद को एक्सपेरिमेंट करने की एक वस्तु में बदलने से मना कर देना चाहिए और अपने घर वापस लौटना चाहिए ताकि अपने शयनकक्ष में, अपने प्रियजनों की मौजूदगी के बीच दुनिया छोड़ी जा सके? चाहे यह 'वैज्ञानिकता' की शक्ति और आभा से युक्त सर्वश्रेष्ठ डॉक्टर हों या फिर कृत्रिम जीवन-रक्षक प्रणालियों की तकनीक, किसी को भी आपको आपकी पसंद या आपकी इच्छा से वंचित करने की अनुमति नहीं होनी चाहिए। हालांकि, विडंबना यह है कि आधिपत्य वाली बायोमेडिसिन के कारण और इलिच के शब्दों में कहें तो, 'मौत के चिकित्साकरण' के परिणामस्वरूप लगता है हममें से अधिकांश ने जीने और मरने के अनुभव पर अपना नियंत्रण खो दिया है। डॉक्टरों और उनसे संलग्न दवा उद्योग की हर बात पर 'हां' न कहने को अक्सर गैरजिम्मेवाराना काम या 'विज्ञान विरोधी' स्वभाव का प्रदर्शन माना जाता है! इसी प्रकार, क्या युवा डॉक्टरों के लिए यह संभव होगा कि वे इस बात से कुछ असहज महसूस करें कि उनके पेशे को किस प्रकार व्यापार या मुनाफ़ा कमाने वाले धंधे में बदल दिया गया है? बेशक, डॉक्टरों को कमाने और एक बढ़िया जीवन जीने की ज़रूरत है। लेकिन फिर, हम देखते हैं कि कैसे हमारे भीड़भाड़ से अटे सरकारी अस्पतालों में अच्छी सुविधाओं की कमी के कारण (मत भूलें कि वित्तीय वर्ष 2024 के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य पर व्यय सकल घरेलू उत्पाद का केवल 2.2 प्रतिशत रखा गया है) कॉर्पोरेट सुपर-स्पेशियलिटी अस्पताल 'बढ़िया स्वास्थ्य' को 'उचित' मूल्य सूची के साथ एक वस्तु के रूप में बेचने में संकोच नहीं करते – मसलन, आईसीयू में रखने का खर्च प्रतिदिन 90,000 रुपये, या डीलक्स कमरा : 75,000 रुपये हर रोज, या बाईपास सर्जरी और किडनी प्रत्यारोपण के लिए आकर्षक 'पैकेज' या 'छूट'।

आप का नजरीया

## लौट आओ हिमाचल

**कनाडा** में बसे हिमाचलियों के मन में राज्य के प्रति सरोकार, उनकी सांस्कृतिक एकता से पुनः प्रदर्शित हुए और इसी सद्भावना की प्रशंसा मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने की है। खास तौर पर वह उन्हें राज्य में निवेश के लिए प्रेरित कर रहे हैं। दरअसल हिमाचल के बाहर एक ऐसा समृद्ध हिमाचल है, जो राज्य का संबल बन सकता है। सवाल यह है कि लौट के क्यों वे हिमाचल आएं। निश्चित रूप से घर की संवेदना, धरती का मोह उन्हें खींच कर वापस ला सकता है, बशर्ते हम उनका स्वागत-सम्मान कर पाएं। हालांकि राज्य में उलटी बयार बह रही है। रोज एक हिमाचल रात्रिकालीन बसों में दूर कहीं निकल कर, अपनी सुबह टटोलता है। उसकी सुबह देश के विभिन्न शहरों, राज्यों व अंतरराष्ट्रीय समुदाय के बीच होती है। सुबह को हमने दिन की कैद में उजाड़ दिया। एक भेड़ चाल में चलते हुए हमारा भविष्य क्यों गौण हुआ। क्यों हमारी उपाधियां शून्य होने के कगार पर हैं। हिमाचल में पैदा हो रहे रोजगार का इतना निर्यात हो गया कि पूरा बीबीएन, एक अलग प्रदेश नजर आता है। वहां की धूप बैसाखियों पर चलती है, क्योंकि सुबह की लाली को कोई बाहरी ले गया। वहां अगर हिमाचल होता, तो औद्योगिक करवटों में रोजगार का निर्माण होता, लेकिन वहां ठेके पर जो लाद रहा है, उसने दिहाड़ी का निर्यात किया है। जाहिर है इस निवेश से मजदूरी निकली, लेकिन हम इसके साथ कहां तक चलते। हमारी शिक्षा हमें सफेदपोश बनाने को उकसाती है। हम कच्ची-पक्की नौकरी का मूल्यांकन करते हुए भी सरकारी क्षेत्र में अस्थायी या अनुबंधित रोजगार को वरीयता देते हैं। इसी के चलते सरकारें निवेश करती रहीं ताकि सरकारी नौकरी मिलती रहे। खैर अब ऐसे हालात नहीं कि सरकार युवा शक्ति को अपने रोजगार कार्यालय के भरोसे प्रेरित कर सके, इसलिए निजी निवेश चाहिए ताकि राज्य में आगे बढने के संदेश बदलें। विडंबना यह है कि हिमाचल में पूंजी निवेश के दायरे में फिजाओं का स्पर्श अनुकूल नहीं रहा, दूसरे यह भी कि किस दिशा में आगे बढ़ा जाए। हिमाचली युवा से पूछा जाए कि वह किस ओर टकटकी लगाए बैठा है या प्रदेश से निकली अर्जियों का मजमून पढ़ा जाए तो मालूम होगा कि रोजगार के किन विषयों में युवाओं की जिज्ञासा बढ़ी है। जाहिर है आईटी के क्षेत्र में हिमाचली बच्चों को मंजिलें व मकसद कहीं दूर मिल रहे हैं। यानी जिन राज्यों ने आईटी पार्क बनाए, वहां निवेश के हर पहलू ने आर्थिकी व रोजगार दिए। पर्यटन में मनोरंजन, रोमांच और कांफ्रेंस आयोजन के माध्यमों में निवेश की एक अलग संस्कृति विकसित हो रही है और अगर इसे हिमाचल अंगीकार कर ले, तो बाधाओं की धूल और आर्थिक संकट के बादल छंट जाएंगे। बेशक हिमाचली एनआरआई अगर लौटते हैं, तो वे नैतिकता के बंधन और राज्य के सरोकारों के कारण ही आएंगे। इसलिए सर्वप्रथम ईज ऑफ डूईंग बिजनेस के सारे पैमान लबालब करने होंगे, ताकि ऐसा माहौल मिल सके और उस सुकून में बढ़ोतरी हो जो विदेशी परिपाटी में कोई अनहोनी घटना नहीं। पूर्व मंत्री स्व. जीएस बाली ने ऊना में बाकायदा एक एनआरआई सिटी का ख्वाब देखा था।

# जिला जनसंपर्क कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन कर दी गई जानकारी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला जनसंपर्क कार्यालय के सभागार में मतदान से संबंधित जानकारी देने के दौरान मतदान को लेकर शपथ दिलाई गई। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन ने कहा कि मतदान केंद्र परिसर में पत्रकारों को आने-जाने में परेशानी ना हो इसे लेकर पहचान पत्र निर्गत किया जाएगा। इसके लिए निर्वाचन आयोग से मिले निर्देश के अनुसार सभी कार्यालय प्रभारी अपने संवाददाताओं का सूची के साथ फोटो उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। साथ ही मतगणना केंद्र के लिए एक संस्थान से एक पहचान पत्र निर्गत करने का निर्देश मिला है। उस आलोक में आप सभी एक-एक संवाददाताओं का सूची व फोटो उपलब्ध समय पर करा दें,ताकि पहचान पत्र आप सभी को उपलब्ध कराया जा सके। इस दौरान डॉ चंदन ने उपस्थित पत्रकारों को मतदान को लेकर शपथ दिलाया। मौके पर सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी सुधा राज समेत प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## सांसद कालीचरण सिंह से मिला टंडवा का शिष्टमंडल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** चतरा सांसद काली चरण सिंह से टंडवा का एक शिष्टमंडल रिम्स रांची में मिला। शिष्टमंडल के द्वारा सांसद के पूर्ण स्वस्थ होने की शुभकामना प्रकट किया, साथ ही राजनीतिक चर्चा भी किया गया। जैसा कि विदित है कि, चतरा सांसद की तबियत खराब हुई थी, चिकित्सक विशेषज्ञों के देख रेख में सांसद अभी रिम्स में ही है। जल्द पूर्ण स्वस्थ होने के बाद सांसद जनता के बीच क्षेत्र में पहुंचेंगे। टंडवा शिष्टमंडल में भाजपा नेता ईश्वर दयाल पांडेय, प्रमोद कुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष संजीव पांडेय, राम चन्द्र गुप्ता, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष रमेश राणा, गणेश पासवान व टिंकू प्रजापति शामिल थे।

## आदर्श अचार संहिता को देखते हुए शराब पर कसी गई नकेल



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड क्षेत्र के बिरहु और लमटा चेक पोस्ट एवं विभिन्न होटलों और ढाबा में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान सैकड़ों लीटर शराब और बीयर की भरी बोतल बरामद किया गया। छापेमारी में एक्साइज इंस्पेक्टर चतरा, अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज अंचलाधिकारी गौरव कुमार राय, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद सिमरिया के संयुक्त छापेमारी की गई। छापेमारी में दो अभियुक्त को गिरफ्तार भी की गई है। वहीं अवैध रूप से की जा रही खनन पर भी कारवाई की गई। बरामद में कई शराब की बोतल और बीयर की बोतल बरामद किया गया।

## नामांकन में कल्पना सोरेन की आने की तैयारी शुरू, पंडाल का कार्य जारी



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमरिया अ ज 26 2024 चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू है। जिसे लेकर झारखण्ड सरकार हेमंत सोरेन और गांडेय विधान सभा के विधायक कल्पना सोरेन की सिमरिया महागठबंधन सह जे एमएम के प्रत्याशी मनोज चंद्रा के नामांकन 22 अक्टूबर को नामांकन में शामिल हो रहे हैं। जिसे लेकर पंडाल बनाने का कार्य शुरू है। पंडाल स्थल कर्बला मैदान की जांच करने के लिए एसडीपीओ प्रदीप कुमार और जेएमएम प्रत्याशी मनोज चंद्रा ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रेमलता चंद्रा, साहिल अंसारी नासिर अंसारी, संदीप कुमार, मदन कुमार के अलावे अन्य लोग शामिल थे।

## बिजली की करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत, छाया मातम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** कुन्दा थाना क्षेत्र के मरगड्डा पंचायत अंतर्गत पिंजनी गांव में शनिवार की सुबह बिजली की करंट लगने से यदुनंदन यादव के 45 वर्षीय पुत्र देवेंद्र यादव की ईलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि वह किसी काम को लेकर जा रहे थे, इसी दौरान 440 वोल्ट बिजली करंट के संपर्क में आ जाने से उनकी मौत हो गई। देवेंद्र यादव अपने पीछे पत्नी समेत तीन पुत्री एवं दो पुत्र को छोड़ गए हैं, उनकी बड़ी पुत्री विवाह योग्य हो चुकी है।इस घटना से परिवार में शोक की लहर व्याप्त है। वही परिजनों ने बिजली विभाग से मुआवजे का माँग किया है।

## सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** सतर्कता जागरूकता अभियान, 2024 के तहत मगध संघमित्रा क्षेत्र के डहु गांव में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जहां कुल 108 मरीजों की जांच की गई और मुफ्त में दवाएं वितरित की गई। किशोरियों और महिलाओं के बीच सेनेटरी पैड वितरित किए गए, जबकि महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों को पोषण आहार की टोकरियाँ वितरित की गई। इसके अलावा डहु के मध्य विद्यालय में सतर्कता एवं सत्यनिष्ठा विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 28 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर मगध संघमित्रा क्षेत्र के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नीरज कुमार, सीएसआर पदाधिकारी डॉ दिग्विजय कुमार, डहु पंचायत के मुखिया, वार्ड सदस्य एवम अन्य उपस्थित थे।

## जेएमएम सह महागठबंधन प्रत्याशी मनोज चंद्रा ने इटखोरी निवासियों से मांगा आशीर्वाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिले के इटखोरी प्रखण्ड क्षेत्र में सिमरिया विधान सभा झारखण्ड मुक्ति मोर्चा सह महा गठबंधन प्रत्याशी मनोज चंद्रा ने नामांकन करने से पूर्व इटखोरी प्रखण्ड क्षेत्र के गणमान्य बुद्धिजीवियों से अपने पक्ष में समर्थन के लिए आशीर्वाद मांगा। ग्रामीणों एवं चौक चौराहे पर मौजूद गणमान्य लोगों ने प्रत्याशी मनोज चंद्रा को बहुमूल्य वोट एवं समर्थन देने का आशीर्वचन दिया कहा कि वर्षों से हम लोग विकास के लिए ग्रसित है। अब किसी के छलावे और बहकावे में यहां की जनता नहीं आवेगी। भाजपा के विधायक किसुन दास को भी वोट और बहुमत देकर देख लिया हूं परंतु अभी तक विकास किसे कहते है हम लोगों को नहीं मालूम। अंत में इटखोरी प्रखण्ड और मयूरहंड में सैकड़ों ग्रामीणों ने प्रत्याशी मनोज चंद्रा को जम कर स्वागत किया। एक स्वर में कहा कि अबकी बार मनोज चंद्रा को सिमरिया विधान सभा का ताजपोशी की जाएगी।

## दो आमने-सामने बाइक की टक्कर में एक युवक घायल स्थिति गंभीर

**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के अंतर्गत बारीसाखी पंचायत गांव निवासी स्वर्गीय मिथलेश साव के 22 वर्षीय पुत्र अजय कुमार साव बाइक की आमने सामने की टक्कर में गम्भीर रूप से घायल हो गया।घटना बीते शुक्रवार की देर शाम की है। बताया गया कि युवक बाइक से रांची मजदूरी करने जा रहा था। इसीबीच रांची ओरमांझी के समीप दो बाइक की अआमने सामने से टक्कर हो गयी।। जिससे मजदूर अजय कुमार साव गम्भीर रूप से घायल हो गया है। घायल युवक का इलाज पल्स हॉस्पिटल रांची में भर्ती कराया गया है। जहां युवक की स्थिति गंभीर बताया जा रहा है।

## सड़क दुर्घटना में 60 वर्षीय मजदूर की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पाटन थाना क्षेत्र के किशैनी गांव निवासी मजदूर नकाई सिंह उम्र 60 वर्ष की बीती रात सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया की किसैनी सिंह शुक्रवार की सुबह पाटन थाना क्षेत्र के किशनपुर गांव मजदूरी करने गए थे। उधर से शाम में साइकिल पर सवार होकर अपने घर लौट रहे थे।इसी बीच रास्ते में अज्ञात मोटरसाइकिल ने उन्हें धक्का मार दिया। जिसमें साइकिल से गिर कर वह गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा घायल नकाई सिंह को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया।जहां इलाज के बाद भी चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर दिया।वही घटना की जानकारी मिलने पर पाटन पश्चिमी जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह अस्पताल पहुंच कर सिविल सर्जन को फोन कर घायल के परिजनों को निशुल्क एंबुलेंस उपलब्ध करवा कर अपने देखरेख में घायल नकाई सिंह को इलाज के लिए रांची रिम्स भेजा।रांची रिम्स ले जाने के क्रम में नकाई सिंह की रास्ते में ही मौत हो गई।वही नकाई सिंह की मौत की जानकारी मिलने पर शनिवार की सुबह भी संग्राम सिंह पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर अपने देख रेख में नकाई सिंह का पोस्टमार्टम करवाया। वही पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनोंको सौंप दिया गया है।इसके बाद परिजनों के द्वारा इस घटना की जानकारी पाटन थाना की पुलिस को दी गई।घटना की जानकारी मिलने के बाद से पुलिस अज्ञात वाहन का पता लगाने में जुट गई है।बताते चले की नकाई सिंह बहुत ही गरीब व्यक्ति थे। मजदूरी करके किसी तरह अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करते थे।

## स्कूली बच्चों ने निकाला मतदाता जागरूकता रैली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ परियोजना उच्च विद्यालय, बेसिक स्कूल एवम उच्च विद्यालय बालूमाथ के बच्चों ने शनिवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली। रैली में शामिल छात्र-छात्राओं ने अपने हाथों में बैनर व तख्तियाँ लेकर पहले मतदान फिर जलपान, जन-जन की यही पुकार वोट देना अपना अधिकार, सारा काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो समेत कई नारा लगा रहे थे। रैली प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय से आरंभ होकर प्रखंड कार्यालय, मरपा मोड, सहीद चौक, चेक पोस्ट, थाना चौक, बेसिक स्कूल होते हुए कई टोला मोहल्ले का भ्रमण किया। वहीं रैली समापन के दौरान शिक्षक निर्मल कुमार सिन्हा ने कहा कि सभी बच्चे अपने-अपने घरों में जब जाएं तो अपने-अपने अभिभावकों से कहें की वोट देना हमारा अधिकार है और हर लोगों को वोट देने के लिए प्रेरित आप लोग करें और अपना भी वोट समय से दे। वहीं शिक्षक श्री सिन्हा ने कहा कि वोट करने से आपके मनपसंद एवं निष्पक्ष सरकार का निर्माण होता है जिससे राज्य का विकास संभव हो पता है। इस मौके पर शिक्षक विनोद कुमार, सरजू साहू, राजू कुमार, घनश्याम गंझु समेत कई लोग मौजूद थे।

## नगर पंचायत ने लावारिश मवेशियों को जब्त करना किया शुरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** नगर पंचायत प्रशासक राजीव रंजन के निर्देश पर नगर पंचायत के कर्मियों के द्वारा शनिवार को समाहरणालय गेट के समीप से लावारिश घूम रहे मवेशियों को कांजी हाउस में बंद किया गया। साथ ही मवेशी के मालिकों को सूचित किया गया है कि अपने मवेशी को लावारिश ना छोड़ें इससे यातायात में असुविधा होती है। बीच सड़क में मवेशी के बैठने से जाम का माहौल बन जाती है। अक्सर मवेशियों के चलते दुर्घटनाएं होते रहती है, और इस बीच सड़क दुर्घटनाएं की चपेट में आकर पशुओं की भी जानें चली जाती हैं।

## उड़नदस्ता टीम ने किया चेक पोस्ट का निरिक्षण



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड़ अंतर्गत बलबल में उड़नदस्ता की टीम ने बलबल चेक पोस्ट का निरीक्षण किया। उड़नदस्ता की टीम बीडीओ राहुल देव व थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने चेक पोस्ट मजिस्ट्रेट सचिन दत्त शर्मा को कई निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि चतरा हजारीबाग सीमाने पर बलबल चेकपोस्ट में वाहन चेकिंग अभियान लगातार चलाते रहने की बात कही।विधानसभा चुनाव नजदीक है।मौके पर पुलिस बल के जवान उपस्थित थे।

## जल जीवन मिशन योजना में महाघोटाले के लिए मंत्री मिथलेश ठाकुर जिम्मेवार : रवि डे




**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारत सरकार के महत्वकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल जल योजना के तहत झारखंड के लाखो लोगों को शुद्ध पेयजल मिलता परंतु पेयजल स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथलेश ठाकुर ने भारी कमीशन खोरी करके इस महत्वाकांक्षी योजना को पूरी तरह भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ा दिया। उक्त बातें झाविस नेता सह समाजसेवी रवि डे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है। श्री डे ने कहा कि प्राक्कलन राशि का 30 से 40 प्रतिशत किसी तरह से ढांचा खड़ा करके बाकी 60 से 70 प्रतिशत राशि की बंदरबांट मंत्री और अधिकारीयों के बिच किया गया है। मिथलेश ठाकुर के मंत्री बनने से पेयजल स्वच्छता विभाग पुरी तरह से प्रखंड से लेकर राज्य तक भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है। इस विभाग के क्लर्क किरानी से लेकर बड़े अधिकारी केवल जनता का पैसे लुटकर अपने खरबपति बन रहे हैं।नल जल योजना के किसी भी ढांचा के योजना बोर्ड में प्राक्कलन राशि अंकित नहीं होना चीख-चीखकर भ्रष्टाचार की कहानी बता रहा है। इस योजना में भारी लुट के कारण ही अरबों रुपया खर्च होने के बाद भी एक बूंद शुद्ध पेयजल नशीब नहीं हो पा रहा है, इस योजना में धोखा खाने के बाद भी आम जनता विभाग और मंत्री पर बहुत नाराज हैं, ये नाराजगी पुरे प्रदेश में कभी भी बड़ा आन्दोलन का रुप ले सकता है।चपरासी अथवा क्लर्क किरानी के सह पर इतना बड़ा घोटाले को अंजाम नहीं दिया गया है, बल्कि लिखित रूप से मंत्री और विकास के बड़े अधिकारीयों के सह पर यह महाघोटाला हुआ है।आगे श्री डे कहा कि लातेहार के कार्यपालक अभियंता सहायक अभियंता, कनीया अभियन्ता और क्लर्क के मिलीभगत से मंत्री के सह पर करोड़ों रुपये का बंदरबांट किया गया है, गहन और निष्पक्ष जांच करवाकर घोटालेबाज को जेल भेजा जाए।

# माले नेता बिरजू राम के पहल पर पीड़ितों को मिला सहयोग राशि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** प्रखंड अंतर्गत मोरवाईकला के हेठली, झरना और ततहा गांव के ग्रामीणों का जंगली हाथियों द्वारा हुए जानोमाल के नूकसान का भारपाई के लिए माले जिला सचिव बिरजू राम और प्रतिनिधि मंडल ने वन विभाग के अधिकारियों से मुलाकात की। इससे जुड़े मामले को लेकर बिरजू राम प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि पिछले दिनों जंगली हाथियों से पीड़ित परिवारों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया था कि आप लोगों को वन विभाग से हुए जानोमाल के नूकसान की भारपाई कराने की कोशिश की जाएगी। उन्होंने बताया कि इसी सिलसिले में वन विभाग के आला अधिकारियों से बात कर वनपाल अखिलेश कुमार के माध्यम से 11 पीड़ित परिवार को पांच हजार रुपए की सहयोग राशि दिलाया गया। वहीं घटना में मृतक मोहन कोरवा के परिजन को पूर्व में ही तीस हजार रुपए मिले हैं साथ ही एक माह के अंदर सरकारी प्रावधान के मुताबिक चार लाख रुपए की राशि दिलाने की बात कही। बताया कि पीड़ितों के हुए नूकसान का मुआवजा ससमय नहीं मिलता है तो बाध्य होकर आंदोलन किया जाएगा जिसकी जवाबदेही वन विभाग की होगी। बताते चलें कि ऐसे मामले और खासकर अंतिम पायदान पर खड़े परिवारों को उनके उसी हाल पर छोड़ देने की परंपरा मुख्य राजनीतिक दलों या छोटे बड़े जनप्रतिनिधियों या फिर समाजिक कार्यकर्ताओं का बना हुआ है।

# गढ़वा से सत्येंद्र नाथ तिवारी और भवनाथपुर से भानु प्रताप शाही को मिला टिकट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** भाजपा ने झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए 66 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की है। इस सूची में गढ़वा से सत्येंद्र नाथ तिवारी और भवनाथपुर से भानु प्रताप शाही को पार्टी का उम्मीदवार घोषित किया गया है। भाजपा की यह सूची चुनावी तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि यह पार्टी के रणनीतिक कदमों को दर्शाती है। पार्टी द्वारा जारी की गई इस सूची में अन्य क्षेत्रों के उम्मीदवारों के नाम भी शामिल हैं।

# हजारीबाग में व्यय प्रेक्षकों ने अधिकारियों के साथ की समन्वय बैठक, चुनावी व्यय पर कड़ी निगरानी के निर्देश




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा झारखंड विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर प्रतिनियुक्त चुनाव पर्यवेक्षक (व्यय) द्वारा हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र में चुनाव संबंधी व्यय कोषांग के क्रियाकलापों का जायजा लेने के लिए व्यय प्रेक्षक श्री घोडके रोहित रमेश (आईआरएस), श्री योगेश कुमार (आईआरएस) एवं श्री ए.मणिमरन (आईआरएस) ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। 19 अक्टूबर (शनिवार) को समाहरणालय सभागार में व्यय कोषांग के नोडल अधिकारियों को चुनाव के दौरान व्यय निगरानी सेल के साथ समन्वय और तालमेल बनाकर काम करने और केंद्रीय टीम के साथ सभी बरामदगी के बारे में तुरंत जानकारी देने का निर्देश दिया। व्यय प्रेक्षक ने बैंक प्रतिनिधियों को 10 लाख से अधिक के किसी भी संदिग्ध लेन देन पर विशेष निगरानी रखने को कहा, साथ ही अभ्यर्थीयों के भी बैंक खातों से 10 लाख रु से अधिक के वित्तीय लेन देन पर अपनी पैनी नजर रखने को कहा तथा इसकी सूचना भी साझा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा चुनाव अवधि के दौरान अवैध शराब की आवाजाही की निगरानी बहुत महत्वपूर्ण है इसलिए सभी प्रमुख चौकियों पर अतिरिक्त चौकसी बरतने की आवश्यकता है। व्यय प्रेक्षक के द्वारा आदर्श आचार संहिता विधि व्यवस्था कोषांग के नोडल पदाधिकारी को निर्देशित किया कि आदर्श आचार संहिता संबंधी शिकायतों पर उड़न दस्ता दल की दैनिक व्यय क्रिया-कलाप संबंधी प्रतिवेदन संबंधित विधानसभा क्षेत्र के सहायक व्यय प्रेक्षक को उपलब्ध करायेंगे। सभी पुलिस के नोडल पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि दैनिक नगदी /अन्य मदों संबंधित शिकायतों पर उड़न दस्तों (FST) द्वारा दैनिक क्रियाकलाप का रिपोर्ट प्राप्त कर एवं स्थैतिक निगरानी टीम (SST) द्वारा जब्त अन्य मदों से संबंधित शिकायतों पर दैनिक गतिविधि रिपोर्ट प्राप्त कर संबंधित विधानसभा क्षेत्र के व्यय प्रेक्षक को उपलब्ध करायेंगे। व्यय नोडल पदाधिकारी व उत्पाद विभाग के सभी नोडल पदाधिकारी को संबंधित रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने आपसी समन्वय के साथ कार्यों का निष्पादन करने के साथ साथ निर्वाचन कार्यों का सफलता पूर्वक संचालन करने की बात कही।

## सुरक्षा की दृष्टिकोण से बनेगा चेकनाका, विधानसभा चुनाव को लेकर बीडियो ने किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** विधानसभा चुनाव को लेकर बड़कागांव प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल ने बड़कागाँव उरीमारी के सीमावर्ती क्षेत्र का निरीक्षण किया। जिसमें बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल ने उरीमारी ओपी प्रभारी रामकुमार राम को सुरक्षा की दृष्टिकोण से कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही साथ बीडिओ ने कहा कि बड़कागांव विधानसभा चुनाव को लेकर हजारीबाग जिला प्रशासन के दिशा निर्देश के अनुसार सीमावर्ती क्षेत्र को शील कर गहनता पूर्वक वाहनों की जांच की जा रही है।इसे लेकर उरीमारी मार्केट चेक पोस्ट के समीप में जिला प्रशासन के द्वारा चेकनाका बनाया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि डीएवी पब्लिक स्कूल उरीमारी में सीआईएसएफ जवानों के ठहरने हेतु विद्यालय परिसर का निरीक्षण किया गया और विद्यालय प्रबंधन को साफ सफाई के लिए दिशा निर्देश जारी किया गया। उरीमारी ओपी प्रभारी रामकुमार राम ने कहा कि बड़कागांव विधानसभा का चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराया जाएगा जिसे लेकर पूरी तैयारी की जा रही है। इस मौके पर बड़कागाँव प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल, उरीमारी ओपी थाना प्रभारी रामकुमार राम सहित पुलिस सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## वृद्ध महिला से सोने की चेन और मंगलसूत्र की छिनतई

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कोर्रा थाना क्षेत्र के मटवारी गांधी मैदान गली में दिनदहाड़े एक वृद्ध महिला के गले से सोने की चेन और मंगलसूत्र की छिनतई की गई. पीड़ित महिला की पहचान चौपारण के निवासी सविता सिन्हा (पति विजय कुमार सिन्हा) के रूप में हुई है. सविता वर्तमान में गांधी मैदान गली में किराए के मकान पर रह रही हैं. घटना के अनुसार, साबिता सिन्हा शनिवार सुबह गांधी मैदान गली से निकलकर मेन रोड़ की ओर आ रही थी. तभी पीछे से एक बाइक पर सवार होकर दो युवक आए और उनके गले से सोने की चेन और मंगलसूत्र खींच लिया. घटना के बाद महिला रोती-बिलखती रहीं. भागते समय, सविता को मंगलसूत्र जमीन पर गिरा मिला, जो संभवतः छीनने के दौरान गिर गया था. महिला ने इस घटना की जानकारी थाना में लिखित आवेदन देकर दी है.

## विस चुनाव की तैयारी को लेकर बीडीओ ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विस चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद उससे जुड़ी तैयारियों को लेकर विष्णुगढ़ प्रखंड प्रशासन ने पूरी ताकत झोंक दी है। शुक्रवार को विष्णुगढ़ बीडीओ अखिलेश कुमार ने प्रखंड के 420,421,422 मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। आज शनिवार को 396,403,449 समेत अन्य मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। बीडीओ अखिलेश कुमार ने मतदान केंद्रों पर बड़ी बारीकी से बिजली, पेयजल, शौचालय, सड़क, रैंप समेत अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं में जो कमी है,उसे समय रहते पूरा कर लिया जाएगा। मतदाताओं के किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। मांडू विस क्षेत्र की अधिसूचना 22 अक्टूबर को जारी होगी।विष्णुगढ़ प्रखण्ड के विष्णुगढ बगोदर मार्ग तथा विष्णुगढ़ गोमियाँ मार्ग पर चेक पोस्ट का भी निर्माण कर दिया गया है, जो 24म7 कार्य कर रही है। आदर्श आचार संहिता के अनुपालन को लेकर भी प्रखंड प्रशासन सतर्क है।

## भामाशाह विद्या मन्दिर में अर्धवार्षिक परीक्षाफल का किया वितरण



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर बरही मे सत्र 2024- 25 का अर्द्धवार्षिक परीक्षाफल वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का प्रारंभ वंदना सभा मे पूर्व छात्र दीपक द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्जवलन एवं पुष्पार्चन से हुआ। इनके माध्यम से ही सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर बरगंडा मे आयोजित तीन दिवसीय प्रांतीय गणित-विज्ञान मेला मे भाग लेने वाले प्रतिभागी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इन्होंने कहा कि अपने ज्ञान- विज्ञान को जानना है और इसका प्रयोग करना हमलोगो का कर्तव्य है। परीक्षाफल की घोषण एवं पुरस्कार वितरण का कार्य विद्यालय के परीक्षा विभाग प्रमुख धीरज कुमार ने किया। कक्षाशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहनो को प्रशस्तिपत्र दिया गया। प्रशस्तिपत्र वितरण करने मे सभी आचार्य एवं दीदीजी का सहयोग रहा। आशीर्वचन विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पाण्डेय के द्वारा किया गया। इस दौरान इन्होंने कहा कि लक्ष्य निर्धारण कर अध्ययन करने से उत्कृष्ट अंको के साथ सफलता हासिल होती है।

## चतरा सांसद से सांसद मनीष जायसवाल ने रिम्स में किया मुलाक़ात, जाना कुशलक्षेम



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह झारखंड की राजधानी रांची के राजेन्द्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में भर्ती हैं। पीछले रविवार को अचानक उनके सीने में दर्द हुआ और चतरा सदर अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रिम्स में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सीय इलाज में उन्हें पता चला कि उन्हें कार्डिएक अरेस्ट आया फिर उन्हें तत्काल स्टेंट लगाया गया। जिसके बाद वे ठीक है और यहां इलाजरत हैं । शनिवार को हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने रिम्स पहुंचकर उनसे मुलाक़ात की और उनका कुशलक्षेम जाना। सांसद मनीष जायसवाल ने ईश्वर से चतरा सांसद कालीचरण सिंह के जल्द स्वास्थ्य होने की कामना की ।

# टाटा मैजिक वाहन को ट्रेलर ने लिया चपेट में, पांच स्कूली बच्चे घायल, एक रेफर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही (हजारीबाग) :** थाना क्षेत्र अंतर्गत खोंडाहर पंचायत के चारमाइल में संचालित विवेकानंद विद्यालय के टाटा मैजिक वाहन को एक ट्रेलर नंबर एनएल 01 क्यू 7720 ने कदवा मोड के पास चपेट में ले लिया, जिससे उक्त टाटा मैजिक पर सवार पांच बच्चे घायल हो गए। घायल बच्चों में पहली कक्षा की छात्रा उपासली कच्छप 12 वर्ष पिता विक्रम कच्छप बड़कागांव बसरिया निवासी, कक्षा द्वितीय के आलेख टोप्पो 11 वर्ष व कक्षा यूकेजी के आरुष टोप्पो (7 वर्ष) दोनों के पिता जयनंदन टोप्पो कुंडवा बरही निवासी, कक्षा तृतीय के कोमल कुमारी 12वर्ष पिता राजेश उरांव कुंडवा बरही व कक्षा छः के इशांत कुमार 12 वर्ष पिता राजेश लिंडा, दौरावा कुंडवा निवासी शामिल है। सभी घायल बच्चों का इलाज हजारीबाग के एक निजी अस्पताल में किया जा रहा है, वहीं इशांत कुमार को बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर किया गया। स्कूल के प्राचार्य वीरेंद्र कुमार ने बताया कि हर दिन की भांति स्कूल का छुट्टी 1 बजे होता है, उक्त टाटा मैजिक में करीब 20 बच्चे सवार थे। सभी बच्चों को ड्राइवर लेकर पांचमाइल छोड़ने जा रहा था, इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहे उक्त ट्रेलर ने टाटा मैजिक को अपने चपेट में लिया। वहीं उन्होंने बताया कि उक्त दुर्घटना में हमारे विद्यालय के पांच बच्चे घायल हुए है, जिसमें चार की स्थिति सामान्य है। वही एक बच्चे गंभीर रूप से घायल है, जिसका बेहतर इलाज के लिए विद्यालय प्रबंधन की पूरी टीम लगी हुई है। उक्त बच्चों के इलाज में पूरा सहयोग विद्यालय प्रबंधन के द्वारा किया जा रहा है। इधर घटना की जानकारी मिलने पर बरही थाना क्षेत्र के पदमा ओपी पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और उक्त टाटा मैजिक वाहन को पड़कर थाना ले गई। वहीं ट्रेलर भाग रहा था, जिसे ग्रामीणों के सहयोग से हजारीबाग नेशनल पार्क के पास पकड़ा गया। इधर घटना की जानकारी मिलने पर भाजपा नेता सह पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव घटनास्थल पर पहुंचे, और बच्चों के बेहतर इलाज के लिए अस्पताल प्रबंधन से बात किया, वहीं सभी बच्चों के जल्द स्वस्थ होने का भगवान से कामना किया। बता दे की विवेकानंद विद्यालय में कक्षा नर्सरी से दसवीं तक के बच्चे पढ़ाई करते हैं, उक्त विद्यालय में करीब साढे चार सौ बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। विद्यालय में हॉस्टल फैसिलिटी की भी सुविधा है, जिसमें करीब 125 बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं।

## रफीक अंसारी ने अटल विचार मंच से चुनाव लड़ने का किया ऐलान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत हाहे ग्राम निवासी रफीक अंसारी ने अटल विचार मंच से बड़कागांव विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने का घोषणा किया है। श्री अंसारी ने दूरभाष पर बताया कि अटल विचार मंच से चुनाव लड़ने के लिए उन्होंने प्रत्याशी के लिए फॉर्म भर कर पार्टी सुप्रीमो पूर्व वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा के पास जमा किया है। रफीक अंसारी ने कहा की मैं अटल विचार मंच के बैनर तले विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने की तैयारी कर लिया हूं । आगे बताया कि 1995 में निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में मै चुनाव लड़ा था और 8,773 वोट मिला था। उन्होंने कहा कि बीजेपी में मैं जिला अल्पसंख्यक उपाध्यक्ष, सांसद प्रतिनिधि, प्रदेश कार्य समिति के सदस्य जैसे दायित्व को निभा चुका हूं। अब मैं अटल विचार मंच के बैनर तले जनता की सेवा करूंगा।

## नगर आयुक्त ने छठ घाटों का किया निरीक्षण, साफ सफाई करने का दिया निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** छठ व्रत को लेकर नगर निगम के पदाधिकारियों का छठ घाटों का निरीक्षण शनिवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। नगर आयुक्त योगेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में नगर निगम के पदाधिकारियों का दल झील, छठ तालाब, ओकनी तालाब, खजांची तालाब सहित कई जलाशयों का घूम-घूम कर जायजा लिया। इसमें सहायक नगर आयुक्त विपिन कुमार, अनिल पांडेय, कार्यपालक अभियंता रमेश सिंह, कनीय अभियंता प्रधान सहायक आदि शामिल थे। नगर आयुक्त ने सभी छठ घाटों की साफ-सफाई कराने का निर्देश हेड जमादार दीपक कुमार को दिया। इसके अलावा ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करने और सभी छठ घाटों पर प्रकाश की उचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया। छठ घाटों के आसपास के स्ट्रीट लाइट की मरम्मत कराने का निदेश कनीय विद्युत अभियंता अविनाश कुमार को दिया गया। नगर आयुक्त ने बताया कि दीपावली और छठ के मौके पर पेयजल कोषांग नगर निगम को समय पर जलापूर्ति का निर्देश दिया गया है।

## श्रीदस स्कूल में प्रशासन की भूमिका पर विशेष सत्र, एसआई शिवम और कपुल बच्चों से हुए रूबरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** देवचंदा स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को समाज की प्रगति में प्रशासन की भूमिका पर एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें बरही थाना के दो युवा सब-इंस्पेक्टर, शिवम गुप्ता और कपुल दीपक नाग ने हिस्सा लिया। दोनों अधिकारियों ने विद्यालय के बच्चों के साथ खुलकर बातचीत की और उन्हें अपने करियर को लेकर दिशा-निर्देश दिए। सब-इंस्पेक्टर शिवम गुप्ता ने छात्रों से कहा, समय का सदुपयोग और अनुशासन ही आपको जीवन में आगे बढ़ने का रास्ता दिखाता है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन में आने के लिए समर्पण और मेहनत के साथ-साथ अपने भीतर समाज के लिए कुछ करने की इच्छा होनी चाहिए। वहीं सब-इंस्पेक्टर कपुल दीपक नाग ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, प्रशासन में कार्य करना न केवल एक सम्मानजनक जिम्मेदारी है, बल्कि यह समाज की प्रगति में आपकी भागीदारी को भी दर्शाता है। हमें अपने सपनों को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए और कभी हार नहीं माननी चाहिए। उन्होंने बच्चों से आग्रह किया कि वे अपने मन की बातों को खुलकर कहें और अपने लक्ष्यों की ओर मजबूती से कदम बढ़ाएं। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने अपने जीवन के कठिन दौर और उन संघर्षों को साझा किया, जिन्होंने उन्हें आज इस मुकाम तक पहुँचाया है। उनके अनुभवों ने बच्चों के मन में गहरी छाप छोड़ी। शिवम गुप्ता ने बताया कि उनकी यात्रा आसान नहीं थी लेकिन धैर्य और कड़ी मेहनत ने उन्हें मंजिल तक पहुँचाया। वहीं, कपुल दीपक नाग ने अपने संघर्षों का जिक्र करते हुए कहा कि चुनौतियाँ हमें मजबूत बनाती हैं और हमें कभी पीछे मुड़कर नहीं देखना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य रोहित सिंह ने कहा कि विधालय का उद्देश्य बच्चों को न केवल शैक्षणिक रूप से बल्कि उनके समग्र विकास में भी सहायता करना है, ताकि वे भविष्य में अपने समाज और देश की सेवा कर सकें। वहीं वाइस प्रिंसिपल विकाश सिंह ने कहा आज के दौर में बच्चे असली हीरो को देखकर प्रेरित होते हैं, और वर्दीधारी अधिकारी समाज के असली नायक हैं। हमें गर्व है कि हमारे बच्चे इन अधिकारियों से प्रेरणा लेकर एक उज्जवल भविष्य की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल का मुख्य उद्देश्य बच्चों को UPSC और JPSC जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना है, ताकि वे आगे चलकर एक सफल अधिकारी बनें और विद्यालय एवं समाज का नाम रोशन करें। इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षक अमरजीत पांडे, विकास गुप्ता, मनोज गंझू, संतोष महतो आदि भी मौजूद रहे, जिन्होंने छात्रों को प्रोत्साहित किया और इस सत्र को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## मंजू मेहता ने किया सदर प्रखण्ड के दर्जनों गाँवों में जनसंपर्क



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

हजारीबाग- कांग्रेस नेता डॉ आरसी मेहता की पत्नी मंजू मेहता ने सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सिंघानी, कर्वे कला, अमृतनगर, रोला, इत्यादि गांवों में डोर टू डोर जनसंपर्क की ।इस दौरान मंजू मेहता ने कहा की वे डॉ मेहता की अर्धांग्नि यानी आधा अंग है इसलिए वे अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रही है। 2019 के विधान सभा चुनाव में भी वे नगर निगम क्षेत्र घूम घूमकर लोगो से डॉ मेहता के पक्ष में वोट करने की अपील की थी । इस बार भी जोर शोर से जनसंपर्क कर रही हूँ। पिछले विधानसभा में 55000 जनता ने वोट देकर डॉ मेहता को उपविजेता बनाये थे। इस बार समस्त जिलावासियों से जोड़कर निवेदन करती हूँ की इस बार डॉ मेहता को विजेता बनाइए। श्रीमती मेहता ने झारखंड सरकार के किए गए सराहनीय कार्यो का जिक्र करते हुए कही की झारखंड सरकार ने महिलाओं के आत्मनिर्भरता हेतु मईया सम्मान योजना का शुरुआत किए हैं जो पूरे भारत में चर्चित है, बच्चियों के पढाई के लिए सावित्री वाई फुले योजना लागू किया है जिसमें 6000 रुपया पढ़ने वाले बच्चों को सालाना मिल रहा है। इसके अलावे झारखंड सरकार के द्वारा लोकहित मे किये जा रहे कार्यो को जनता के समक्ष रखते हुए समर्थन मांगी।

इस अवसर पर मुख्य रूप से सिंघानी मुखिया नारायण कुशवाहा, माधुरी मेहता, सुदर्शन राम, एडवोकेट सरिता मेहता, गीता कुशवाहा, सुधांशु कुशवाहा ,रेणु मेहता, पूनम मेहता, रेणु कुशवाहा, निप्री देवी, सानिचरी किशकु, रामचंद्र राम, कुलदीप राम, रेखा देवी इत्यादि दर्जनों लोगों भाग लिया।

## नामांकन के दूसरे दिन बरही अनुमंडल कार्यालय से चार लोगों ने खरीदा नामांकन प्रपत्र

### अभी तक नहीं हुआ कोई नामांकन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही (हजारीबाग) :** शुक्रवार को नामांकन के दूसरे दिन बरही अनुमंडल कार्यालय से चार लोगों ने नामांकन प्रपत्र खरीदा। अभी तक एक भी प्रत्याशी ने नामांकन नहीं किया। निर्वाचन पदाधिकारी सह बरही एसीडीओ जोहान टुड्डू ने बताया कि बरही विधानसभा से दो व बरकट्ठा विधानसभा से भी दो लोगों ने नामांकन प्रपत्र खरीदा। बरही विधानसभा से नामांकन प्रपत्र चंदवारा थाना क्षेत्र निवासी कृष्णा यादव ने झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा से खरीदा। वहीं चौपारण निवासी अर्जुन प्रसाद केसरी ने निर्दलीय से नामांकन प्रपत्र खरीदा। विनोद विश्वकर्मा ने दो सेट में खरीदा। वहीं बरकट्ठा विधानसभा से निर्दलीय से संतोष नायक व कुमकुम देवी ने नामांकन प्रपत्र खरीदा। बता दे की नामांकन प्रक्रिया को पूर्ण करवाने के लिए निर्वाचन प्राधिकारी समेत बरही प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है, प्रत्याशियों के आने जाने के लिए बेहतर सुविधा रखी गई है।

# आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर चुनाव व्यय निगरानी समिति की हुई समीक्षा बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर शनिवार को व्यय प्रेक्षक 22 बड़कागाँव सुमेंदु कुमार दास (ढ्ढक्रस्) की अध्यक्षता में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक,रामगढ़ अजय कुमार की उपस्थिति में समाहरणालय सभा कक्ष में चुनाव व्यय निगरानी समिति के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष और सफल संचालन हेतु बनाए गए चुनाव व्यय निगरानी समिति द्वारा किए जा रहे हैं कार्यो की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। बैठक के दौरान व्यय प्रेक्षक 22 बड़कागाँव सुमेंदु कुमार दास (ढ्ढक्रस्) ने उपस्थित समिति के सभी सदस्यों को पारदर्शिता के साथ आपसी समन्वय स्थापित करते हुए टीमवर्क के रूप में कार्य करने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने सीजर प्रक्रिया के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया साथ ही जांच के दौरान आ रही समस्याओं की जानकारी लेते हुए उपस्थित सभी पदाधिकारियों की दुविधाओं को भी दूर किया गया। वहीं बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने व्यय निगरानी समिति के सदस्यों से कहा कि जांच के दौरान निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए गाइडलाइन का पालन करें साथ ही संबंधित पदाधिकारियों और पुलिस अधिकारी के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान वरीय पदाधिकारी सह वन प्रमंडल पदाधिकारी रामगढ़ नितेश कुमार, वरीय पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त रामगढ़ रॉबिन टोप्पो, वरीय पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता रामगढ़ कुमारी गीतांजलि, निर्वाची पदाधिकारी रामगढ़ सह अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़ अनुराग कुमार तिवारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी रामगढ़ रविंद्र कुमार गुप्ता, सहायक उत्पाद आयुक्त, राज्य कर सहायक आयुक्त रामगढ़ , जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रामगढ़ डॉ प्रभात शंकर सहित अन्य उपस्थित थे।

## रामगढ़ पुलिस ने दो महीने से फरार चल रहे दो अभियुक्ते को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** अजय कुमार, (भा0पु0से0), पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि रामगढ़ थाना काण्ड सं0-225/24, दिनांक-10.08.2024, धारा 420/467/468/469/506/34 भा0द0वि0 के प्राथमिकी अभियुक्त गुलाम रजा उम्र 30 वर्ष पिता-सयुब अंसारी एवं नियामत अंसारी, उम्र-70 वर्ष, पिता-स्व0 जफर अंसारी दोनो सा0? कुन्दरू कला, थाना जिला रामगढ़ अपने घर पर रह रहे है। पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा इस संदर्भ में अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पु0नि0 सह थाना प्रभारी, रामगढ़ थाना के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। उक्त छापामारी दल के द्वारा पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के दिशा-निर्देशन में रामगढ़ थाना अन्तर्गत ग्राम-कुन्दरूकला, जिला रामगढ़ में छापामारी अभियान चलाया गया छापामारी अभियान के दौरान अभियुक्त गुलाम रजा एवं नियामत अंसारी, को उनके घर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तो को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। इस छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी और कर्मी पु0नि0 कृष्ण कुमार पु0नि0 सह थाना प्रभारी, रामगढ़,पु0अ0नि0 उपेन्द्र कुमार, पु0अ0नि0 मन्टु कुमार शर्मा एवं रामगढ़ थाना रिजर्व गार्ड शामिल थे।

# डीएवी बरकाकाना में विभिन्न विषयों की आयोजित की गई प्रदर्शनी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** डीएवी बरकाकाना में अर्धवार्षिक परीक्षा के पश्चात होने वाले शिक्षक अभिभावकों के बैठक के अवसर पर विभिन्न विषयों की प्रदर्शनी आह्वान आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में स्टाफ ऑफिसर पर्सनल अजय कुमार उपस्थित हुए। विद्यालय की ओर से उन्हें हरित पौध प्रदान करके सम्मानित किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित करके की गई। इसके पश्चात मुख्य अतिथि महोदय ने फीता काटकर प्रदर्शनी को प्रारंभ किया। श्री बी के चौधरी ने प्राचार्य महोदय को हरित पौध प्रदान कर सम्मानित किया।प्रदर्शनी अभिभावकों एवं बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र रही। वर्ग नवम् की आराध्या वशिष्ठ ने इलेक्ट्रिसिटी मॉडल प्रस्तुत किया। दीपा ने शरीर के संरक्षण माध्यम का मॉडल तैयार किया। कृतिका कुमारी ने कालेडोस्कोप तैयार किया। वर्ग अष्टम की अविका ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग का मॉडल तैयार किया। वर्ग एकादश की श्रेया अंशु ने एलॉटरोप्स ऑफ़ कार्बन एंड एसिड बेस इंडिकेशन का मॉडल तैयार किया। वर्ग नवम की दीपाली ने ऑडोमीटर बनाया। वर्ग नवम् की साक्षी ने पॉल्यूशन कंट्रोल का मॉडल बनाया। वर्ग एकादश की सृष्टि ने फोटोसिंथेसिस का मॉडल बनाया। वर्ग अष्टम के हर्ष ने इलेक्ट्रिसिटी जनरेटर बनाया। वर्ग एकादश की आरुषि ने एब्स्ट्रेक्ट आर्ट का मॉडल तैयार किया । वर्ग एकादश की शार्लीन ने मधुबनी आर्ट से संबंधित मॉडल तैयार किया। वर्ग एकादश की सृष्टि चंचल ने पिक्युवई आर्ट का मॉडल तैयार किया। वर्ग नवम की पल्लवी और वारा हयात में नंबर डेक्टर का मॉडल तैयार किया । इस अवसर पर बच्चों के द्वारा लगभग 200 मॉडल तैयार किए गए। विद्यालय के प्राचार्य मोहम्मद मुस्तफा मजिद ने कहा कि इस तरह की प्रदर्शनी और बच्चों को प्रदर्शनी में मिलने वाले प्रोत्साहन के कारण ही भविष्य के डॉक्टर ,गणितज्ञ ,इंजीनियर, वैज्ञानिक और विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य बनते हैं । आवश्यकता बस इस बात की है कि बच्चों को इस प्रकार की क्रियाकलाप से जोड़ के रखा जाए। उन्होंने अभिभावकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि अपना कीमती समय निकालकर अभिभावक आए और बच्चों को प्रोत्साहित किया।

## स्वीप के तहत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार ने मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से स्वीप नोडल पदाधिकारी इंदु प्रभा खालखो को विभिन्न प्रतियोगिता एवं कार्यक्रमों आदि के माध्यम से मतदाताओ को जागरूक करने हेतु कई दिशा निर्देश दिया गया ।इसी क्रम में स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खालको के निर्देशानुसार जिले के सभी प्रखंडों व आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगनबाड़ी सहिया/ सेविका के द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन 2024 में सत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी सहिया / सेविकाओं ने मतदाता जागरूकता शपथ भी ली साथ ही मतदाताओं के घर जा जाकर आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 को अपने-अपने बूथों में जाकर आवश्यक रूप से मतदान करने का अपील भी किया गया। इस दौरान सहिया/ सेविका ने ने उपस्थित सभी मतदाताओं को आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 जो के निर्धारित तिथि बड़कागांव,ष्ट- 22,13 नवंबर 2024 एवं रामगढ़,ष्ट -23, 20 नवंबर 2024 मतदान होना है इस संबंध में अपने घर व आसपास के लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित करने का अपील किया गया।

## विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर स्वीप के तहत सभी बीएलओ को दिया गया प्रशिक्षण



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार निर्देशानुसार गांधी प्लस टू हाई स्कूल रामगढ़ में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत सभी बीएलओ को मतदाताओं को मतदान के दौरान दिए जाने वाले सुविधाओं व मतदाता जागरूकता संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान वरीय पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग सह उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो ने आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 में पहला चरण,ष्ट- 22 बड़कागांव, दूसरा चरण,ष्ट -23 रामगढ़ में होने वाले मतदान प्रक्रिया को सरल व पारदर्शिता के मद्देनजर बीएलओ द्वारा किए जाने वाले कार्यों को विस्तार पूर्वक जानकारी दिए।वहीं प्रशिक्षण के दौरान नोडल प्रशिक्षण पदाधिकारी सह जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम वर्मा ने शत प्रतिशत मतदाताओं को मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से बीएलओ द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु अपने-अपने क्षेत्र में किए जाने वाले कार्यों के संबंध में जानकारी दी साथ ही मतदान केंद्रों मतदाताओं को दिए जाने वाले सुविधा के संबंध में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी। प्रशिक्षण उपरांत वरीय पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग सह उप विकास आयुक्त, रामगढ़ रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में स्वीप मतदाता जागरूकता शपथ कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया शपथ कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बीएलओ ने हिस्सा लिया।

# सीसीएल कि बिरसा ओसीपी को कोयला मंत्रालय द्वारा अचिवमेंट अवार्ड से किया जाएगा सम्मानित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के बिरसा ओसीपी को नई दिल्ली स्थित कोयला मंत्रालय भवन में 21 अक्टूबर को फाइव स्टार रेटिंग अवार्ड सेरेमनी कार्यक्रम में अचिवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। बता दें कि बेस इयर 2023-24 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली कोयला खदानों को फाइव स्टार रेटिंग अवार्ड से सम्मानित किया जाना है। दिल्ली स्थित कोयला मंत्रालय भवन में फाइव स्टार रेटिंग अवार्ड सेरेमनी कार्यक्रम में कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी, कोयला राज्य मंत्री सतीश चन्द्र दुबे व सीआइएल के अधिकारी एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले परियोजना क्षेत्र के महाप्रबंधक, परियोजना पदाधिकारी शामिल होंगे। जिसमें सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के महाप्रबंधक अजय सिंह व उनकी टीम भी शामिल होंगे। वहीं इस मौके पर महाप्रबंधक अजय सिंह ने कहा कि सीसीएल कि चार परियोजना को इस कार्यक्रम में शामिल किया गया है।जिसमें बिरसा परियोजना,मगध परियोजना,पिपरवार परियोजना, अशोका परियोजनाएं शामिल हैं। इन सभी परियोजनाओं को बिते वर्ष 2022-23 मे कोल मंत्रालय द्वारा सम्मानित किया गया था। और जिसमे बरका सयाल कि बिरसा परियोजना का प्रदर्शन सबसे उत्कृष्ट रहा।

## भुरकुंडा ओपी में अवैध कोयला लदे पांच ट्रक जप्त



**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पुलिस ने शनिवार को भुरकुंडा ओपी क्षेत्र में अवैध कोयला लदे पांच ट्रकों को जब्त किया है। इस मामले की पुष्टि करते हुए रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने बताया कि रांची जिले के खलारी क्षेत्र की ओर से अवैध कोयला लदे ट्रक रामगढ़ जिले में प्रवेश किए थे। जैसे ही उन्हें गुप्त सूचना मिली तत्काल पतरातू क्षेत्र की पुलिस को अलर्ट किया गया।एसपी के निर्देश पर भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय कुमार ने वाहनों की जांच शुरू की। इस दौरान पांच ट्रकों को रोका गया। सभी 12 चक ट्रकों पर अवैध कोयला लादा गया था और इसकी तस्करी की जा रही थी। जब ट्रकों में जेएच 12 डी 0692, जेएच 02 जेड 6053, जेएच 01 बीसी 9474, जेएच 02 एएस 7553, जेएच 02 एबी 6053 शामिल हैं। एसपी ने बताया कि कोयला तस्करी किसके इशारे पर हो रही थी और तस्करों में कौन-कौन शामिल हैं, इसका पता लगाया जा रहा है। छापेमारी के दौरान सभी ट्रकों के चालकों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# रामगढ़ के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ममता देवी को रामगढ विधानसभा का उम्मीदवार बनाने की किया मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ जिला कांग्रेस पार्टी के मनरेगा सेल के अध्यक्ष सह वरिष्ठ नेता यमुना प्रसाद के नेतृत्व में प्रेस विज्ञप्ति देते हुए कहा कि पूर्व विधायक आंदोलनकारी नेत्री ममता देवी को कोर्ट से केस पर स्टे लग जाने के कारण रामगढ़ विधानसभा में सभी समुदाय के लोगों में हर्ष का माहौल है और उनका मानना है कि जिस तरीके से लगातार क्षेत्र के अंदर उनकी लोकप्रियता है क्योंकि यह एक महिला शेरनी के तौर पर समाज के हित को देखते हुए 6 माह के बच्चे को छोड़कर षड्यंत्र के तहत उन्हें जेल भेजा गया और उनकी विधायक का सदस्यता खत्म कर दी गई। जिसके कारण रामगढ़ विधानसभा में कांग्रेस एवं आमजनों ने जिन्होंने इनको वोट देकर जीताने का काम किया था उन लोगों में आक्रोश का माहौल था उनके दोबारा चुनाव लड़ने पर रामगढ़ शहर ग्रामीण गोला चितरपुर दुलमी सभी प्रखंडों में चर्चा का माहौल है एवं काफी संख्या में सभी समुदाय के लोगों ने यह मांग रखी है! कि यदि ममता देवी रामगढ़ विधानसभा से चुनाव लड़ती है तो यह सीट दोबारा 2019 के तरह कांग्रेस पार्टी के झोली में आएगा एवं कांग्रेस पार्टी यहां अपना परचम लहराने का काम करेगा क्योंकि ममता देवी के द्वारा 3 साल के अंदर जितने भी कार्य किया गया सभी समुदाय के लोगों के लिए की गई है! वह काबिले तारीफ है जो काम पूर्व में रहे विधायकों के द्वारा 15 साल में नहीं हो पाया वह काम ममता देवी के द्वारा 3 वर्षो के अंदर करके दिखा दिया गया इनके द्वारा क्षेत्र में विकास की गंगा बहा दी गई है इस विकास की कार्य को देखते हुए षड्यंत्र के द्वारा फंसा कर जेल भेज दिया गया। यह रामगढ़ की जनता बखूबी जान रही है एवं अपनी टकटकी निगाहों से कांग्रेस पार्टी के आलाकमान से गुहार लगा रही है कि जल्द से जल्द ममता देवी के नाम की मोहर लगाकर कांग्रेस पार्टी के कोटे से ममता देवी को रामगढ़ विधानसभा का टिकट देने का काम किया जाए एवं रामगढ़ की जनता 2019 की तरह भारी मतों से विजय बनाकर दोबारा रामगढ़ के आंदोलनकारी नेत्री पूर्व विधायक ममता देवी को विधानसभा भेजने का काम करेगी और एक ऐसी लकीर ममता देवी के द्वारा रामगढ़ विधानसभा में खींचा जाएगा जो एक इतिहास रहेगा।

## आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा सोशल मीडिया रील मेकिंग प्रतियोगिता का होगा आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा स्वीप के तहत विभिन्न कार्यक्रमों आयोजनों के माध्यम से लोगों को आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान करने हेतु जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में स्वीप कोषांग रामगढ़ द्वारा युवा मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सोशल मीडिया रील प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है जो की 23 अक्टूबर 2024 संध्या 5ः00 बजे तक रामगढ़ जिले के कोई भी मतदाता रील प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं। प्रतिभागियों को मतदाता जागरूकता संबंधी 2 मिनट का रील बनानी है और प्रतिभागियों द्वारा बनाई गई मतदाता जागरूकता रील को संबंधित सोशल मीडिया आईडी एवं नाम के साथ electionramgarhdeo @gmail. com पर मेल करनी है। वही 24 अक्टूबर 2024 को बेहतर रील बनाने वाले टॉप तीन प्रतिभागियों का चयन कर मोमेंटो व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

## पतरातू प्रखंड कांग्रेस कोर कमेटी की चुनावी बैठक संपन्न हुई



**पतरातु(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पीटीपीएस स्थित विधायक आवासीय कार्यालय में प्रखंड के सभी प्रकोष्ठों की अहम हुई। बैठक के अध्यक्षता प्रखंड विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह एवं संचालन कोयलांचल क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि अमित साहू ने किया बैठक में कांग्रेस पार्टी के सभी मोर्चा के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने विधायक अंबा प्रसाद को ऐतिहासिक मतों से जीत दिलाने का संकल्प लिया।मौके पर विधायक अंबा प्रसाद के कार्यशैली से प्रभावित होकर आजसू और भाजपा के कटिया बस्ती से राजकिशोर महतो,ललन महतो, कर्मा सिंह,अनिल कुमार,सुनील कुमार महतो,राज किशोर कुमार महतो,अशोक महतो,सुनील कुमार महतो,नीरज कुमार महतो चिकोर से आजसू के मोहम्मद जिलानी मोहम्मद रियाज बीजेपी के हेसला पंचायत से मुकेश चौधरी,करण चतुर्वेदी,प्रदीप साव,राज किशोर राम,रवि श्रीवास्तव ने कांग्रेस का दामन थामा। इंटक प्रदेश सचिव अंकित राज ने कहा विरोधी चाहे जितनी भी ताकत लगा लें,जनता भ्रमित होने वाली नहीं है आगामी विस चुनाव में हर हाल में महागठबंधन ही जीतेगी। मौके पर विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह,जयंत तूरी,अमित साहू,मुखिया तिलेश्वर साव,कोमिला देवी,जगदीश साव,विजय मुंडा,संतोष साहू,मोहम्मद हसीब,विनोद साव,नईम अंसारी,मोनिका देवी, रंजीता करमाली,निर्मला देवी, मिथलेश प्रसाद,असगर अली एवं सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## प्रख्यात शिक्षाविद अरुण दाँगी का हुआ देहावसान

▶ माँ छिन्नमस्ता इंटर कॉलेज गोला एवं चितरपुर इंटर कॉलेज में दे चुके थे योगदान



**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गोला डभातू निवासी सह प्रख्यात शिक्षाविद अरुण दाँगी का शुक्रवार देर रात निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए है। स्वभाव से वे काफी मिलनसार एवं मृदुभाषी थे। उनका सम्बंध कई शिक्षण संस्थानों से था। वे लगभग चार वर्षो तक गोला स्थित माँ छिन्नमस्ता इंटर कॉलेज में बतौर प्राचार्य अपनी सेवाएं दी थी तत्पश्चात वे चितरपुर इंटर कॉलेज के प्राचार्य बने तथा वहाँ से ही वे सेवानिवृत्त हुए थे। उनके निधन पर माँ छिन्नमस्ता इंटर कॉलेज के सचिव सुजीत सिन्हा एवं प्राचार्य आशीष कुमार मिश्रा सहित चितरपुर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संज्ञा प्रसाद, अंजू कुमारी, व्याख्याता मनोज कुमार झा, निरंजन महतो, रेवालाल पटेल, उत्तम कुमार, आर.के. प्रसाद, दीपक कुमार एवं ताराचंद महतो ने अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है। स्व. दांगी के दो पुत्र हैं। बड़ा पुत्र व्यवसायी पवन कुमार दांगी एवं छोटा पुत्र मुन्ना कुशवाहा आजसू पार्टी के जिला उपाध्यक्ष हैं। उनके निधन पर शोक व्यक्त करने वालों में गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, गोला पार्षद जलेश्वर महतो, आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, जिला कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश कुमार महतो, आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य अशोक कुमार, बीनू कुमार महतो, सुबोध महतो, गोविंद मुंडा, प्रखंड अध्यक्ष अंगद महतो, नित्यानंद महतो, महेश महतो, दीनू गोस्वामी, गौतम महतो, समाजसेवी चन्द्रशेखर महतो, विशु रजवार सहित कई लोग शामिल हैं।

## झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रामगढ़ के पदाधिकारियों ने मृतक के परिजनों को किया गया सहयोग

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विगत कुछ दिन पूर्व रामगढ़ जिला नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 31 के ग्राम गोसा निवासी तिलेश्वर महतो के छोटे पुत्र रतनलाल कुमार महतो का दुर्गा पूजा के अष्टमी दिन फोरलाइन रामगढ़ में एक्सीडेंट होने के कारण मृत्यु हो गया था । झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता व रामगढ़ जिला के वरीय जिला उपाध्यक्ष पवन कुमार महतो के सौजन्य से 50 किलो आटा, और एक टिना रिफाइन तेल देकर सहयोग किया गया । पार्टी के पदाधिकारी ने कहा कि हमारी पार्टी हमेशा विकट परिस्थिति में सहयोग करने के लिए तत्पर रहती है तथा कभी भी पार्टी की जरूरत होगी तो झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रामगढ़ हमेशा तत्पर है । इस दुख की घड़ी में उनके घर-परिवारजनों साथ पार्टी हमेशा खड़ा हैं।

## जेएलकेएम पार्टी का चितरपुर प्रखंड के सभी पंचायतो का नियुक्त किया गया पंचायत अध्यक्ष

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा इकाई रामगढ़ के जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने कहा कि चितरपुर प्रखंड अध्यक्ष शंकर मुंडा ने चितरपुर प्रखंड कार्यकारिणी समिति का विस्तार करते हुए चितरपुर प्रखंड अंतर्गत सभी पंचायतों का पंचायत अध्यक्ष सर्व समिति से बनाया गया। जिसमें मुख्य रूप से बोरोविंग पंचायत के लिए अध्यक्ष पद हेतु मोहरलाल महतो, बड़कीपोना पंचायत अध्यक्ष साहेब कुमार, सुकरीगड़ा पंचायत अध्यक्ष किशोर कुमार सोनी, लारीकला पंचायत अध्यक्ष दिनेश कुमार, उपाध्यक्ष राज कुमार, मरग़मारचा पंचायत अध्यक्ष टेकलाल कुमार महतो ,सचिव जगदेव महतो , कोषाध्यक्ष देवेंद्र कु महतो, मीडिया प्रभारी हरि किशोर महतो, मायल पंचायत अध्यक्ष राजकुमार महतो तथा सचिव कृष्ण कुमार को बनाया गया है। सभी से अपील की गई है की पार्टी में आपकी कर्तव्य निष्ठा को देखते हुए पंचायत प्रभारी नियुक्त जा रहा है । तथा पूर्ण आशा और विश्वास है कि ईमानदारी पूर्वक संगठन विस्तार करते हैं हेतु पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे।

## श्री सूर्यदेव पूजा समिति की हुई बैठक, समिति में हुआ फेरबदल

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शुक्रवार देर शाम को श्री सूर्यदेव पूजा समिति का बैठक ठाकुरबाड़ी मंदिर रजरप्पा मोड़ गोला में किया गया। इस बैठक में समिति का फेरबदल कर इसका विस्तार किया गया। बैठक में सर्वप्रथम अपनी व्यस्तता के कारण अनुप ओझा ने अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया। परन्तु बैठक में अनुप ओझा के श्री सूर्यदेव पूजा समिति में उनके योगदान तथा तत्परता के कारण उन्हें समिति का सर्वसम्मति से संयोजक बनाया गया। श्री सूर्यदेव पूजा समिति में नए अध्यक्ष संजय रवानी को बनाया गया है। समिति का विस्तार करते हुए उपाध्यक्ष शंकर बेदिया, सचिव विकाश मणि पाठक, सहसचिव कृष्णा रवानी, कोषाध्यक्ष उज्जवल चक्रवर्ती, निशु रवानी को नियुक्त किया गया। बैठक में सूर्यदेव प्रतिमा स्थापित, घाट की साफ सफाई, आकर्षक साज सज्जा डेकोरेशन करने एवं पूजा को हर्षोल्लाश से मनाने का निर्णय लिया गया।मौके पर सत्येंद्र रवानी, विकास रवानी, संतोष रविदास, सोनू रवानी, विशाल रवानी, ध्रुव रजवार,आनंद रजवार, सूरज रवानी, रिशु रवानी, अमन कुमार,राहुल रवानी, राहुल रजवार, अंकित,राहुल नायक सहित सूर्यदेव पूजा समिति के सारे सदस्य मौजूद थें।

# बिहार के हर चौक-चौराहे पर शराब की दुकाने खुलवाने वाले मुख्यमंत्री महात्मा बनने का कर रहे ढोंग : तेजस्वी यादव

## शराबबंदी के नाम पर जहरीली शराब से हजारों जाने लेने वाले मुख्यमंत्री





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटना :** बिहार के हर चौक-चौराहे पर शराब की दुकाने खुलवाने वाले तथा शराबबंदी के नाम पर जहरीली शराब से हजारों जाने लेने वाले मुख्यमंत्री अब महात्मा बनने का ढोंग कर रहे है। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने अपने शुरू के वर्षो में बिहार में शराब की खपत बढ़ाने के हर उपाय किए और अब अवैध शराब बिकवाने के हर उपाय कर रहे है। क्या मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार मेरे इन तथ्यों को झुठला सकते है? में बिहार के ग्रामीण इलाकों में से भी कम शराब की दुकानें थीं, लेकिन में उनके शासन में यह बढ़कर हो गई। में पूरे बिहार में लगभग शराब की दुकानें थीं जो में बढ़कर से अधिक हो गई। से यानि साल में बिहार में सिर्फ दुकानें ही खुलीं लेकिन से लेकर तक नीतीश जी ने साल में इसे दोगुना कर कर दिया। साल में बिहार में हर साल औसतन दुकानें खोली गई, लेकिन - के साल नीतीश राज में हर साल औसतन दुकानें खुलीं। मुख्यमंत्री के ध्यानार्थ शराबबंदी के बाद के भी कुछ तथ्य सांझा कर रहा हूँ। नीतीश जी की तथाकथित शराबबंदी के बाद भी स्थिति इतनी बदतर है कि एक आंकड़े के अनुसार बिहार में हर दिन औसत से ज्यादा लोगों की शराब से जुड़े मामलों में गिरफ्तारी होती है तथा बिहार पुलिस व मद्य निषेध विभाग की ओर से प्रदेश में हर दिन करीब छापेमारी होती है यानि औसत हर घंटे छापेमारी होती है। इसका अर्थ है बिहार पुलिस और मद्य निषेध विभाग हर महीने लगभग लाख तथा प्रतिवर्ष लाख जगह छापेमारी करता है लेकिन इसके बाद भी अवैध शराब का काला काराबोर बदस्तूर जारी है। इसका एक आशय यह भी है कि ज़ब्त शराब को बाद में जेडीयू नेताओं, शराब माफिया और पुलिस अधिकारियों की मिलीभगत से बाजारों में बेच दिया जाता है। शराबवंदी के बाद भी एक आंकड़े के अनुसार राज्य में लगभग करोड़ लाख लीटर से अधिक अवैध देशी और विदेशी शराब पकड़ी जा चुकी है। ये कौन लोग है और किसके अनुमति से शराबबंदी के बाबजूद भी अपना कारोबार चला रहे है?

# शादी का प्रलोभन देकर 2 वर्षो से योन शोषण करने का मामला पहुंचा थाना, आरोपी गिरफतार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** 2 वर्षो से शादी का प्रलोभन देकर योन शोषण का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर पीड़िता ने बड़कागाँव थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। बड़कागाँव थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल ने बताया कि मामला काफी गंभीर है। मामले पर तत्वरित कार्रवाई करते हुए बड़कागांव थाना कांड संख्या 257/24 दर्ज कर छानबीन शुरू किया गया। छानबीन के उपरांत मामले के प्राथमिकी अभियुक्त छटु मुण्डा को शनिवार को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पीड़िता ने आवेदन में लिखा है



कि 20 वर्षीय छटू मुंडा ग्राम लोहरसा निवासी मेरे गांव में एक शादी समारोह में 2022 में आया था। 10 दिन बाद छटू मुंडा पुनः फिर मेरे गांव आया और मुझे बहला फुसलाकर जंगल में ले गया और मुझे शादी का प्रलोभन देकर मेरे साथ शारीरिक संबंध बना लिया, और फिर उसके बाद से मेरे साथ अनेको बार शारीरिक संबंध बनाया। जब मैं गर्भवती हो गई तो मुझे आश्वासन देते आया कि तुम घबराओ नहीं मैं तुम्हें पक्का वचन दिया हूँ तो मैं तुमसे अवश्य शादी करूंगा। अभी मैं 9 माह की गर्भवती हो चुकी हूं तो अब वह कहता है कि मेरा बच्चा है मैं बच्चा ले लुंगा, लेकिन अब तुम्हारे साथ शादी नहीं करूंगा।

# सबीजन बीवी ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर लगाई सुरक्षा की गुहार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नारायणपुर :** थाना अंतर्गत बोरवा केंदवाडीह की सबीजन बीवी ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर अपनी इज्जत बचाने की गुहार लगाई है। उन्होंने कहा की दिनांक 26.7.2024 को जमीन विवाद को लेकर मेरे पति एवं अन्य के साथ मारपीट हुई थी जिसमें मेरे पति एवं अन्य दो व्यक्ति जामताड़ा जेल में बंद है। नारायणपुर थाना में कांड संख्या 80/2024 एवं 81/2024 दर्ज है दोनों मामला न्यायालय में लंबित है। उन्होंने कहा कि दूसरे पक्ष के आलम मियां, जमशेद मियां, रिजवान मियां, सद्दाम, मकसूद एवं अन्य कई अनजान लोगों ने मेरा घर सिराज अंसारी का घर इलियास अंसारी का घर लूटपाट करके घर से दरवाजा, खिड़की, बर्तन, कपड़े, अलमारी, जेवरात आदि लुटकर लिए हैं। अभी भी यह लोग कुछ ना कुछ घर के सामान लेकर जा रहे हैं। मना करने पर मुझे और लाल बानो बीवी पति इलियास मियां, कुरेशा बीवी पति अमीर मियां बोरवा के घर से किवाड़, खिड़की, बर्तन, पलंग सहित कई अन्य सामान निकाल कर ले गए। मुझे एवं



लालबानो बीवी, कुरेशा बीवी को जबरन रेप करने एवं गुप्तांग में रड डालकर जान से मार देने की धमकी दे रहे हैं जिसमें घर परिवार की सभी महिलाएं डरी हुई है। पुलिस अधीक्षक महोदय से कार्रवाई की मांग को लेकर आवेदन कार्यालय में आकर दी हूं। उक्त मौके पर रुबेदा बीवी, नगमा खातून, सरवरी परवीन, जुलेखा खातून, गुलशन परवीन, रुखसार खातून, नाजरा खातून, रोशन खातून, शबनम परवीन आदि कई महिलाएं एवं छोटे-छोटे बच्चे भी मौजूद थे।

# दक्षिण पूर्व रेलवे ने दक्षिण मध्य रेलवे को पराजित करते हुए 46वां अखिल भारतीय रेलवे महिला कबड्डी प्रतियोगिता का खिताब किया अपने नाम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** पटेल इंडोर स्पोर्टस काम्पलेक्स, पाटलिपुत्र रेल परिसर, दीघा, पटना में चल रहे 46वां अखिल भारतीय रेलवे महिला कबड्डी प्रतियोगिता के अंतिम दिन आज दिनांक 19.10.2024 को प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेला गया जिसमें दक्षिण पूर्व रेलवे, कोलकाता ने दक्षिण मध्य रेलवे, सिकंदराबाद को एक कड़े मुकाबले में 37-36 से पराजित करते हुए प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया । तीसरे और चौथे स्थान के लिए खेले गए मैच में पूर्व रेलवे ने पश्चिम रेलवे को एक नजदीकी मुकाबले में 32-31 से पराजित कर तीसरा स्थान प्राप्त किया । दक्षिण मध्य रेलवे की सुश्री पूजा नरवल को प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, दक्षिण पूर्व रेलवे की सुश्री अंशु देवी सर्वश्रेष्ठ ऑलरांउडर, दक्षिण पूर्व रेलवे की सुश्री महिमा को सर्वश्रेष्ठ रेडर तथा पूर्व रेलवे की




सुश्री डिम्पल को प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ कैचर घोषित किया गया । इसके उपरांत पूर्व मध्य रेल के अपर महाप्रबंधक श्री अमरेन्द्र कुमार द्वारा प्रतियोगिता के विजेता एवं उपविजेता टीम एवं उनके खिलाड़ियों को ट्राफी प्रदान पर पुरस्कृत किया गया । इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति एवं सभी खिलाड़ियों को बधाई दी । इस अवसर पर प्रधान मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर सह पूर्व मध्य रेल क्रीड़ा संघ के अध्यक्ष श्रीमती सविता गेडाम एवं पूर्व मध्य रेल क्रीड़ा संघ के महासचिव श्री प्रोशेनजीत चक्रवर्ती सहित अन्य उच्चाधिकारीगण उपस्थित थे। विदित हो कि पटेल इंडोर स्पोर्टस काम्पलेक्स, पाटलिपुत्र रेल परिसर, दीघा, पटना में दिनांक 16.10.2024 से 19.10.2024 तक 46वां अखिल भारतीय रेलवे महिला कबड्डी प्रतियोगिता खेला जा रहा था। इस प्रतियोगिता में पूर्व मध्य रेल, पश्चिम रेलवे, मध्य रेलवे, उत्तर रेलवे, पूर्व रेलवे, दक्षिण पूर्व रेलवे, दक्षिण मध्य रेलवे, पूर्वोत्तर रेलवे एवं पूर्व तटीय रेलवे सहित भारतीय रेल के कुल नौ क्षेत्रीय रेलों के खिलाड़ी एवं तकनीकी अधिकारियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के अंतिम चार टीमों में दक्षिण पूर्व रेलवे, दक्षिण मध्य रेलवे, पूर्व रेलवे तथा पश्चिम रेलवे शामिल रहीं जिनके बीच सेमीफाइनल मैच खेला गया. पहले सेमीफाइनल मैच में दक्षिण मध्य रेलवे ने पश्चिम रेलवे को 44-31 से तथा दूसरे सेमीफाइनल मैच में दक्षिण पूर्व रेलवे ने पूर्व रेलवे को 32-27 से पराजित करते हुए फाइनल में पहुंची थी।

# माँ-बेटा मिलकर कर रहे हैं शराब का अवैध कारोबार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जामताड़ा :** कर्माटांड प्रखंड के कुरवा गांव के हटिया मोड़ तालाब के पीछे अवैध शराब का कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है। इस अवैध गतिविधि में एक महिला और उसका बेटा शामिल हैं, जो अपने घर से बियर और अंग्रेजी शराब की बिक्री कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह अवैध शराब कारोबार पिछले कई महीनों से चल रहा है, सूत्रों के मुताबिक, घर में शराब बेच रही महिला ने बताया कि उसका पति जेल में है और अब वह अपने बेटे के साथ मिलकर शराब की धंधा चला रही है। महिला के बेटे का नाम राहुल बताया जा रहा है, जो अवैध रूप से शराब की तस्करी में सक्रिय रूप से शामिल है। इस परिवार द्वारा बियर और अंग्रेजी शराब जैसे विभिन्न ब्रांड्स की बिक्री की जा रही है, जो इलाके में अपराध और असामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा दे रही है। इस अवैध कारोबार के चलते ग्रामीणों में



भारी आक्रोश और चिंता का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस इलाके में शराब बिक्री से समाज में नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है, विशेषकर युवाओं पर। क्षेत्रीय निवासियों का कहना है कि अगर जल्द ही इस अवैध गतिविधि पर रोक नहीं लगाई गई, तो वे प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने के लिए मजबूर हो जाएंगे।


## पूर्व मध्य रेल

**विविध वैद्युतिक कार्य हेतु ई–निविदा सूचना**
**विद्युत/क०वि० विभाग के लिए खुली निविदाएँ**

मंडल रेल प्रबंधक/विद्युत/पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :

**ई–निविदा संख्या :** TRD-OT-07-NMGKQRDFCC-24-25, **क्रम सं. : 01. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि :** Shifting of KQR/F.P., Modification of HZD/TSS & NMG/F.P in connection with "Shifting of TRD utility from Gomoh to Koderma due to Dhanbad Freight Corridor Alignment" कार्य समापन की अवधि : (06) छः माह, **2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रूपया 1,33,19,305.36/– निविदा प्रपत्र का मूल्य – शून्य/–, **3. बीड सिक्युरिटी :** 2,16,600/–, **4. ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय :** ई–निविदा बंद होने की तिथि 11.11.2024 को 11:00 बजे ई–निविदा खुलने की तिथि 11.11.2024 को 11:30 बजे, **5. वेबसाईट का विवरण :** वेबसाइट **www.ireps.gov.in** ई–निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

**मंडल रेल प्रबंधक/क०वि०**
**पूर्व मध्य रेल, धनबाद**
पीआर/01348/डीएचएन/ईटीआरडी/टी/24–25/36



## पूर्व मध्य रेल

**ई–निविदा सूचना**

खुली निविदा, बैच संख्या : 40/2024, दिनांक : 17.10.2024

आईआरईपीएस – www.ireps.gov.in के बेव पोर्टल "पार्टिसिपेशन इन थ्रू" सामग्री की आपूर्ति के लिए ई–निविदा सूचना। निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा बंद करने का समय 14:00 बजे है।

क्रम सं. : 01, निविदा सं. : 39245811, सामग्री का संक्षिप्त विवरण : सप्लाई, इंस्टालेशन, टेस्टिंग एंड कमीशनिंग विथ ओइएम सर्टिफिकेशन ऑफ मोडुलर पॉवर सप्लाई अरेंजमेंट फॉर वीडीयू (42"–85") एंड एम्बेडेड पीसी विथ इनपुट एंड आउटपुट रेडनडेनसी अरेंजमेंट एंड हॉट प्लगेबल मोडयूलस हविंग वोल्टेज एंड लोड करंट डिजिटल डिस्प्ले ऑन इच मोडयूल। मात्रा : 90 Set, निविदा जारी करने की तिथि एवं समय : 16 अक्टूबर 2024 18:45 बजे। निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 18 नवम्बर 2024 14:00 बजे।

क्रम सं. : 02, निविदा सं. : 39245306A, सामग्री का संक्षिप्त विवरण : सप्लाई, इंस्टालेश एंड कमीशनिंग ऑफ MSDAC विथ आल एक्सेसरीज एस पर आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन नं. RDSO/SPN/176/2013 (वर्शन 3) विथ लेटैस्ट अमेंडमेंट फॉर 03 IBH, मात्रा : 32 Set, निविदा जारी करने की तिथि एवं समय : 16 अक्टूबर 2024 18:42 बजे। निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 11 नवम्बर 2024 14:00 बजे।

प्रतिभागियों को अपना प्रस्ताव समापन तिथि और समय से पहले आईआरईपीएस www.ireps.gov.in के वेब पोर्टल के माध्यम से केवल ऑन–लाइन जमा करना होगा। उपरोक्त पोर्टल पर निविदा सूचना में प्रेषित के संबंध में अन्य विवरण और भंडार का विस्तृत विवरण दस्तावेज में उपलब्ध है।

व. मंडल सामग्री प्रबंधक/
पूमरे/धनबाद
पीआर/01346/डीएचएन/भंडार/एन/24–25/48


# लक्ष्मी कुमारी ने जेआरएफ की परीक्षा में सफलता हासिल कर जिले का नाम किया रौशन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बोखड़ा :** प्रखंड के बनौल पंचायत के इनामात गांव के वार्ड 15 निवासी संजय ठाकुर की पुत्री व सीतामढी शहर स्थित श्री राधा कृष्ण गोयनका महाविद्यालय के हिंदी बिभाग की छात्रा लक्ष्मी कुमारी ने वर्ष 2024 की जेआरएफ की परीक्षा में सफलता हांसिल की है।लक्ष्मी एमए हिंदी 2020-2022 की छात्रा है। लक्ष्मी कुमारी की इस सफलता पर उसके स्वजनों एवं रिश्तेदारों में खुशी का माहौल है।इनकी सफलता पर बनौल पंचायत की मुखिया कुमारी अर्चना,मुखिया प्रतिनिधि सिकंदर यादव, उप मुखिया राजेश चौधरी,प्रगतिशील किसान सह तिमूल के बोर्ड सदस्य सीताराम राय,सामाजिक कार्यकर्ता रमेश राय व केशव कुमार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा की लक्ष्मी कुमारी एक साधारण परिवार से आने वाली साधारण किसान संजय ठाकुर की पुत्री है, इन्होंने अपनी कड़ी मेहनत की बदौलत आज अपने गांव व समाज का नाम रौशन की है,वह सभी इनके उज्वल भविष्य की कामना करते है।


"सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता"

## समाहरणालय, लातेहार
## ( निर्वाचन शाखा )

### आम–सूचना

विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित लातेहार जिला अंतर्गत 073 मनिका एवं 074 लातेहार विधानसभा के लिए निर्वाचन व्यय अनुश्रवण हेतु भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा व्यय प्रेक्षक की प्रतिनियुक्ति की गयी है। साथ ही जिला स्तर पर सहायक व्यय प्रेक्षक की भी विधानसभावार प्रतिनियुक्ति की गयी है। व्यय प्रेक्षक/सहायक व्यय प्रेक्षक से संबंधित विवरणी निम्नवत् है :–

| क्रम सं0 | व्ययप्रेक्षक का नाम | पदनाम | मोबाईलसंख्या | मिलने का पता |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Sri Suni Mathews, IRS | व्ययप्रेक्षक | 9263861631 | परिसदन, लातेहार |
| 02 | Sant Kumar Bhagat Director, SBI RSETI, Latehar | सहायक व्यय प्रेक्षक (073 मनिका) | 8494904466 | – |
| 03 | Rajiv Kumar Mandirwar LDM, SBI, Latehar | सहायक व्यय प्रेक्षक (074 लातेहार) | 7992445206 | – |

अतएव लातेहार जिला के सभी आम नागरिकों/राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्ष/प्रतिनिधियों से अपील है कि निर्वाचन व्यय से संबंधित किसी भी प्रकार के शिकायत/सूचना उपरोक्त मोबाईल संख्या पर दी जा सकती है तथा प्रत्येक कार्य दिवस को (उपलब्धता के आधार पर) व्यय प्रेक्षक से पूर्वाह्न 11:00 बजे से मध्याह्न 12:00 बजे के मध्य मिलकर शिकायत दर्ज कराया जा सकता है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, लातेहार

PR 339297 (Election) 24-25 (D)



## जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, खूँटी
## (प्रशिक्षण कोषांग–विधानसभा निर्वाचन, 2024)

### –: आदेश :–

खूँटी जिलान्तर्गत अवस्थित केन्द्र सरकार/केन्द्रीय लोक उपक्रम/राज्य सरकार के विभागों/कार्यालयों के पदाधिकारियों/कर्मियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग के आदेश के आलोक में विधानसभा आम चुनाव, 2024 को दृष्टिगत रखते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्न विवरणी के अनुसार आयोजित किया जाता है :–

| Sl. | Date | Training Programme | Participants | Time | Venue | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 23.10.2024 | Training for Polling Personnel | 3rd Polling Officers | 10.00 AM to 2.00 PM & 3.00 PM to 5.00 PM | Loyola Inter College, Khunti | |
| | | | | | Birsa College, Khunti | |
| 2 | 24.10.2024 | Training for Polling Personnel | 2nd Polling Officers | 10.00 AM to 2.00 PM & 3.00 PM to 5.00 PM | Loyola Inter College, Khunti | |
| | | | | | Birsa College, Khunti | |
| 3 | 25.10.2024 | Training for Polling Personnel | 1st Polling Officers | 10.00 AM to 2.00 PM & 3.00 PM to 5.00 PM | Loyola Inter College, Khunti | |
| | | | | | Birsa College, Khunti | |
| 4 | 26.10.2024 | Training for Polling Personnel | Presiding Officers | 10.00 AM to 2.00 PM & 3.00 PM to 5.00 PM | Loyola Inter College, Khunti | |
| | | | | | Birsa College, Khunti | |
| 5 | 28.10.2024 | Training for Election | BLO & BLO Supervisors | 10.00 AM to 2.00 PM | Concern Block HQ | |
| 6 | 29.10.2024 | Training for Polling Personnel | Postal Ballot, Home Voting / Essencial Service / FC / PVC | 10.00 AM to 2.00 PM | Birsa College, Khunti | |
| | | | All Women Polling Personnel (PrO & P1) | 10.00 AM to 2.00 PM & 3.00 PM to 5.00 PM | Loyola Inter College, Khunti | |
| 7 | 30.10.2024 | Training for Election | Sector Officers & Sector Police Officers | 10.00 AM to 1.00 PM | Birsa College, Khunti | Briefing by RO, 59-Torpa & RO, 60-Khunti |
| | | Training for Election | Micro Observer | 10.00 AM to 1.00 PM | Birsa College, Khunti | |
| | | Training for Polling Personnel | All Women Polling Personnel (P2 & P3) | 10.00 AM to 2.00 PM & 3.00 PM to 5.00 PM | Loyola Inter College, Khunti | |
| | | Training for Election | Web Casting Operator/Videographer/ Photographer | 10.00 AM to 1.00 PM | Birsa College Khunti | |
| | | Training for Police | CPAF officers / Dy. SP / PI / PSI / ASI | 10.00 AM to 1.00 PM | Birsa College Khunti (Multipurpose Hall) | |
| | | Training for Election | Contesting Candidate / Election Agent(59-Torpa) | 2.00 PM to 3.00 PM | DC Conference Hall Khunti | Briefing by RO, 59-Torpa |
| | | Training for Election | Contesting Candidate / Election Agent(60-Khunti) | 3.00 PM to 4.00 PM | DC Conference Hall Khunti | Briefing by RO, 60-Khunti |
| | | Training for Election | VST, FST, SST, VVT & EEM Team | 2.00 PM to 5.00 PM | Loyla Inter College, Khunti | DLMT |
| 8 | 03.11.2024 | Training for Polling Personnel | 3rd Polling Officers (59-Torpa) | 10.00 AM to 2.00 PM & 3.00 PM to 5.00 PM | Loyola Inter College, Khunti | |
| | | | 3rd Polling Officers (60-Khunti) | 10.00 AM to 2.00 PM & 3.00 PM to 5.00 PM | Birsa College, Khunti | |
| 9 | 04.11.2024 | Training for Polling Personnel | 2nd Polling Officers (59-Torpa) | 10.00 AM to 2.00 PM & 3.00 PM to 5.00 PM | Loyola Inter College, Khunti | |
| | | | 2nd Polling Officers (60-Khunti) | 10.00 AM to 2.00 PM & 3.00 PM to 5.00 PM | Birsa College, Khunti | |
| 10 | 05.11.2024 | Training for Polling Personnel | 1st Polling Officers (59-Torpa) | 10.00 AM to 2.00 PM & 3.00 PM to 5.00 PM | Loyola Inter College, Khunti | |
| | | | 1st Polling Officers (60-Khunti) | 10.00 AM to 2.00 PM & 3.00 PM to 5.00 PM | Birsa College, Khunti | |
| | | Training for Election | Election Volunteer | 10.00 AM to 1.00 PM | Concern Block HQ | |
| 11 | 06.11.2024 | Training for Polling Personnel | Presiding Officers (59-Torpa) | 10.00 AM to 2.00 PM & 3.00 PM to 5.00 PM | Loyola Inter College, Khunti | |
| | | | Presiding Officers (60-Khunti) | 10.00 AM to 2.00 PM & 3.00 PM to 5.00 PM | Birsa College, Khunti | |
| | | Training for Election | Election Volunteer | 10.00 AM to 1.00 PM | Concern Block HQ | |
| 12 | 09.11.2024 | Training for Election | Micro Observer | 10.00 AM to 1.00 PM | Birsa College, Khunti | |
| 13 | 09.11.2024 | Training for Polling Personnel | Polling Parties (59-Torpa)001 to 120 | 10.00 AM to 1.00 PM | Loyola Inter College, Khunti | |
| | | | Polling Parties (59-Torpa)121 to 240 | 2.00 PM to 5.00 PM | Loyola Inter College, Khunti | |
| | | | Polling Parties (60-Khunti)001 to 120 | 10.00 AM to 1.00 PM | Birsa College, Khunti | |
| | | | Polling Parties (60-Khunti)121 to 240 | 2.00 PM to 5.00 PM | Birsa College, Khunti | |
| | | Training for Election | Contesting Candidate / Election Agent(59-Torpa) | 10.00 AM to 1.00 PM | Collectorate Meeting Hall, Khunti | |
| 14 | 10.11.2024 | Training for Election | EVM & material receiving team | 10.00 AM to 1.00 PM | Birsa College, Khunti | |
| | | | Dispatch Team | | | |
| | | | Deputed Driver | 10.00 AM to 1.00 PM | | |
| | | Training for Polling Personnel | Polling Parties (59-Torpa)241 to 277 | 10.00 AM to 1.00 PM | Loyola Inter College, Khunti | |
| | | | Polling Parties (60-Khunti)241 to 327 | 10.00 AM to 1.00 PM | Birsa College, Khunti | |
| | | | Contesting Candidate / Election Agent (60-Khunti) | 10.00 AM to 1.00 PM | Collectorate Meeting Hall, Khunti | |
| 15 | 12.11.2024 | Election Briefing | Polling Party, Sector Officers, SPO, Micro Observer | | Birsa Munda Football Stadium, Birsa College, Khunti | DEO / SP / Dy. Election Officer |

संबंधित सभी पदाधिकारियो/कर्मियों को सूचित किया जाता है कि निर्धारित तिथि को ससमय प्रशिक्षण में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे। प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारियों/कर्मियों के विरूद्ध आर.पी. एक्ट, 1951 की सुसंगत धाराओं के तहत कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह–उपायुक्त,
खूँटी

PR 339298 (Election)24-25*D

# लचरागढ़ में परंपरागत इंद मेला के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कोलेबिरा प्रखंड के लचरागढ़ में पारंपरिक इंद मेला के मौके पर शुक्रवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि के रूप में युवा नेता संदेश एक्का शामिल हुए साथ में विशिष्ट अतिथि के रूप में मुखिया जिरेन मड़की, फुल केरिया डांग,विधादर पंडा शामिल हुए। जहां पर कार्यक्रम का अतिथियों और कमेटी के सदस्यों के द्वारा सामूहिक रूप से विधिवत रिबन काटकर उद्घाटन किया गया।इस मौके पर उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि हमारी संस्कृति हमारी परंपरा गांव में बसती है और हमारे पूर्वजों की देन है कि इस प्रकार का कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है ।उन्होंने कहा कि हम इंद मेला के मौके पर भगवान इंद्र की पूजा करते हैं।जहां पर साल भर अच्छी फसल की कामना के साथ जब फसल किसानों की अच्छी होती है तो उसी पर खुशियां मनाते हैं। उन्होंने सभी लोगों को सामाजिक स्तर पर संगठित रहकर समाज में फैली बुराई एवं कुरीतियों को दूर करने का आह्वाहन किया। साथ ही उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन करने से हमारी कला संस्कृति और हमारी परंपरा को बचाने में हमें मदद मिलता है। वहीं इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पंचायत की मुखिया जिरेन मड़की और फुलकेरिया डांग भी शामिल हुए मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वर्षों से परंपरागत ईन्द मेला का आयोजन लचरागढ़ में होते आ रहा है, सभी कोई मिलजुल कर प्रेम भाव से मेला का आनंद लें, आपसी सौहार्द और प्रेम की भावना बनाए रखें। आचार संहिता के मद्देनजर इस बार दिन में ही कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, नियमों का अनुपालन करते हुए, प्रशासन का भी सहयोग करें और शांतिपूर्ण तरीके से कार्यक्रम का लुफ्त उठाएं। वहीं आए हुए अतिथियों का स्वागत समिति के अध्यक्ष, संरक्षक और समिति के सदस्यों के द्वारा किया गया। इस मौके पर झारखंड के मशहूर कलाकार जगदीश बड़ाईक, रूपेश बड़ाइक, सुलोचना देवी, चांदनी कुमारी, गायक गोपाल बरला,दुर्गा बड़ाइक,जीवन लकड़ा, लालजीत कच्छप, शंभू बड़ाइक, राजा प्रधान, गायिका, रजनी बड़ाइक, संजना कुमारी, मतेश्वरी कुमारी, नेहान्ती कुमारी, डांसर चांदनी, आरती, मिस्टी व मुस्कान, सहित कई कलाकारों ने अपनी गीत संगीत से उपस्थित लोगों को झूमने पर विवश कर दिया। आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर अनुमंडल पदाधिकारी सिमडेगा और प्रशासनिक पदाधिकारी के आदेश अनुसार निर्धारित समयावधि में सांस्कृतिक कार्यक्रम की समाप्ति हुई।

# लोहरदगा से आजसू की जीत निश्चित : ओम प्रकाश भारती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आजसू पार्टी के प्रधान कार्यालय में जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भारती की अध्यक्षता में आज बैठकों का दौरा जारी रहा, जिसमें जिला कमेटी के लोगों के साथ, प्रखंड कमेटी के साथ, पंचायत कमेटी, नगर के पदाधिकारी आदि से अलग-अलग बैठक का दौर जारी रहा। इसमें आजसू जीत की रणनीति बनी। इन बैठकों में एक-एक व्यक्ति पर रणनीति बनी कौन सा पदाधिकारी किस प्रखंड एवं किस पंचायत का प्रभार देखेगा एवं किस तरह से एनडीए के अन्य साथियों को साथ में लेकर चुनावी नैया पार लगाई जाएगी तथा जीत सुनिश्चित की जाएगी। एनडीए के सभी घटक दल चाहे वह बीजेपी हो, जदयू हो या एलजीपी जिनके भी पदाधिकारी या कार्यकर्ता होंगे। उनका साथ में लेकर लोहरदगा विधानसभा फतह किया जाएगा और एनडीए की सरकार राज्य में बने यह सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए लोहरदगा विधानसभा सीट आजसू जीतकर अपना अहम योगदान देगी और इस विधानसभा रूपी जंग में किसी तरह का कोई कोर कसर नहीं छोड़ा जाएगा। आजसू पूरे शिद्दत के साथ लड़ेंगी और जीतेंगी इसके लिए एक-एक व्यक्ति को प्रभार सौंपा गया तथा किसी तरह का समन्वय का अभाव ना रहे इसके लिए विशेष रणनीति बनायी गयी।

## असमर्थ मतदाताओं की सुचि रखें तैयार, घर में कराया जायेगा मतदान : बीडीओ



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 18 अक्टूबर शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी सूश्री छुन्दा भट्टाचार्य के अध्यक्षता मे प्रखंड के 37 मतदान केन्द्रों के बीएलओ, पर्यवेक्षक के साथ आगामी विधानसभा चुनाव के निमित की गई बैठक। बीडीओ सूश्री भट्टाचार्य ने कहा कि सभी बीएलओ मतदान केंद्रों में बयोबृद्ध व चलने फिरने मे असमर्थ मतदाताओं की सुचि रखें तैयार, वैसे मतदाता जो मतदान केंद्र आने में असमर्थ हैं,उनकी मतदान घर मे ही करायी जायेगी साथ ही मतदान क्षेत्रों में मृत मतदाताओं की सुचि भी शीघ्र करे तैयार। प्रविपदा0 ने प्रखंड क्षेत्रों में मतदान के प्रतिशत बढ़ाने को लेकर बीएलओ एवं पर्यवेक्षक को आवश्यक निर्देश दिये। उन्होने कहा कि मतदान से कोई भी मतदाता वंचित न रहे, मतदान से संबंधित कार्यों में किसी भी प्रकार कोताही बरतने पर सीधी कारवाई की जायेगी। मौके पर बैठक में प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी किशोर उराँव, अधिश खाखा, प्रियंका कुमारी, बीएलओ मंसुर अहमद, सुचित्रा लकड़ा, नसीमा खातून, इत्यादि बैठक में उपस्थित थे।

## अलग-अलग पार्टी द्वारा कुल चार नामांकन पत्रों का किया गया खरिदारी

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को कुल 04 नामांकन पत्रों की खरीद की गई। नामांकन क्रय करने वालों की सूची इस प्रकार है। अभिनव सिद्धार्थ - इंडियन नेशनल कॉंग्रेस। अनिल कुमार भगत - झारखंड पीपुल्स पार्टी। बिहारी भगत - पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक। नीरू शांति भगत - आजसू।

# स्व. कमल किशोर भगत को कांग्रेस ने एक षड्यंत्र के तहत जेल भेज कर चुनाव जीता, अब जनता सिखाएगी सबक : नीरू शांति भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** एनडीए प्रत्याशी के रूप में नीरू शांति भगत ने नामांकन पत्र खरीदा। इस मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए नीरू शांति भगत ने कहा की लोहरदगा में जब से कांग्रेस की विधायक हुए हैं वह मंत्री रहते हुए भी लोहरदगा को बहुत पीछे ले गए। लोहरदगा स्वर्गीय कमल किशोर भगत के कार्यकाल में बहुत तेजी से विकास कर रही थी,लेकिन षड्यंत्र के तहत उन्हें जेल भेज कर कांग्रेस ने विधानसभा जीत तो लिया लेकिन लोहरदगा की जनता की दिल नहीं जीत पाई। इस बार जनता सबक सिखाएगी और आजसू पार्टी एनडीए के घटक दलों की सहयोग से सत्ता में आएगी। लोहरदगा विधानसभा जीतेगी और स्वर्गीय कमल किशोर भगत के अधूरे सपनों को पूरा करने के कार्य करेगी। लोहरदगा को विकास की एक नई दिशा दी जाएगी। आज के नामांकन पत्र खरीद में नीरू शांति भगत के साथ जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भारती, केंद्रीय सचिव लाल गुडडू नाथ शाहदेव, मुख्य संयोजक कमलजीत सिंह, संयोजक महेंद्र महतो, जहांगीर आलम, सागर वर्मा, बुद्धिजीवी मंच के राजेश शर्मा, नगर अध्यक्ष अशोक साहू, कार्यकारी अध्यक्ष राजन मेहता, गुड्डू गुप्ता, नीरज जयसवाल, भंडरा प्रखंड अध्यक्ष दिलीप साहू, सरस्वती देवी, मालती टोप्पो, अमानत अंसारी, संजीव शर्मा, राजेंद्र लोहार, विजय उरांव, अनीता साहू, पंकज मिश्रा, आकाश यादव, मनोज गुप्ता, अवधेश पाठक, फिरोज खान, बबली खान, मोइन अंसारी, आयुष मेहता आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# लोहरदगा का ऐतिहासिक एथलेटिक मीट भव्य और शानदार होगा : संजय प्रसाद साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शानिवार को लोहरदगा जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन की बैठक साहु धर्मशाला में संजय प्रसाद साहु की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक में जिसमे सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 2024-25 में एथलेटिक् मीट का आयोजन शानदार और भव्य कराया जायेगा,जिसके लिये वर्तमान में एक संयोजक मंडली की बनाई गई जिसमें क़य्यूम खान जाहिद अहमद किशोर कुमार वर्मा अजय प्रसाद,होंगे जो आगे की कार्यवाही करेंगे तथा ललित नारायण स्टेडियम लोहरदगा की फील्ड की समीक्षा करेंगे तथा शौचालय और पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। अगली बैठक 30.11.2024 को होगी जिसमे अध्यक्ष सह पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू भी उपस्थित रहेंगे। यह भी निर्णय लिया गया कि संयोजक मंडल की जिम्मेदारी है कि प्रगति रिपोर्ट समय समय पर वरीय अधिवक्ता मनोज प्रसाद व शिक्षाविद मदन मोहन पांडेय को देते रहेंगे। अगली बैठक में सदस्यों की उपस्थिति को बढ़ाया जाय। उक्त जानकारी ऑर्गेनाइजिंग सचिव संजय साहु के द्वारा दी गई। बैठक में लाल मोहन केसरी, अफसर कुरैशी, मुरारी गोस्वामी, नसीम अख्तर, अजय प्रसाद, मोहम्मद खलील, मोहम्मद फहद खान, ओमेश्वर नाथ तिवारी, संतोष पांडा, किशोर कुमार वर्मा, संजय बर्मन, जाहिद अहमद, मोहम्मद फिरोज राही एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## प्लस 2 चुन्नी लाल उच्च विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के बैनर तले शहरी क्षेत्र के गुदरी बाजार स्थित प्लस 2 चुन्नी लाल उच्च विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जागरूकता शिविर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा श्री राजकमल मिश्रा, डालसा सचिव श्री राजेश कुमार,भारत स्काउट और गाइड के सचिव शैलेंद्र कुमार सुमन, विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे। वहीं पीडीजे सह डालसा अध्यक्ष श्री राजकमल मिश्रा ने कहा कि जीवन के जिस भी क्षेत्र में रहे ईमानदारी और मेहनत के साथ रहे। ये आपको आगे ले जाएगा। वहीं उन्होंने पढ़ाई के साथ स्वास्थ्य पर भी ध्यान रखने की बात कही। इन्होंने कहा कि जिले में विधिक सेवा के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार गठित है। जिसका उद्देश्य कमजोर लोगों को निःशुल्क न्याय दिलाना है । वहीं किसी भी तरह के मामलों का निपटारा के लिए डालसा को जानकारी दे। वही डालसा सचिव श्री राजेश कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर न्याय सबके लिए हेल्पलाइन नंबर 15100 पर कॉल किया जा सकता है। कॉल पर बात नहीं होने पर कॉल बैक की भी सुविधा है। इन्होंने कहा कि आप जागरूक हो और हेल्प लाइन नंबर का उपयोग करे। साथ ही डालसा कार्यालय से भी संपर्क कर सकते है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा निःशुल्क अधिवक्ता भी मामलों के लिए उपलब्ध कराने का काम किया जाता है। समान्य से गंभीर मामलों का निष्पादन की दिशा में डालसा लोहरदगा जिला में कार्य कर रही है। इन्होंने कहा की पीएलवी के माध्यम से विधिक जागरूकता कार्यक्रम निरंतर चलाया जा रहा है। जागरूकता शिविर में गौतम लेनिन, मुमताज अहमद, रेणु तिग्गा, संध्या कुजूर, संध्या सिंह, सरिता कुजूर सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।

## सीडीपीओ ने मतदाताओं के बीच हल्दी चावल देकर 13 नवम्बर को मतदान हेतु किया आमंत्रित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शनिवार को जिले के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में आंगनवाड़ी सेविका /सहायिका, महिला पर्यवेक्षिका, सीडीपीओ द्वारा अपने पोषक क्षेत्र के मतदाताओं के बीच हल्दी चावल देकर परंपरागत तरीके से 13 नवम्बर 2024 को मतदान हेतु आमंत्रित किया गया। विधानसभा निर्वाचन हेतु गठित स्वीप कोषांग के द्वारा लोहरदगा जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों/कम मतदान प्रतिशत वाले दुर्गम क्षेत्र पेशरार प्रखण्ड के ग्राम बालाडीह, जवाल, हेसाग, कुम्बा टोली, बांडी, हतवल, दुंदुरू, मुंगो, ऊपर तुरियाडीह, सिंदूर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें जिला समाज कल्याण पदाधिकारी-सह-वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग तथा अन्य स्वीप कोषांग के पदाधिकारी/कर्मी, जेएसएलपीएस के पदाधिकारी द्वारा उक्त ग्रामों में आज अभियान चला कर एवं परम्परागत तरीके से हल्दी चावल देकर मतदान हेतु आमंत्रित किया गया। विशेष रूप से आदिम जनजाति परिवारों के बीच अभियान चला कर आगामी विधानसभा चुनाव 2024 में शत-प्रतिशत मतदान प्रक्रिया में भाग लेने हेतु अपील की गई।

**अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी तैयार करने के उद्देश्य से कराया जा रहा है जूनियर खिलाड़ियों का मैच**

# गोंडवाना वेलफेयर सोसाइटी ग्रास रूट से खिलाड़ी तैयार कराने के लिए हर छः माह में करायगी जूनियर लीग मैच : बालसिंह प्रधान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** चारों ओर से प्राकृतिक वातावरण से घिरे पहाड़ों के बीच बसे केरसई प्रखंड अंतर्गत रुंघुडेरा ग्राम में गोंडवाना वेलफेयर सोसाइटी द्वारा जूनियर (अंडर-14) उभरते खिलाड़ियों के लिए हॉकी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सिमडेगा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में गोंडवाना वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित गोटूल केंद्र के जूनियर खिलाड़ी शामिल हुए। प्रतियोगिता का शुभारंभ अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए किया गया। आयोजन में 11 टीमों के बीच प्रतियोगिता कराई गई। छोटे- छोटे खिलाड़ियों के मैच को देखने के लिए स्थानीय लोगों की काफी भीड़ उमड़ी हुई थी। वेलफेयर सोसाइटी के उपाध्यक्ष अजय मांझी ने बताया कि सिमडेगा जिले से महिला वर्ग से कई अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी हुए हैं। जिनमें गोंड समुदाय से तारिणी कुमारी, संगीता कुमारी, पूर्णिमा कुमारी और रोपनी कुमारी महिला वर्ग में देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। पुरुष वर्ग से भी अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी तैयार करने के उद्देश्य से सोसाइटी ने यह मुहिम शुरू किया है। जूनियर नये उभरते खिलाड़ियों को खेलने के लिए मंच कम मिल पाता है इसलिए सोसाइटी ने निर्णय लिया है कि प्रत्येक छः माह में जूनियर खिलाड़ियों का लीग मैच कराया जायेगा जिसका सारा व्यय गोंडवाना वेलफेयर सोसाइटी उठायेगा। चापाबारी विजेता और ढोढ़ीजोर उपविजेता हुई ध्यफाइनल मुकाबला ढोढ़ीजोर केरसई और चापाबारी कुरडेग के बीच हुआ जिसमें चापाबारी ने ढोढ़ीजोर को 2-0 से पराजित कर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी टीम को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा प्रतियोगिता में शामिल सभी टीमों को भी पठन-पाठन की सामग्री और हॉकी बॉल देकर सम्मानित किया गया। गोंडवाना वेलफेयर सोसाइटी के सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर बालसिंह प्रधान ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ग्रास रूट से खिलाड़ी तैयार करने के लिए इस तरह का आयोजन अब होते रहेगा। 2032 तक बालक वर्ग में अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी तैयार करने का लक्ष्य वेलफेयर सोसाइटी ने रखा है। नशापान से दूर रहकर खिलाड़ी मेहनत करते रहें आप सभी को एक दिन देश का प्रतिनिधित्व करना है। इस अवसर पर हीराधर मांझी,गजेंद्र मांझी, चिंतामणि देवी ने भी अपने विचार रखे। बताते चलें कि गोंडवाना वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित इस प्रथम आयोजन में 11 टीमों से 220 जूनियर खिलाड़ियों ने भाग लिया। टीम के आने- जाने का खर्च और पुरस्कार का सारा व्यवस्था गोंडवाना वेलफेयर सोसाइटी ने किया। रुंघुडेरा में आयोजन हुए रानी दुर्गावती खेल मैदान का निर्माण भी गोंडवाना वेलफेयर सोसाइटी के सौजन्य से हुआ है।

## दल से दल मिले, मिले फूल से फल इसी मंत्र से लोहरदगा विधानसभा से राजग गठबंधन होगा सफल : लाल गुड्डू नाथ शाहदेव



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव लाल गुड्डू नाथ शाहदेव ने विधानसभा चुनाव में सीटों के बंटवारे में लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र की सीट आजसू पार्टी के खाते में जाने को लेकर भाजपा एवं आजसू दोनों पार्टी के कार्यकर्त्ता बन्धुओं से कहा है कि फूल और फल एक दूसरे के अभिन्न अंग हैं और दोनों दलों के कार्यकर्त्ता गण भाई भाई हैं। चुनाव में राजग गठबंधन से भारतीय जनता पार्टी के छोटे भाई आजसू को टिकट मिला इसका अर्थ आजसू नहीं राजग है और टिकट परिवार के बड़े भाई के स्थान पर छोटे भाई को मिला है। इस परिस्थिति में छोटे भाई आजसू को बड़े भाई भारतीय जनता पार्टी के आशीर्वाद, मार्गदर्शन और सहयोग की आवश्यकता है जिससे कि लोहरदगा विधानसभा में विजयश्री सुनिश्चित रूप से प्राप्त हो। जिस प्रकार से फल फलने के लिए फूल का खिलना आवश्यक है उसी प्रकार से फूल खिलने के बाद ही फल फलता है। इसी विषय को को सभी लोगों को मानने की जरूरत है। राजग गठबंधन के शीर्ष नेतृत्व ने यदि लोहरदगा विधानसभा की सीट आजसू को दी है तो यह निर्णय सभी लोगों के लिए सर्वमान्य है, इसमें किसी प्रकार का कोई संशय नहीं है। इस चुनाव में दोनों दलों के कार्यकर्ता बन्धु मिलकर जनता के चरणों में फल अर्पित करेंगे। दोनों पार्टी के किसी भी कार्यकर्त्ता गण के मन में इस सीट बंटवारे के विषय को लेकर किसी भी प्रकार का कोई संशय नहीं है, बस जनता की पूजा करने के लिए लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र से राजग गठबंधन को विजय दिलाना है, फल अर्पित कर के इस चुनाव में जनता की वन्दना करनी है। जनता की वन्दना होने से इस विधानसभा का मान बढ़ेगा यह विकास के मार्ग पर अग्रसर होगा। इस कारण बिचौलियों और ठगों से सावधान रहते हुए दुष्प्रचार को हराते हुए दोनों दलों के कार्यकर्त्ता गणों को यह सीट राजग गठबंधन की झोली में डालना है।

# शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में सफलतापूर्वक संपादित किया गया नवीन आचार्य चयन परीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** विद्या विकास समिति द्वारा आयोजित नवीन आचार्य चयन परीक्षा शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में सफलतापूर्वक संपादित हुई। इस परीक्षा के सफल संचालन के लिए गुमला विभाग के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला के समिति सचिव विजय बहादुर सिंह,जमशेदपुर विभाग के विभाग प्रमुख तुलसी प्रसाद ठाकुर,लोहरदगा संकुल में स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बड़की चांपी के प्रधानाचार्य मनोहर मोदी, विद्या मंदिर लोहरदगा के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास एवं गुमला शिशु विद्या मंदिर के भौतिक शास्त्र के आचार्य हेमंत कुमार दास का उत्साहवर्धक मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस परीक्षा केंद्र के लिए विद्या विकास द्वारा निर्धारित परीक्षार्थियों संख्या 101थी। जिसमें PRT में 09 उपस्थित 04 अनुपस्थित ,TGT में 51 उपस्थित 15 अनुपस्थित, PGT में 17 उपस्थित 05 अनुपस्थित। जिसमें कुल उपस्थित 77 एवं अनुपस्थिति 24 रहे। आचार्य चयन परीक्षा का उद्घाटन सत्र वंदना के साथ संपन्न हुआ। जिसमें विद्या विकास समिति द्वारा निर्धारित सभी मार्गदर्शक महानुभाव उपस्थित रहे। इस उद्घाटन सत्र का संचालन अपने विद्यालय के भौतिक शास्त्र के आचार्य राजीव कुमार सिंह ने किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने इस अवसर पर कहा कि विद्या भारती द्वारा संचालित आचार्य चयन परीक्षा हर साल संपादित होती है ।इस वर्ष भी उसी परंपरा के आधार पर इस परीक्षा का केंद्र अपने विद्यालय को बनाया गया है। इस परीक्षा को सफलता पूर्वक संपादित कराने में सभी आचार्य बंधु भगिनी अपनी सहयोगात्मक भूमिका में उपस्थित रहेंगे,ऐसी आशा है। साथ ही सभी परीक्षार्थी अनुशासित वातावरण में अपनी परीक्षा लिख कर सफल होंगे, ऐसी शुभकामना है। वंदना व्यवस्था में सुश्री सुप्रिया घोषाल, वीणा तिवारी, अनीता देवी, जया मिश्रा एवं मधुमिता शर्मा का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य बंधु भगिनी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# उप विकास आयुक्त ने विधानसभा आम निर्वाचन को लेकर विभिन्न कोषांगों का किया समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, उप विकास आयुक्त-सह-वरीय पदाधिकारी, जिला निर्वाचन कार्यालय, लोहरदगा की अध्यक्षता में आज विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 के निमित्त गठित विभिन्न कोषांगों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में कार्मिक कोषांग को मतदान हेतु आवश्यक कर्मियों की संख्या सुनिश्चित रखने का निदेश दिया गया। रिजर्व में भी कर्मियों की उपलब्ध रहे। उप विकास आयुक्त ने कहा कि प्रशिक्षण कोषांग द्वारा मतदान पदाधिकारियों का प्रशिक्षण ससमय प्रारंभ कराया जाए। प्रशिक्षण कोषांग की ओर से 21 अक्टूबर से प्रशिक्षण प्रारंभ कराने की जानकारी दी गई। ईवीएम/वीवीपैट कोषांग को प्रथर रेण्डमाइजेशन की तैयारी सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में अवस्थित मतदान केंद्रों में न्यूनतम मूलभूत सुविधाएं गाईडलाइन अनुसार मतदान हेतु सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। मतदान केंद्रों में रैंप की व्यवस्था दिव्यांग/वृद्ध मतदाताओं के लिए सुनिश्चित करने, मतदान केंद्र के अंदर पर्याप्त रौशनी की व्यवस्था किये जाने का निर्देश दिया गया। उप निर्वाचन पदाधिकारी को प्रेक्षक के साथ समन्वय बनाकर कार्य किये जाने का भी निर्देश दिया गया। सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में स्टेटिक टीम और फ्लाइंग स्क्वायड टीम द्वारा आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की स्थिति पर नजर रखने, आवश्यक रिपोर्टिंग व कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। वाहन कोषांग को मतदान की तिथि के लिए मतदानकर्मियों को मतदान केंद्रों तक ले जाने के लिए पर्याप्त संख्या में वाहन की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया।? बैठक में स्वीप कोषांग, आइटी कोषांग समेत अन्य कोषांगों के द्वारा भी कार्य किये जाने का निदेश उप निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा दिया गया। आज की बैठक में आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, जिला पंचायत राज पदाधिकारी अंजना दास, जिला आपूर्ति पदाधिकारी समेत अन्य कोषांगों के पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## एस एस एस पब्लिक स्कूल ने ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल को 13 रनों से किया पराजित



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में चल रहे अंदर 16 स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में आज ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल और एस एस पब्लिक स्कूल कुटमू लोहरदगा के बीच मैच हुआ जिसमें एसएस पब्लिक स्कूल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। एसएस पब्लिक स्कूल ने निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर कुल 148 रन बनाया। इसके जवाब में जीपीएस की टीम ने 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 135 रन ही बना सकी। इस तरह से से पब्लिक स्कूल ने इस मैच को 13 रनों से जीत लिया। एसएस पब्लिक के तरफ से बल्लेबाजी करते हुए श्रीश ने 46 रन और वैश अंसारी ने 27 रनों के साथ दो विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच का खिताब प्राप्त किया। वहीं जीटीपीएस के तरफ से सर्वाधिक नीतीश ने 40 रनों की सर्वाधिक पारी खेली।

## चलते चलते एक नजर

### गृह विभाग ने आपदा पीड़ितों के लिए 19.19 करोड़ की राशि स्वीकृत की

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने आपदा पीड़ितों के लिए 19.19 करोड़ की राशि स्वीकृत की है। स्वीकृत राशि वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए राज्य के सभी 24 जिलों के लिए है। जारी आदेश में कहा गया है कि आपदा से प्रभावित लोगों के लिए यह अनुदान राशि स्वीकृत की जायेगी। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार के निर्णय के बाद डीसी के जरिये राशि का भुगतान किया जायेगा। इनमें रांची से 1.50 करोड़, खूंटी से 68 लाख, लोहरदगा से 01 करोड़, गुमला से 02 करोड़, सिमडेगा से 50 लाख, लातेहार से 50 लाख, पलामू से 1.40 करोड़, गढ़वा से 1.05 करोड़, चाईबासा से 45 लाख, सरायकेला से 50 लाख,जमशेदपुर से 70 लाख, दुमका से 50 लाख, जामताड़ा से 27.82 लाख, साहेबगंज से 66 लाख, पाकुड से 30 लाख, गोड्डा से 80 लाख, देवघर से 58 लाख, हजारीबाग से 01 करोड़, रामगढ़ से 01 करोड़,चतरा से 50 लाख, कोडरमा से 60 लाख, गिरिडीह से 1.50 लाख, धनबाद से 60 लाख और बोकारो से 60 लाख शामिल हैं।

### अजय नाथ कांग्रेस से ही लड़ेंगे चुनाव




**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हटिया विधानसभा सीट के मजबूत दावेदार कांग्रेस के नेता अजय नाथ शाह देव हैं।इसलिए इनके बहुत ही करीबी और विश्वासनीय साथी कुछ वेबपोर्टल वाले से झूठी खबरें चलवाकर अजयनाथ शाह देव की छवि धुमील कर रहा है। सबको पता है कि इस बार अजयनाथ शाह देव को चुनाव जीतने से कोई रोक नहीं सकता।

**अजय नाथ ने कहा मैं कांग्रेसी हूं :** भाजपा में शामिल होने और टिकट फाइनल किए जाने पर कांग्रेस नेता अजयनाथ शाहदेव ने तमाम अटकलों पर विराम लगा दी है। उन्होंने अपना एक वीडियो मैसेज जारी किया है। जिसमें इन खबरों का खंडन किया है। उन्होंने कहा कि विभिन्न माध्यमों से फेक न्यूज चल रहा है कि मुझे भाजपा से टिकट मिल गया है, जबकि सच्चाई यह है कि मैंने इसके लिए आवेदन भी नहीं किया है। उन्होंने कहा कि ये अफवाह विरोधियों ने फैलाया। मेरे खंडन के बाद भी इस तरह की खबर आ रही है। कुछ देर पहले मीडिया में ये भी खबरें चल गई कि बीजेपी से हटिया का मेरा टिकट फाइनल हो गया। कांग्रेस का मेंबर हूं। जनता की सेवा कर रहा हूं। चुनाव के समय इस तरह की बातें मुझे बदनाम करने की कोशिश है। कहीं न कहीं ये चुनाव को प्रभावित करने का प्रयास है। झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए राजनीतिक दलों में नेताओं का आना-जाना जारी है। ऐसे में कांग्रेस नेता अजयनाथ शाहदेव के भाजपा में शामिल होकर हटिया से चुनाव लड़ने की खबर तेजी से वायरल हो रही थी। जिसमें बताया जा रहा था कि बीजेपी में जाने के लिए उनका रास्ता साफ हो गया है। बीजेपी से उनको हरी झंडी मिल गई है। जानकारी के मुताबिक भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से अजयनाथ शाहदेव की वार्ता हो गई है और वे जल्द ही औपचारिक तौर पर भाजपा में शामिल हो जाएंगे। इसके बाद वह हटिया के उम्मीदवार हो सकते हैं।

# मुस्लिम बहुल कांके विधानसभा में भाजपा का रहा है शानदार प्रदर्शन

मुजफ्फर हुसैन @ प्रभात मंत्र




**रांची :** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के प्रथम चरण के लिए नामांकन शुक्रवार से शुरू हो गया। इस चरण में कांके विधानसभा समेत कुल 43 विधानसभा सीट हैं, जिस पर चुनाव होना है। एक ओर चुनाव आयोग की तैयारी जोरों पर है तो दूसरी ओर राजनीतिक पार्टियां अपने प्रत्याशियों को लेकर समीकरण साधने में लगी है। प्रत्याशियों का एक सूत्री उद्देश्य है अपने सीट पर जीत हासिल करना और इसके लिए वे हर संभव प्रयास कर रहे हैं। रांची जिले के कांके विधानसभा सीट पर भाजपा का वर्षों से एक क्षत्र राज है। कितने प्रत्याशी आये, कितने दल लेकिन भाजपा को इस सीट से कोई हिला नहीं सका।

**1977 के बाद से राम नाम को मिली जीत:** देश आजाद होने के बाद कांके विधानसभा सीट का गठन पहली बार 1967 में हुआ। इस समय झारखंड दल (जेकेडी) के नेता जेएन चौबे इस सीट पर पहले विधायक निर्वाचित हुए। 1977 में यह सीट अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षित कर दी गई। इसके बाद से इस सीट पर राम नाम के प्रत्याशियों को जीत मिलती रही है। सीट आरक्षित होने के बाद इसके पहले विधायक जेएनपी दल से हीरा राम तूफानी निर्वाचित हुए। इसके बाद से जिनके नाम में राम नाम जुड़ा रहा विजयी वही हुए। जैसे राम रतन राम, हरि राम, रामचंद्र बैठा, रामचंद्र नायक, जीतू चरण राम हालांकि सीट आरक्षित होने से पूर्व 1969 एवं 1972 में बीजेएस की टिकट पर रामटहल चौधरी दो बार विधायक निर्वाचित हुए।

**चौथी बार में समरी लाल को मिली सफलता:** निर्वतमान विधायक समरी लाल को भाजपा की टिकट पर वर्ष 2019 में पहली सफलता मिली। जबकि इस सफलता का स्वाद चखने के लिए वे वर्ष 2000 से ही सघर्ष कर रहे थे। उन्होंने राजद की टिकट पर वर्ष 2000 में चुनाव लड़ा। लेकिन भाजपा के रामचंद्र नायक ने उन्हें 17,391 मतों के अंतर से पराजित किया। दूसरी बार वे झामुमो की टिकट पर 2005 में चुनावी मैदान में उतरे। इस बार भाजपा के रामचंद्र बैठा ने उन्हें 15,059 मतों के अंतर से पटकनी दी। तीसरी बार वे पुनः झामुमो की टिकट पर 2009 में चुनाव लड़े किंतु इस बार वे तीसरे स्थान पर रहे। दूसरे स्थान पर आईएनसी के सुरेश बैठा रहे, जिन्हें 40,674 मत प्राप्त हुआ बावजूद वे भाजपा के रामचंद्र बैठा से 4,571 मतों के अंतर से हार गये।

**इनके नाम रहा जीत का सेहरा**

| | | |
|---|---|---|
| 1967 | जेएन चौबे | जेकेडी |
| 1969 | रामटहल चौधरी | बीजेएस |
| 1972 | रामटहल चौधरी | बीजेएस |
| 1977 | हीराराम तूफानी | जेएनपी |
| 1980 | राम रतन राम | आईएनसी |
| 1985 | हरि राम | आईएनसी |
| 1990 | रामचंद्र बैठा | भाजपा |
| 1995 | रामचंद्र बैठा | भाजपा |
| 2000 | रामचंद्र नायक | भाजपा |
| 2005 | रामचंद्र बैठा | भाजपा |
| 2009 | रामचंद्र बैठा | भाजपा |
| 2014 | जीतू चरण राम | भाजपा |
| 2019 | समरी लाल | भाजपा |

**सबसे अधिक मुस्लिम मतदाता**

कांके विधानसभा में सबसे अधिक मतदाता मुस्लिम जाति से हैं। दूसरे स्थान पर महतो एवं तीसरे स्थान पर उरांव जाति के मतदाता हैं। चौथे, पांचवें एवं छठे क्रम में क्रमशः मुंडा, सिंह एवं साहू जाति के मतदाता हैं। वहीं, राम उपजाति के मतदाता 10वें क्रम में हैं। बावजूद जीत का सेहरा भाजपा प्रत्याशी के सिर पर सजता रहा है।

### निर्वाचन प्रक्रिया में युवाओं की सहभागिता सुदृढ़ लोकतंत्र के निर्माण में अहम : संदीप सिंह

**रांची :** अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप कुमार सिंह ने कहा है कि निर्वाचन प्रक्रिया में युवाओं की सहभागिता सुदृढ़ लोकतंत्र के निर्माण के लिए अहम है। उन्होंने कहा कि युवा मतदाता के नैतिक मतदान के प्रति सजग होने से निर्वाचन की प्रक्रिया में सुगमता आएगी। वह शनिवार को जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय आर्ट 81 फेस्टिवल के समापन समारोह में कलाकारों एवं युवा मतदाताओं को संबोधित कर रहे थे। अपर निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि इस दो दिवसीय कार्यक्रम में आए सभी कलाकारों ने अपनी कला के माध्यम से यहां के युवा मतदाताओं को मतदान के प्रति आकर्षित करने के साथ मतदान के प्रति ज्ञानवर्धन का कार्य किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों के जरिए मनोरंजक तरीके से मतदाताओं के बीच मतदान के प्रति जागरुकता फैलाई जाती है। कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा लाईव पेंटिंग के माध्यम से झारखंड के 81 विधानसभा क्षेत्रों को दर्शाया गया।

# लंबोदर 24 को दाखिल करेंगे नामांकन पत्र

**नामांकन के बाद सभा को करेंगे सम्बोधित**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो 24 अक्टूबर को एनडीए प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल करेंगे।

नामांकन दाखिल करने के बाद तेनुघाट स्थित जुबली मैदान में एक विशाल नामांकन सभा को भी संबोधित करेंगे। इस नामांकन सभा को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, आज सू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो, गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी व एनडीए कई वरीय नेता संबोधित करेंगे।

# 200 से अधिक युवा झामुमो में शामिल

प्रभात मंत्र संवाददाता



**गढ़वा।** झारखंड विधानसभा चुनाव का बिगुल बजते ही राजनीतिक सरगर्मी काफी तेज हो गई है। प्रत्याशियों के समर्थन में हर क्षेत्र के लोगों की गतिविधियां बढ़ गई हैं। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेल व युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर शनिवार को गढ़वा प्रखंड के सुखबाना, उढ़सुगी आदि गांव से लगभग 200 से अधिक युवकों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया। यहां सभी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। साथ ही एक स्वर में मंत्री श्री ठाकुर को भारी बहुमत से जीत दिलाने का संकल्प लिया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहना कर झामुमो में शामिल किया। पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से संतोष गुप्ता, अंकित पांडेय के नेतृत्व में कुणाल कुमार श्रीवास्तव, संतोष गुप्ता, इरशाद खां, विकास कुमार, नवलेश कुमार, दीपक गुप्ता, सुंदर लाल, असगर हुसैन, अमित चंद्रवंशी, अकबर मंसूरी, अरसद मंसूरी, सोनु ठाकुर सहित 200 से अधिक लोगों का नाम शामिल है। मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# पलामू में दूसरे दिन भी कोई नामांकन नहीं, 51 नामांकन पत्र खरीदे गए

प्रभात मंत्र संवाददाता




**मेदिनीनगर :** विधानसभा चुनाव को लेकर पलामू जिले में शनिवार दूसरे दिन भी अपराह्न तीन बजे तक किसी सीट से कोई प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल नहीं किया जबकि 28 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र खरीदे। इनमें सबसे अधिक डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के लिए 8 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदे। सबसे कम छतरपुर सीट के लिए 4 नामांकन फार्म की बिक्री हुई। सामान्य के लिए 10 हजार जबकि एससी-एसटी के लिए 5 हजार की राशि नामांकन के लिए निर्धारित की गयी है।उल्लेखनीय है कि नामांकन प्रक्रिया 25 अक्टूबर तक चलेगी जबकि 28 अक्टूबर को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। इसी क्रम में यदि कोई प्रत्याशी अपना नाम वापस लेना चाहे तो 30 अक्टूबर तक नाम वापस लिया जा सकता है। सभी निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय के 100 मीटर की परिधि में प्रत्याशियों की तीन गाड़ियों के प्रवेश के अनुमति होगी जबकि निर्वाची पदाधिकारी के नाम निर्देशन कक्ष में उम्मीदवार सहित पांच व्यक्ति अंदर जा सकते हैं।डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र से 8 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदे। इनमें दिलीप सिंह नामधारी, जगन्नाथ प्रसाद सिंह, अजय कुमार चेरो, विश्वास सिंह, अभय कुमार सिंह, सतेन्द्र कुमार यादव, अजीमुद्दीन अंसारी एवं श्यामबिहारी राय शामिल हैं। पांकी विधानसभा क्षेत्र के लिए 5 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदे। मुमताज अहमद खान, विनय सिंह, ओंकार नाथ, केश्वर यादव, विश्वनाथ साव शामिल हैं। विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए 6 लोगों ने नाम निर्देशन पत्र खरीदे, जिसमें पुष्प रंजन, ब्रह्मदेव प्रसाद, रजनी देवी, जगृति पति रजनीश रंजन, महावीर सिंह चन्द्रवंशी एवं संदीप कुमार गुप्ता शामिल हैं।हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के लिए पांच नामांकन पत्र खरीदे गये, जिसमें प्रभा देवी, सुग्रीव राम, कमलेश कुमार यादव, उमाशंकर शर्मा, अमरजीत कुमार शामिल हैं। छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए दूसरे दिन चार लोगों ने नामांकन पत्र खरीदे जबकि एक भी नामांकन नहीं हुआ।नामांकन प्रक्रिया को लेकर पलामू के पांचों विधानसभा के निर्वाची पदाधिकारी कार्यालय के अंदर व निकास द्वार पर सीसीटीवी लगाये गये हैं। नामांकन की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। नामांकन के दौरान विधि-व्यवस्था के संधारण को लेकर सभी निर्वाची पदाधिकारी कार्यालय के प्रवेश द्वार पर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। उनके साथ पुलिस बल को भी टैग किया गया है।

### हटिया विधानसभा क्षेत्र से एक नामांकन

**रांची :** विधानसभा चुनाव में शनिवार को पांच विधानसभा सभा क्षेत्रों तमाड़, रांची, हटिया, कांके, मांडर में नामांकन एवं फार्म बिक्री हुई। जिला प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार, तमाड़ विधानसभा क्षेत्र से एक भी उम्मीदवार ने नामांकन नहीं किया, ना ही एक भी फार्म बिक्री हुई। रांची विधानसभा क्षेत्र से एक भी उम्मीदवार ने नामांकन नहीं किया जबकि एक फार्म की बिक्री हुई। इसी तरह हटिया विधानसभा क्षेत्र से विजय सिंह ने सम्पूर्ण क्रन्ति पार्टी से नामांकन किया। यहां से तीन फार्म बिके। कांके विधानसभा क्षेत्र से एक भी उम्मीदवार ने नामांकन नहीं किया है जबकि एक फार्म की बिक्री हुई है। मांडर विधानसभा क्षेत्र से एक भी उम्मीदवार ने नामांकन नहीं किया जबकि एक फार्म की बिक्री हुई।

# भाजपा नेता अविनाश वर्मा ने झारखंड में कायस्थ समाज के लिए मांगा पांच सीट

प्रभात मंत्र संवाददाता



**मेदिनीनगर :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य अविनाश कुमार वर्मा ने वर्तमान विधायक माननीय राज सिन्हा एवं प्रदेश उपाध्यक्ष आदरणीय बालमुकुंद सहाय समेत कम से कम पांच उम्मीदवार कायस्थ जाति से देने का आग्रह किया है। मीडिया रिपोर्ट से प्राप्त जानकारी के पश्चात कयास लगाया जा रहा है कि 81 विधानसभा सीटों में से किसी भी विधानसभा से कायस्थ जाति के नेता को उम्मीदवार नहीं बनाया जा रहा है, अंततः अविनाश वर्मा ने उक्त लिखित मांग असम के मुख्यमंत्री सह झारखंड राज्य के विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी हेमंता विश्वा शर्मा को ÷मेल÷ भेज कर किया है।

अपने पत्र में अविनाश वर्मा ने कहा कि 6 अप्रैल 1980 से पार्टी स्थापना के साथ पूरे देश का कायस्थ समाज भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करता आ रहा है, वह भी बिना किसी लोभ लालच के और देश की 140 करोड़ की जनसंख्या में करीब 12 करोड़ की भागीदारी के साथ देश के विकास में अपनी महती भूमिका का निर्वहन करता आ रहा हैं।उसी के परिपेक्ष में झारखंड राज्य में भी कई जिलों और उन जिलों के विधानसभा क्षेत्रों में कायस्थ परिवार की संख्या निर्णायक है।अविनाश वर्मा ने हेमंत विश्वा शर्मा को पत्र में आग्रह पूर्वक लिखा कि आजकल में घोषित होने वाली उम्मीदवारों की सूची में यथासंभव वरीय नेताओं की सहमति और परिस्थिति अनुसार कायस्थ जाति के पांच उम्मीदवारों को आगामी विधानसभा चुनाव 2024 में अवसर देने का कष्ट करें जिसके लिए हम सब आपके आभारी रहेंगे।

# सत्येंद्रनाथ तिवारी के समक्ष युवाओं ने थामा भाजपा का दामन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** भाजपा नगर मंडल गढ़वा क्षेत्र के विभिन्न वार्डो से राजीव रंजन सोनी के नेतृत्व में पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी के समक्ष भाजपा में शामिल हुए। पूर्व विधायक सत्यनाथ तिवारी ने सभी युवा साथियों को अंगवस्त्र पहनाकर भाजपा में शामिल कराया। मौके पर उपस्थित भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप पूर्व विधायक सतेंद्र नाथ तिवारी ने कहा युवा ही देश का भविष्य है। आप सभी लोगों ने नरेंद्र मोदी बाबूलाल मरांडी पर आस्था जताकर भाजपा में शामिल हुए हैं। बहुत-बहुत बधाई विधानसभा चुनाव में आप सभी मजबूती से अपने-अपने वार्ड में भाजपा के पक्ष में मतदान कराये और कमल के फूल छाप में ज्यादा से ज्यादा मत डलवाकर यहां के प्रत्याशी को विजय बनाने का कार्य करे। हेमंत सरकार के द्वारा जिस तरह युवाओं को छलने का काम किया गया भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो युवा को सम्मान देने का कार्य करती है। मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा जब-जब युवा ने अंगड़ाई लिया है तब तक सत्ता का परिवर्तन हुआ है। मंत्री मिथलेश ठाकुर के द्वारा युवाओं को बरगलाने का काम किया गया। आज युवा जाग चुके हैं और उनके झांसे में आने वाले नहीं हैं। नगर परिषद क्षेत्र में प्रचंड बहुमत से भाजपा का विजय होगा।

शामिल होने वाले राजा केसरी आदर्श केसरी युवराज सिंह उमंग कुमार आरिफ खान आर्यन सिंह रोशन कुमार अनुराग सिंह रमेश कुमार सुमित कुमार अनिल कुमार मुकेश कुमार रमेश कुमार अन्य साथी उपस्थित थे।

### काली पूजा 31 को , रांची में बन रहे कई आकर्षक पंडाल

**रांची :** रांची में दुर्गा पूजा के बाद काली पूजा की तैयारियां जोर शोर से शुरू हो चुकी है। जगह-जगह भव्य पंडाल बनाए जा रहे हैं। 31 अक्टूबर को मां काली की पूजा की जाएगी। कचहरी रोड में श्री महाकाली पूजा समिति के सौजन्य से भव्य काल्पनिक मंदिर का प्रारूप बनाया जा रहा है। यह पंडाल 40 फीट चौड़ा, 40 फीट लंबा और 60 फीट ऊंचा होगा। रांची के ही 20 से ज्यादा कारीगर पंडाल का निर्माण करेंगे। एक से दो दिन में पंडाल निर्माण का कार्य शुरू हो जाएगा। समिति के अध्यक्ष विनय सिंह ने शनिवार को बताया कि इस वर्ष विद्युत सज्जा अन्य वर्षो की अपेक्षा काफी आकर्षक होगा। आधे किमी तक की लाइटिंग होगी। दो बड़े तोरण द्वार बनाए जाएंगे। 24 स्टैंड लाइट होंगे। मां को चढ़ाए गए खिचड़ी भोग का वितरण रात भर वितरण किया जाएगा। वहीं दूसरी ओर रांची महानगर काली पूजा समिति के अध्यक्ष विनय सिंह ने बताया कि काली पूजा के लिए कई जगहों पर पंडाल बनना शुरू हो गए है।

# महंत राम गोविंद दास की हत्या, चार आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी




**हरिद्वार :** कनखल थाना क्षेत्र में ज्ञानलोक कालोनी स्थित श्रद्धा भक्ति आश्रम के महंत की हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए पुलिस ने चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य की तलाश जारी है। इन आरोपितों ने लाखों की हेराफरी भी कर चुके हैं। हत्या की वजह आश्रम की बेशकीमती सम्पत्ति बनी।एसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल ने रोशनाबाद में घटना का खुलासा करते हुए बताया कि 15 जून को महन्त गोविन्द दास धर्म प्रचार के लिए आश्रम से राजस्थान गए थे और वापस नहीं लौटे। उनके शिष्य रूद्रानन्द ने 17 अक्टूबर को कनखल थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई।उन्होंने बताया कि पूछताछ में कुछ लोगों की भूमिका संदिग्ध लगने पर आश्रम में बैठाए गए नए बाबा रामगोपाल नाथ से कनखल पुलिस द्वारा कई चरणों में पूछताछ की, जिसके बाद पूरी घटना से पर्दा उठा व मुख्य आरोपितों की भूमिका सामने आने पर महंत की हत्या किए जाने का मामला प्रकाश में आया।एसएसपी ने बताया कि घटना का मास्टरमाइंड अशोक ने अपने साथियों ललित, सौरभ व प्रदीप के साथ षड्यंत्र रचा। उन्होंने महंत को रास्ते से हटाकर पूरी की पूरी बेशकीमती संपत्ति पर कब्जा कर मोटा मुनाफा कमाने का प्लान बनाया। प्लान के मुताबिक सबसे पहले आश्रम में लगे सभी सीसीटीवी कैमरे हटाए और मौका देखकर 01 जून 2024 को महंत राम गोविंद दास की नशे के इंजेक्शन लगाकर मूर्छित कर गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद आरोपितों ने कट्टे में रख शव को स्कूटी की मदद से ले जाकर गंगा नदी में फेंक दिया।महंत की हत्या के बाद अशोक 3 जून को अपने किसी परिचित फर्जी बाबा रामगोपाल नाथ को आश्रम की निगरानी के लिए बुला लाया और आश्रम में आने जाने वालों को महंत का धर्म प्रचार हेतु अयोध्या जाना बताया।